✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 23 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 19 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com





बिहार गृह रक्षा वाहिनी के नवनामांकित जवानों के पारण परेड समारोह में सीएम सम्राट चौधरी एवं अन्य






बिहार गृह रक्षा वाहिनी के नवनामांकित जवानों के पारण परेड समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## जनता की सुरक्षा एवं सहायता ही हमारा पहला धर्म : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बदलते समय के साथ कानून व्यवस्था की चुनौतियां भी बदल गई हैं। ऐसे में सुरक्षा बलों को पारंपरिक जिम्मेदारियों के साथ आधुनिक तकनीकों में भी दक्ष होना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए अनुशासन और कौशल को अब मैदान में उतारने का समय आ गया है। जनता की सुरक्षा और सहायता ही हमारा पहला धर्म है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अपराधी चुनौती देते हैं तो कभी-कभी उन्हें जवाब देना भी जरूरी हो जाता है। उन्होंने भरोसा जताया कि बिहार अब तेजी से बदल रहा है और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित बिहार गृह रक्षा वाहिनी के 5,000 नवनामांकित जवानों के पारण परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि यहां तक पहुंचना उनके परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।



उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी जवान अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी ली और जवानों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन तथा प्रशिक्षण कौशल की सराहना की। समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, गृह विभाग और बिहार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार होमगार्ड जवानों के कल्याण और सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार काम कर रही है। जवानों के लिए आधुनिक बैरकों का निर्माण, बेहतर आवासीय सुविधाएं और कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि जवान बिना किसी चिंता के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। बिहार पुलिस की सहयोगी शक्ति मानी जाने वाली गृह रक्षा वाहिनी को अब 5,000 नए प्रशिक्षित जवानों का बल मिला है। इससे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। पारण परेड की विशेषता यह रही कि बड़ी संख्या में महिला गृह रक्षक जवानों ने भी इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने अपने अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रशिक्षण क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह के अंत में सभी 5,000 जवानों ने देश और राज्य की सेवा के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ शपथ ली। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जवानों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ऑटो-बाइक की टक्कर में दंपति समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क हादसे में दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना सिंघियाघाट-हरिचक पथ पर खोकसाहा और खदियाही चौक के बीच नामचीन बसेरा बड़ चौराहे के पास हुई जहां एक ऑटो और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए थे। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को विभूतिपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने विभूतिपुर वार्ड संख्या-5 निवासी स्वर्गीय बंकुल महतो के पुत्र राज कुमार महतो (55) और उनकी पत्नी संयोगिता देवी (45) को मृत घोषित कर दिया। वहीं खानपुर थाना क्षेत्र के आमसौर वार्ड संख्या-2 निवासी गोगनी सहनी उर्फ गुजय सहनी के पुत्र हरेराम सहनी (59) की इलाज के दौरान मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य




केंद्र में ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. तुषांत ने बताया कि आमसौर निवासी अरुण सहनी की पत्नी गीता देवी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों में पवित्री देवी, फूल शंकर देवी, तेतरी देवी, सुधा देवी, अमेरिका देवी, सीता देवी और ममता देवी शामिल हैं जिनका इलाज विभूतिपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

## सत्यदर्शी संजय बने बिहार के नए महाधिवक्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को नया महाधिवक्ता मिल गया है। सीनियर एडवोकेट सत्यदर्शी संजय (एसडी संजय) को यह जिम्मेदारी सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने सौंपी है। प्रशांत कुमार शाही के इस्तीफा देने के बाद खाली हुए पद पर एसडी संजय को मौका दिया गया है। राज्यपाल के आदेश से सरकार के सचिव बलराम दूबे की ओर से विधि विभाग ने गुरुवार को इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सरकर की ओर से कहा गया है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 165 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल ने एसडी संजय को नियुक्त किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय से 1984 में एलएलबी की पढ़ाई पूरी कर पटना हाईकोर्ट में वकालत करने वाले एसडी संजय जाने-माने वकीलों में से एक हैं। पटना हाईकोर्ट ने उन्हें 2013 में सीनियर एडवोकेट का दर्ज़ा दिया था। इतना ही नहीं वह बिहार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। 2024 में केंद्र सरकार ने एसडी संजय को केंद्र सरकार का अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया था। बता दें कि चार दिन पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी प्रशांत कुमार शाही उर्फ पीके शाही ने इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने खुद महाधिवक्ता पद का त्याग करते हुए इस्तीफा दिया। पिछले कई वर्षों से वह लगातार बिहार सरकार का पक्ष कोर्ट में रख रहे थे। इससे पहले भी वह 2005 से 2010 तक बिहार सरकार के महाधिवक्ता रह चुके थे।

## ठोरा नदी में डूबने से तीन किशोरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के सरसती गांव के पास ठोरा नदी में नहाने गए 4 दोस्तों में से 3 किशोरों की डूबने से मौत हो गई। गुरुवार को किशोर परिजनों को बिना बताए गांव के पास स्थित नदी में नहाने गए थे। बताया जा रहा है कि नहाते समय तीनों किशोर पानी में वीडियो बनाने के चक्कर में गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना के समय उनके साथ मौजूद चौथा दोस्त कल्याण शर्मा नदी किनारे ही था। उसने बताया कि उसके दोस्त हाथ पकड़कर नहा रहे थे और वीडियो बनाने को कहा था। मोबाइल लेते ही वे गहरे पानी में चले गए। कल्याण को तैरना नहीं आता था इसलिए वह मदद नहीं कर सका। उसने तुरंत गांव जाकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही गांव के लोग और परिजन नदी किनारे पहुंचे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीनों किशोरों को पानी से बाहर निकाला गया। उन्हें तुरंत बक्सर सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सरसती डेरा निवासी शमर कुमार शर्मा (13), कृष्णा कुमार राम (15) और धर्मवीर कुमार (14) के रूप में हुई है। इटाढी के थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि सभी बच्चे नदी में नहाने गए थे। तीनों का शव बरामद कर लिया गया है।

## तालाब में डूबने से दो भाइयों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र के ढेढुआं गांव में गुरुवार को एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां गांव के ही एक तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की असमय मौत हो गई। मृतकों की पहचान बबलू अंसारी के 5 वर्षीय पुत्र जीशान अली और 7 वर्षीय पुत्र रिजवान अली के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के संबंध में भरारी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष ददन सिंह ने बताया कि बच्चों के परिजन खेत में धान का बिचड़ा डालने गए थे। दोनों मासूम बच्चे भी उनके साथ वहीं पास में खेल रहे थे। इसी दौरान दोनों भाई खेलते-खेलते पास के तालाब में नहाने चले गए। तालाब गहरा होने के कारण दोनों बच्चे पानी में डूबने लगे। जब तक आसपास के लोगों की नजर पड़ी और उन्हें बाहर निकाला गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। परिजन आनन-फानन में दोनों बच्चों को इलाज के लिए पहले चकिया स्थित एक निजी क्लिनिक में ले गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी उम्मीद न खोते हुए परिजन उन्हें चैनपुर सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने उन्हें मृत देख लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेजा। इस बीच पीड़ित परिवार ने अस्पताल प्रबंधन पर पोस्टमार्टम के नाम पर प्रति शव दो हजार रुपये की अवैध मांग करने का भी गंभीर आरोप लगाया है।

## आज से महंगा हो जायेगा जमीन खरीदना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने प्राक्कलित न्यूनतम मूल्यमें बड़ा बदलाव करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में 1.6 गुना और शहरी क्षेत्रों में दोगुना तक वृद्धि का फैसला किया है। इस निर्णय से भूमि अधिग्रहण की स्थिति में किसानों को अधिक मुआवजा मिलेगा, वहीं महिलाओं को संपत्ति के निबंधन पर अतिरिक्त रियायत का लाभ मिलेगा। एमवीआर का पुनर्निर्धारण किया गया है। किसानों को अब ज्यादा मुआवजा एवं महिलाओं को भूमि / संपत्ति के निबंधन में अतिरिक्त रियायत दी गयी है। प्राक्कलित न्यूनतम मूल्य की मार्गदर्शक पंजी (एमवीआर) ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वर्ष 2013 में तथा शहरी क्षेत्रों के लिए वर्ष 2016 में पुनरीक्षित की गई है। उसके बाद से एमवीआर में पुनरीक्षण नहीं हुआ है,जबकि वर्तमान में प्रभावी प्राक्कलित न्यूनतम मूल्य की मार्गदर्शक पंजी की तुलना में बाजार दर में काफी वृद्धि हुई है। इसको ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के लिए वर्तमान एमवीआर का 1.6 गुना एवं शहरी व पेरिफ़ेरल क्षेत्र के लिए वर्तमान एमवीआर का 2 गुना की वृद्धि तत्काल प्रभाव से की गयी है। इसके साथ ही प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एमवीआर में स्वतः 5% की वृद्धि का प्रावधान किया गया है तथा प्रत्येक तीन वर्षों पर विभाग द्वारा वृहत पुनरीक्षण किया जायेगा, जिसमें नयी सड़कों, नये औद्योगिक क्षेत्र, नये शहरी क्षेत्र के विस्तार एवं राज्य में विकास परियोजनाओं यथा हवाई अड्डा, रेलवे, औद्योगिक पार्क, सिंचाई परियोजनाएं आदि कारकों को विशेष कर ध्यान में रखा जायेगा। उक्त के आलोक में प्राक्कलित न्यूनतम मूल्य की मार्गदर्शक पंजी के पुनरीक्षण हेतु नियमावली में संशोधन किया गया है।

## पुलिस एनकाउंटर पर बवाल, थानाध्यक्ष-एएसआइ निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर में पुलिस पर पिस्टल तानने और फायरिंग करने के आरोपी भरत तिवारी का बुधवार को पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई। पुलिस की इस एक्शन पर सवाल उठ रहे हैं। भरत के गांव वालों का कहना है कि सरेंडर करने के बावजूद पुलिस ने उसे चार गोलियां मारीं। इस घटना को लेकर गुस्साए लोगों ने गुरुवार को भरत तिवारी का शव आरा-बक्सर फोरलेन पर रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की वजह से हाइवे करीब छह घंटे जाम रहा। सड़क से जाम हटाने पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोगों के घायल होने की भी सूचना है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि भरत कोई अपराधी नहीं था। उसने हथियार फेंककर सरेंडर कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसे गोलियां क्यों मारीं। गोली चलानी भी थी तो घुटने के नीचे मारनी चाहिए थी लेकिन उसके जांघ के ऊपर गोली मारी गई। प्रदर्शन खत्म होने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार के लिए शव को महुली घाट ले गया। बड़े भाई बसंत तिवारी ने मुखाग्नि दी। शाहाबाद डीआईजी डॉ. सत्यप्रकाश ने एनकाउंटर मामले में शाहपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार मलाकार, एएसआइ और एक सिपाही को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई भोजपुर एसपी राज की अनुशंसा पर की गई है। एसपी ने अपने रिपोर्ट में बताया है कि थानाध्यक्ष की लापरवाही की वजह से युवक को काबू में नहीं किया गया। इसके कारण युवक ने पिस्टल निकालकर लगातार पुलिसकर्मियों को धमका रहा था।

## एक करोड़ रोजगार और सरकारी नौकरियों की दिशा में तेजी से बढ़ रही सरकार : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना ग्रामीण के नौबतपुर स्थित पिपलावा में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने सुशासन, सेवा, विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि यह समय विकसित भारत और समृद्ध बिहार के निर्माण हेतु अपने संकल्प को और अधिक मजबूत करने का है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जब देश में लोकतंत्र पर संकट आया था तब जनसंघ और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया था। आज भी भाजपा राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद देश ने अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए जिनमें जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति प्रमुख है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों की चिंता करने वाला कोई नहीं था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, किसान, महिला और युवाओं को विकास की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज देश में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। डिजिटल तकनीक और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) व्यवस्था के माध्यम से सरकारी सहायता बिना किसी बिचौलिए और भ्रष्टाचार के सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक सम्मान बढ़ा है और देश विश्व मंच पर एक प्रभावशाली शक्ति के रूप में उभरा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, गरीब कल्याण योजनाओं का विस्तार, किसानों के लिए सम्मान निधि, महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करना मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धियां हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के किसानों को आधुनिक तकनीक, सिंचाई सुविधाओं और विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में छोटे और सीमांत किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। युवाओं के विषय में उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का व्यापक विस्तार कर रही है। एक करोड़ रोजगार और सरकारी नौकरियों की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम

## संक्षिप्त समाचार

### 21 जून को जयपुर-दरभंगा नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे रेल मंत्री

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के रेल यात्रियों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 जून 2026 को जयपुर (खातीपुरा)-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह नई रेल सेवा सप्ताह में छह दिन संचालित होगी और राजस्थान तथा बिहार के बीच संपर्क को मजबूत बनाएगी। रेलवे के अनुसार नई ट्रेन रोजगार, शिक्षा, व्यापार और पारिवारिक कारणों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित होगी।

### डकैती मामले में नेपाली नागरिक को सश्रम कारावास

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिम चंपारण की अदालत ने करीब 14 वर्ष बाद बहुचर्चित डकैती और बमबाजी मामले में अपना फैसला सुनाया है। नेपाल के नागरिक रमेश यादव को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। हालांकि मामले का सबसे महत्वपूर्ण और दिलचस्प पहलू यह है कि आरोपी वर्ष 2013 से जेल में बंद है और अब तक लगभग 13 वर्ष कारावास में बिता चुका है। अदालत के फैसले के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी होने पर आरोपी की रिहाई की संभावना को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

### जांच टीम पर हमला करने वालों पर लगेगा सीसीए

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने अवैध बालू और पत्थर खनन के खिलाफ कार्रवाई करने वाले अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है। अब जांच टीम पर हमला करने, मारपीट करने या सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले लोगों के खिलाफ बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम (सीसीए) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार के नए निर्देशों के अनुसार खनिज विकास पदाधिकारी और सहायक निदेशक ऐसे मामलों में सीसीए लगाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज सकेंगे।

### भ्रष्ट कार्यपालक अभियंता की करोड़ों की संपत्ति होगी जब्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में पथ निर्माण विभाग के भ्रष्ट कार्यपालक अभियंता अवधेश कुमार सिंह की करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति जब्त करने का आदेश जारी किया गया है। विजिलेंस कोर्ट ने पटना के जिलाधिकारी को इस मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार 2010 में दिल्ली के लाजपत नगर स्थित विक्रम होटल में 2.5 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने इंजीनियर अवधेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई की सूचना पर उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया।

### नगर निकायों के सफाई कर्मी 30 जुलाई से हड़ताल पर रहेंगे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के नगर निगम सफाई कर्मी 30 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। उनकी मांगों में दैनिक कर्मियों को नियमित करना और आउटसोर्स व्यवस्था समाप्त करना शामिल है। सभी नगर निकायों में प्रदर्शनर्श के बाद हड़ताल की सूचना सरकार को भेजी जाएगी। यह निर्णय बिहार लोकल बॉडीज एम्प्लॉयज फ़ेडरेशन संयुक्त संघर्ष मोर्चा और बिहार राज्य स्थानीय कर्मचारी महासंघ के संयुक्त बैठक में लिया गया।

C M Y K

# बिहार में 627 करोड़ के निवेश को मंजूरी

## 300 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग के अंतर्गत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) की परियोजना समाशोधन समिति की बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 30 औद्योगिक परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते हुए उनकी स्थापना के लिए 26.59 एकड़ भूमि आवंटित की गई। स्वीकृत परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में लगभग 627.83 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा जिससे 3,329 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। यह निवेश बिहार के औद्योगिक विकास को नई गति देने के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। प्रस्तावित इकाइयों की स्थापना सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र, मरंगा औद्योगिक विकास केंद्र, डुमरिया औद्योगिक क्षेत्र, हाजीपुर निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क, बिहटा औद्योगिक पार्क तथा मुजफ्फरपुर औद्योगिक क्षेत्र सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में की जाएगी। समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाएं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, औषधि निर्माण तथा सामान्य विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं से राज्य के औद्योगिक आधार को और मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में क्रिएटिव गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, मिल्कवेल डेयरी प्राइवेट लिमिटेड, कॉस्मोजिंग फूडलैब्स प्राइवेट लिमिटेड, एमवीएस पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड तथा निश्चय पॉलीफैब्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से बिहार में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास : श्रेयसी सिंह



बिहार में लगातार बढ़ रहा निवेश राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों, बेहतर आधारभूत संरचना और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का परिणाम है। इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे। राज्य सरकार निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराकर बिहार को देश के अग्रणी औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### राज्य सरकार संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध : कुंदन कुमार

राज्य सरकार संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बियाडा के माध्यम से निवेशकों को पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के तहत औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही बेहतर संपर्क व्यवस्था, सुदृढ़ आधारभूत संरचना, सरल प्रक्रियाओं और नीतिगत सहयोग के जरिए निवेश के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

## फिजिकल एआई के नए युग को गति दे रहा एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने फिजिकल एआई के युग के लिए अपने रोबोटिक्स विजन पर प्रकाश डाला है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स फिजिकल एआई के नए युग को गति दे रहा है। कंपनी अपने एलजी क्लोइड रोबोट के माध्यम से इस तकनीक को फैक्ट्रियों से निकालकर घरों, मोबिलिटी समाधानों, कमर्शियल स्पेस और औद्योगिक वातावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में विस्तारित कर रही है। विविध परिवेशों की गहन समझ, अत्याधुनिक रोबोटिक्स तकनीकों और एक मजबूत फिजिकल एआई इकोसिस्टम के बल पर एलजी वैश्विक रोबोटिक्स बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है। रोबोटिक्स में अपने दशकों के अनुभव और फिजिकल एआई इकोसिस्टम का लाभ उठाते हुए एलजी जीरो लेबर होम नामक एक विजन पर काम कर रहा है।

## महाधिवक्ता नियुक्त होने पर एस. डी. संजय को डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यदर्शी संजय (एस. डी. संजय) को बिहार का नया महाधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्यपाल द्वारा की गई यह नियुक्ति सत्यदर्शी संजय की उत्कृष्ट विधिक समझ, निष्ठा और न्याय के प्रति उनके दीर्घकालिक समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में देश के सर्वोच्च न्यायालय में दी गई उनकी सेवाएं तथा पटना उच्च न्यायालय में उनका लंबा और समृद्ध पेशेवर अनुभव इस गरिमामयी पद की प्रतिष्ठा को और बढ़ाएगा। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि सत्यदर्शी संजय के नीतिगत और विधिक मार्गदर्शन में बिहार सरकार के विधिक मामलों को नई दिशा मिलेगी तथा न्यायिक क्षेत्र में राज्य का पक्ष पूरी मजबूती, दक्षता और पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधि एवं न्याय के क्षेत्र में सत्यदर्शी संजय का अनुभव राज्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। डॉ. प्रेम कुमार ने उनके सफल, यशस्वी और लोककल्याणकारी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विभूति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की 139 वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह का जीवन सादगी, ईमानदारी, त्याग और जनसेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ बिहार के विकास और सुशासन की मजबूत नींव रखी। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राजेश राम ने कहा कि आज जब देश और समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह के विचार और आदर्श पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सेवा के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह प्रभारी सुशील पासी, पूर्व विधायक प्रमोद कुमार सिंह, वैद्यनाथ शर्मा, मिन्नत रहमानी, मनोज शर्मा, डा. अमन कुमार प्रेमचन्द सिंह, गरीब दास, मृणाल अनामय, राहुल भारद्वाज, निशांत करपटने, राजीव कुमार गुप्ता, संजय कुमार सिंह सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## पदाधिकारियों के लिए नियमों का ज्ञान बेहद जरूरी : अपर मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी सेवक के खिलाफ की जाने वाली अनुशासनिक कार्रवाई अर्धन्यायिक होती है। यानी विभागीय जांच के दौरान करीब 90 फीसदी उन्हीं बातों का पालन किया जाता है जो न्यायालयों में कार्रवाई के दौरान होती है। इसलिए बिहार सरकारी सेवा में अपनी सेवा देने वाले सभी स्तर के पदाधिकारियों को नियमों की जानकारी होना आवश्यक है। ताकि किसी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के संचालन में किसी तरह की त्रुटि नहीं हो। यह बातें गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की तरफ से आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने कही। वह गुरुवार को दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान के सभागार में बिहार के सभी जिलों के कृषि पदाधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि निदेशालय का काम अनुशासनिक कार्रवाई की निगरानी या पर्यवेक्षण करना है। साथ ही आवश्यकता अनुसार लोगों को बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील (सीसीए) नियमावली 2005 के अनुप्रयोग संबंधी प्रशिक्षण देना है, ताकि सरकारी सेवक के खिलाफ की जाने वाली अनुशासनिक कार्यवाही या कार्रवाई की प्रक्रिया विशुद्ध रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुशासनिक कार्रवाई संबंधी अधिकांश मामले प्रक्रियात्मक त्रुटि की वजह से न्यायालय से खारिज हो जाते हैं। कुछ मामले इसलिए खारिज होते हैं कि सरकारी सेवक पर लगे आरोप के आलोक में दोष सिद्ध होने पर दिया गया दंड गैर अनुपातिक या असंगत होता है। उन्होंने इससे बचने के लिए सीसीए रूल के अध्ययन पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षक सतीश तिवारी ने सरकारी सेवक के व्यक्तिगत आचरण के संदर्भ में कदाचार के निर्धारण आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीसीए रूल 17 के तहत जांच अधिकारी जिस आरोप पर जांच की अलग-अलग प्रक्रिया से गुजरते हैं उसे अनुशासनिक कार्यवाही और जांच पूरी होने के बाद जो अंतिम दंड दिया जाता है, उसे अनुशासनिक कार्रवाई कहते हैं। उन्होंने साफ कहा कि सरकारी सेवक पर लगे आरोप के आलोक में की जाने वाली अनुशासनिक कार्रवाई में जरूरी नहीं कि अनुशासनिक कार्यवाही हो ही।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने राष्ट्रपति के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय, यशस्वी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। अपने शुभकामना संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू का जीवन संघर्ष, सादगी, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने सार्वजनिक जीवन में समाज के वंचित, कमजोर और उपेक्षित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है। महिलाओं के सशक्तीकरण तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू का व्यक्तित्व और कार्यशैली देश के करोड़ों नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी और महिलाओं को उनके जीवन संघर्ष, दृढ़ संकल्प और सामाजिक प्रतिबद्धता से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति के मार्गदर्शन में देश लोकतांत्रिक मूल्यों और समावेशी विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

## जड़ों से जुड़ रहा हिंदुस्तान, यही है नए भारत की पहचान : संजय सरावगी

### भारत की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन में बने नए कीर्तिमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों, विरासत और आस्था को भी नई पहचान और गौरव प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि 'जड़ों से जुड़ रहा हिंदुस्तान, यही है नए भारत की पहचान' का संकल्प आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। आज अयोध्या राम मंदिर से लेकर काशी विश्वनाथ धाम, केदारनाथ मंदिर से लेकर महाकुंभ 2025 तक देश अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सहेजते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ मजबूती से खड़ा है और देश में 44 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हमारी समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश की धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इस अवधि में लगभग 12 लाख पुरावशेषों का डिजिटल संरक्षण किया गया है जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रसाद योजना के अंतर्गत लगभग 1700 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से 11 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित किए गए हैं। वहीं विदेशों में पहुंच चुकी भारत की अमूल्य धरोहरों को वापस लाने के प्रयासों के तहत 668 पुरावशेष एवं मूर्तियां भारत को वापस प्राप्त हुई हैं जो राष्ट्रीय गौरव का विषय है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं सीएम सम्राट चौधरी लोको मोटिव फैक्टरी से गिनी गणराज्य को 51वें रेल इंजन को करेंगे रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोरखपुर/हाजीपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 19 को छपरा जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में छपरा-दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनस)-छपरा एक्सप्रेस तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 65121/65122 दोहरीघाट-औंड़िहार-दोहरीघाट ट्रेन सेवा का वाराणसी सिटी तक मार्ग विस्तार, मऊ-दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनस)-मऊ एक्सप्रेस तथा का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर करेंगे। छपरा जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद, सारण राजीव प्रताप रूडी, सांसद, महाराजगंज जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सदस्य विधान परिषद वीरेन्द्र नारायण यादव, सदस्य विधान परिषद आफाक अहमद, सदस्य विधान परिषद सच्चिदानंद राय, विधायक छोटी कुमारी तथा मऊ जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार अरविन्द कुमार शर्मा, सांसद, घोसी राजीव राय की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। इसके अतिरिक्त 19 जून को बिहार के मढ़ौरा लोको प्लांट में आयोजित एक समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस लोको मोटिव फैक्टरी से गिनी गणराज्य को निर्यात होने वाले 51वें रेल इंजन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर छपरा जं. स्टेशन पर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर, महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे छत्रसाल सिंह, मंडल रेल प्रबन्धक, वाराणसी तथा मऊ जं. स्टेशन पर अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ रेल अधिकारी तथा क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में उमड़ी विद्यार्थियों की उम्मीदें, जिला कौशल प्रबंधक ने दिया सकारात्मक आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण प्रारंभ होने की प्रतीक्षा कर रहे विद्यार्थियों की उम्मीदों को उस समय नई ऊर्जा मिली जब जिला कौशल प्रबंधक ने जन्दाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की शैक्षणिक एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और सभी व्यवस्थाओं को संतोषजनक एवं प्रशिक्षण संचालन के लिए उपयुक्त पाया। निरीक्षण के अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने जिला कौशल प्रबंधक से जल्द से जल्द प्रशिक्षण प्रारंभ कराने की मांग की। विद्यार्थियों की उत्सुकता और उत्साह को देखते हुए जिला कौशल प्रबंधक ने उन्हें आश्वस्त किया कि विभागीय प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और बहुत जल्द प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा जिससे नामांकित युवाओं को कौशल विकास का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान केंद्र संचालक डॉ. आनंद रंजन झा के साथ केंद्र के कर्मचारी एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। डॉ. झा ने बताया कि केंद्र पर नामांकन क्षमता के अनुरूप विद्यार्थियों का नामांकन पहले ही किया जा चुका है तथा अधिकांश छात्रों का डी.आर.सी.सी सत्यापन भी पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि केवल वे विद्यार्थी प्रतीक्षारत हैं जिन्होंने वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा दी है। उनका डेटा अभी तक संबंधित पोर्टल पर सिंक्रोनाइज नहीं होने के कारण डी.आर.सी.सी सत्यापन लंबित है। जैसे ही यह तकनीकी समस्या दूर होगी, उनका सत्यापन भी पूर्ण हो जाएगा।

## आरएसपीएल ग्रुप ने लॉन्च किया घड़ी रैपिड वॉश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आरएसपीएल ग्रुप ने अपने डिटर्जेंट ब्रांड घड़ी के तहत नया लिक्विड डिटर्जेंट घड़ी रैपिड वॉश लॉन्च किया है। यह उत्पाद रोजमर्रा की बाल्टी में कपड़े धोने की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और पारंपरिक डिटर्जेंट की सफाई क्षमता को लिक्विड डिटर्जेंट की सुविधा के साथ जोड़ता है। रैपिड रिलीज टेक्नोलॉजी से युक्त घड़ी रैपिड वॉश पानी में तेजी से घुलकर कपड़ों के रेशों तक पहुंचता है और कम रगड़ाई में दाग हटाने में मदद करता है। कंपनी के अनुसार इसका उद्देश्य लाखों भारतीय परिवारों के कपड़े धोने के अनुभव को बेहतर बनाना है। आरएसपीएल ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा कि घड़ी रैपिड वॉश उपभोक्ताओं को घड़ी की विश्वसनीय सफाई क्षमता के साथ आधुनिक लिक्विड डिटर्जेंट की सुविधा किफायती कीमत पर उपलब्ध कराता है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू होगा जनांदोलन : मंत्री

### पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश से मिले हेस्को संस्थापक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की आधारभूत इकाइयां हैं। इनके माध्यम से जल संरक्षण, हरित आवरण के विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक खेती तथा स्थानीय संसाधनों के संरक्षण जैसे विषयों को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है। उक्त बातें पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा पंचायतों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित महत्वपूर्ण चर्चा में कहीं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जाने वाले स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने, ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने तथा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने पर बल दिया। चर्चा में हिमालयी पर्यावरण अध्यन और संरक्षण संगठन (हेस्को) के संस्थापक एवं प्रख्यात पर्यावरणविद् डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टीएन सिंह तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भागलपुर के निदेशक प्रो. मधुसूदन सिंह शामिल हुए।

**पंचायतों से ग्रामीण आजीविका को मिलेगी नई दिशा**

इस दौरान पंचायतों में जनभागीदारी को सुदृढ़ बनाते हुए सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा पर्यावरण-अनुकूल विकास मॉडल को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही स्थानीय उत्पादन को बाजार से जोड़ने, मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने तथा प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधनों की कम्युनिटी ओनरशिप पर भी विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका और स्थानीय आर्थिक विकास को नई दिशा मिल सकती है। विभागीय सचिव मनोज कुमार ने राज्य सरकार की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए संचालित 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान सहित अन्य सरकारी पहलों का उल्लेख किया। कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण, हरित क्षेत्र विस्तार तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए व्यय की गति में लाएं तेजी : सचिव

### जल संसाधन सचिव ने की विभागीय बजट और व्यय को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जल संसाधन विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा कराने और बजट को लेकर विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में जितनी योजनाएं संचालित है उसे निर्धारित समय से पूरा कराया जाए। सचिव ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यय की गति में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को शीघ्र आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बरसात से पहले पूर्ण होने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी ली और कई अति आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अभियंता प्रमुख (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) वरुण कुमार, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) ब्रजेश मोहन सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्तर के व्यापारियों और निर्यातकों से किसानों के जोड़ने का अवसर बनेगा आम महोत्सव : मंत्री

### राज्य में प्रतिवर्ष लगभग 15.84 लाख मीट्रिक टन आम का होता है उत्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना परिसर में शुक्रवार (19 जून) से तीन दिवसीय आम महोत्सव की शुरुआत हो रही है जो कि 21 जून तक चलेगा। बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बिहार की सुगंधित मिट्टी में उपजे फलों के राजा आम को समर्पित लोकप्रिय 'आम महोत्सव 2026' का आयोजन कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य किसानों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, व्यापारियों तथा निर्यातकों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि बागवानी क्षेत्र में नवीन तकनीकों के उपयोग, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन एवं निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके। यह महोत्सव किसानों को सीधे राष्ट्रीय स्तर के बड़े व्यापारियों एवं निर्यातकों से जोड़ने का अवसर बनेगा। इससे किसानों को बेहतर बाजार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार देश के प्रमुख आम उत्पादक राज्यों में शामिल है। राज्य में लगभग 1.64 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की खेती होती है तथा प्रतिवर्ष लगभग 15.84 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन किया जाता है। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट आम प्रजातियां अपनी अलग पहचान रखती हैं जिनमें भागलपुर का जर्दालु, पटना का दीघा मालदह, मधुबनी का कृष्णभोग, सुपौल का गुलाबखास, सीतामढ़ी का बम्बइया, बक्सर का चौसा, मुंगेर का चुरसा मालदह, दरभंगा का कलकतिया तथा पश्चिमी चंपारण का जर्दा प्रमुख है। आम महोत्सव में आधुनिक तकनीकों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। आम के कीट एवं रोगों की पहचान के लिए प्लांटिक्स ऐप का लाइव डेमो प्रस्तुत किया जाएगा जिससे किसानों को समय पर निदान एवं समाधान की जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही महोत्सव में आईओटी आधारित स्वचालित बागवानी तकनीकों तथा एआर या वीआर तकनीक के माध्यम से आम के बगीचों का संवेदनशील एवं वास्तविक अनुभव प्रदर्शित किया जाएगा जिसमें सुगंध, दृश्य और वातावरण का अनूठा समावेश होगा।

## आइजीआइएमएस में एआई आधारित रॉबोटिक्स थेरेपी मरीजों के लिए बना वरदान : निशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को अत्याधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इसी कड़ी में पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में 4 महीने पहले शुरू की गई एआई आधारित रोबोटिक्स फिजियोथेरेपी सेवा स्पाइन, स्ट्रोक और पैरालाइसिस से पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। ज्ञातव्य है कि इस मशीन को 60 लाख रुपये की लागत से आइजीआइएमएस में स्थापित किया गया है, इस अत्याधुनिक रोबोटिक्स मशीन के माध्यम से मरीजों को आधुनिक फिजियोथेरेपी उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस तकनीक से मरीजों की रिकवरी पहले की तुलना में अधिक तेज और प्रभावी ढंग से हो रही है। यह विशेष रूप से लकवा, पैरालाइसिस, स्ट्रोक तथा रीढ़ की गंभीर चोट से पीड़ित मरीजों के उपचार में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। पूर्व में फिजियोथेरेपी तकनीक की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के लिए मरीजों को राज्य से बाहर दिल्ली, मुंबई, चेन्नई या वेल्लोर जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता था जिससे आर्थिक रूप से कमजोर और मीडिल क्लास परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता था। अब यह सुविधा बिहार में ही उपलब्ध होने से मरीजों को किफायती दर पर बेहतर इलाज मिल रहा है। पिछले चार महीनों के दौरान 500 से अधिक मरीजों ने रोबोटिक्स फिजियोथेरेपी से लाभ उठाया है और कई मरीज सामान्य जीवन की ओर लौटने में सफल हुए हैं।

## गयाजी की खाली पहाड़ियों को मिलेगा इको टूरिज्म का नया रूप, पर्यटन विभाग ने तैयार किया एक्शन प्लान

### सीड ब्लॉक तकनीक के जरिए लगेंगे एक लाख से अधिक पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बौद्ध और हिंदू तीर्थ स्थल के रूप में विश्व प्रसिद्ध गयाजी की सुनी या खाली पड़ी बंजर पड़ी पहाड़ियों को अब इको-टूरिज्म सेंटर्स के रूप में विकसित करने की बड़ी पहल की जा रही है। पर्यटन विभाग ने इसका विस्तृत एक्शन प्लान तैयार कर लिया है जिसके तहत इन पहाड़ियों पर हरियाली बढ़ाने और पर्यटन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के अनुसार ढुंगेश्वरी, ब्रह्मयोनि, प्रेतशिला, रामशिला, गुरूपा और बराबर जैसी पहाड़ियों पर सिड ब्लॉक तकनीक का उपयोग करते हुए एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। यह पौधे वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से लगाई जाएगी। सिड ब्लॉक तकनीक बंजर भूमि पर तेजी से हरियाली विकसित करने में प्रभावी साबित होती है जिससे मिट्टी का कटाव रुकेगा, जैव विविधता बढ़ेगी और स्थानीय जलवायु सुधरेगी। गया-बोधगया क्षेत्र धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। महाबोधि मंदिर (यूनेस्को विश्व धरोहर) के अलावा ये पहाड़ियां ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है। इन स्थलों पर ट्रैकिंग, ध्यान और प्रकृति प्रेमियों का आगमन बढ़ रहा है। इसके अलावा कैमूर के माता मुंडेश्वरी धाम में इको टूरिजम विकसित करने की योजना है। साथ ही कई अन्य स्थानों का चयन किया जा रहा है। राज्य सरकार इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पूरे प्रदेश में 24 से अधिक स्थलों को विकसित कर रही है। इनमें वन्यजीव अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान, झीलें, जलप्रपात और पहाड़ियां शामिल हैं। बिहार का एकमात्र टाइगर रिजर्व (पश्चिम चंपारण)। तराई वनों, बाघों, हाथियों और विविध वन्यजीवों का घर। नेपाल सीमा से सटा यह इको-टूरिज्म का सबसे बड़ा आकर्षण है।

रोहतास-कैमूर क्षेत्र में स्थित जंगलों, झरनों और ट्रेकिंग ट्रेल्स के लिए प्रसिद्ध। दूसरे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित हो रहा है। प्राकृतिक स्रोतों, जंगलों और वन्यजीवों से भरपूर। वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श। गंगा नदी में गंगा डॉल्फिन देखने के लिए प्रसिद्ध। नाव यात्रा का अनोखा अनुभव। एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झीलों में से एक।

# डीएम ने समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा गुरुवार को दैनिक साक्षात्कार के क्रम में कुल आठ आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी को सौंपे। साक्षात्कार के क्रम में बेबी देवी ग्राम तेन्दुआ, पोस्ट-वराढ़ी, वीरेंद्र राय ग्राम-पकड़ी तथा पूर्व जिला परिषद सदस्य कोचस डॉ. मुन्ना कुमार पासवान द्वारा दिए गए आवेदन पत्रों को संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को भेजा गया। वहीं, सासाराम नगर निगम के वार्ड संख्या-16 के निवासियों द्वारा दिए गए आवेदन पत्र को नगर आयुक्त सासाराम को अग्रसारित किया गया। शिवसागर के आलमपुर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा से संबंधित कमलेश पाण्डेय के आवेदन को कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम को भेजा गया। चेनारी निवासी कौशल कुमार गुप्ता के आवेदन पत्र को अपर समाहर्ता रोहतास को भेजा गया। इसके अलावा हरि प्रसाद राम, अरुण राम एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा तोरनी मौजा में बिहार सरकार की भूमि को निजी भूमि में मिलाए जाने संबंधी शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। आशा कार्यकर्ताओं के फैसिलिटेशन सेंटर द्वारा दिए गए आवेदन पत्र को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रोहतास को अविलंब जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु भेजा गया। जिलाधिकारी ने शेष प्राप्त आवेदन पत्रों के भी त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## सहयोग शिविर में दिव्यांग महिला को मिली बैट्री चालित ट्राइसाइकिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिला प्रशासन, रोहतास को सूचना प्राप्त हुई कि प्रखण्ड नोखा अंतर्गत पंचायत बरांव निवासी 30 वर्षीय दिव्यांग महिला भारती कुमारी को अब तक बैट्री चालित ट्राईसाइकिल योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ था। मामले की जानकारी मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी, रोहतास ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में पंचायत स्तरीय कर्मियों द्वारा लाभार्थी की पहचान कर आवश्यक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। तत्पश्चात प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नोखा के प्रयास से गुरुवार को नोखा प्रखण्ड में चल रहे सहयोग शिविर में इसका त्वरित निवारण करते हुए भारती कुमारी को बैट्री चालित ट्राईसाईकिल उपलब्ध करा दी गई। बैट्री चालित ट्राईसाईकिल प्राप्त होने पर लाभार्थी एवं उनके परिजनों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह सुविधा उनके आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ अत्मनिर्भरता एवं सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा देगी। लाभार्थी भारती कुमारी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भी लाभ हर महीने 1100 रुपये मिल रहा है। जिला प्रशासन, रोहतास, सासाराम के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा।

## आरपीएफ ने 10.890 लीटर शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन सोन ने स्टेशन परिसर में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10.890 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार निरीक्षक प्रभारी राज किशोर कच्छवाहा के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक हरेराम कुमार, सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार दास, आरक्षी राजीव रंजन कुमार एवं आरक्षी आलोक कुमार सिंह डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर गश्त एवं चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सभी ट्रेनों को सुरक्षित पास कराया जा रहा था। इसी क्रम में प्लेटफार्म संख्या-4 पर गाड़ी संख्या 18612 डाउन के आगमन के बाद टीम की नजर प्लेटफार्म के पूर्वी छोर पर संदिग्ध स्थिति में खड़े एक युवक पर पड़ी। पूछताछ और तलाशी लेने पर उसके पिट्ठू बैग से कुल 10.890 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान ब्रजराज कुमार (21 वर्ष), पिता इंद्रणाल सिंह, निवासी वजीरगंज, थाना-धौगढ़, जिला-रोहतास के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह शराब को बिहार में ऊंचे दामों पर बेचने के उद्देश्य से लेकर आ रहा था। आरपीएफ टीम ने मौके पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा बरामद शराब के साथ आगे की कार्रवाई के लिए उसे राजकीय रेल थाना, डिहरी ऑन सोन के सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## विधायक सोनू सिंह जैसा पुत्र ईश्वर सभी को दे : अमित कुमार पटेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** इंजीनियर ललन सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह समाप्त होने के उपरांत भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पुत्र हर किसी को नहीं मिलते। उन्होंने कहा कि विधायक सोनू सिंह अपने पिता की स्मृतियों और आदर्शों को समाजहित के कार्यों के माध्यम से जीवंत बनाए हुए हैं। समारोह के समाप्त होने के बाद उनके आवास पर भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने विधायक सोनू सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह की पुण्यतिथि पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर विधायक सोनू सिंह ने एक नई परंपरा स्थापित की है। यह कार्यक्रम शिक्षा, प्रतिभा और सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने की दिशा में प्रेरणादायी पहल है। अमित कुमार पटेल ने कहा कि विधायक सोनू सिंह प्रत्येक वर्ष अपने पिता की पुण्यतिथि पर डिहरी एवं अकोढ़ीगोला क्षेत्र में विभिन्न जनकल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। वर्तमान समय में ऐसे पुत्र विरले ही देखने को मिलते हैं जो अपने माता-पिता की स्मृति को समाज सेवा और जनहित के कार्यों से सम्मानित करते हों। उन्होंने कहा कि विधायक सोनू सिंह अपने पिता स्वर्गीय ललन सिंह के आदर्शों का अनुसरण करते हुए क्षेत्र के विकास, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। भाजपा युवा नेता ने विधायक की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा की कामना की। इस अवसर पर जदयू नेता गुड्डू पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जन कल्याण शिविर में विद्युत विभाग ने दी ऑन द स्पॉट सेवाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** राज्य सरकार के निर्देश पर आमजनों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सासाराम ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए विशेष हेल्प डेस्क एवं सेवा काउंटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को कई अहम विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराई जिसकी जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि गुरुवार को आयोजित इस शिविर में विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बिजली संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जिसमें नए विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन लेना, बिजली बिल में त्रुटि सुधार, मीटर संबंधी शिकायतों का निवारण, आपूर्ति बाधित होने की समस्याओं का समाधान, बकाया राशि के भुगतान की प्रक्रिया समझाना, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे व उपयोग पर विस्तृत परामर्श देना तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत छत पर सोलर पैनल लगवाने के लिए आवश्यक जानकारी, सब्सिडी विवरण एवं आवेदन प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग शामिल रहा। साथ ही शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों एवं शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से जोड़ा गया और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन व तकनीकी सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण के उपाय, घरों में सुरक्षित विद्युत उपकरणों के उपयोग, शॉर्ट सर्किट से बचाव तथा विभाग द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई जिससे वे बिजली का समुचित व किफायती उपयोग कर सकें।

## मोहर्रम को लेकर डालमियानगर थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे व शस्त्र पर पूर्ण प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को डालमियानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजीव रंजन राय ने की जबकि सर्किल इंस्पेक्टर शेर सिंह यादव भी उपस्थित रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया। अधिकारियों ने मोहर्रम के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी समुदायों से सहयोग की अपील की। इस दौरान प्रशासन की ओर से कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। बताया गया कि मोहर्रम जुलूस निकालने के लिए पूर्व से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। जुलूस केवल निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा तथा यातायात व्यवस्था बाधित नहीं होने दी जाएगी। जुलूस में किसी भी प्रकार के शस्त्र के प्रदर्शन या प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जुलूस में डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर रोक रहेगी। शराब के नशे में जुलूस में शामिल होने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। थाना प्रभारी राजीव रंजन राय ने कहा कि शासन एवं प्रशासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से मोहर्रम को भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ मनाने तथा प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता ललित कुमार सिन्हा, गगोली पंचायत के मुखिया देवानंद सिंह, विनय मिश्रा उर्फ विनय बाबा, नंद यादव, ललन सिंह, रामचंद्र सेठ, गगोली पंचायत के सरपंच विजेंद्र यादव, शौकत अली अंसारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में सभी ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया।

## मेजर ध्यानचंद अकादमी में 18 चयनित अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के जागोडीह स्थित मेजर ध्यानचंद अकादमी में गुरुवार को भारतीय थल सेना, रेलवे सुरक्षा बल, बिहार पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों में चयनित 18 अभ्यर्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों, युवाओं एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। समारोह का उद्घाटन एवं दीप प्रज्ज्वलन अमझोर थाना प्रभारी अमित कुमार, आरएलएम नेता कपिल कुमार, एयरफोर्स के अभय यादव, दरोगा संग्राम सिंह, रौशन सिंह, अकादमी के संचालक राकेश रंजन वर्मा, समन्वयक मनीष कुमार तथा प्रशिक्षक आनंद कुमार एवं प्रिंसम कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को माला, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की मेहनत, अनुशासन और उचित मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि अकादमी के अनेक छात्र भारतीय सेना, रेलवे सुरक्षा बल तथा बिहार पुलिस में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अन्य युवाओं से भी उनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं अकादमी के प्रशिक्षकों को दिया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। समारोह के दौरान समाजसेवी एवं पत्रकार सत्यानंद कुमार, रामजी सिंह, परशुराम सिंह, योगेंद्र कुशवाहा एवं अनिल सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा सफल मंच संचालन उदय तिवारी ने किया।

## 'खेत बचाओ अभियान' के तहत प्राकृतिक खेती पर जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** आत्मा रोहतास द्वारा कृषि फार्म धनगाई, बिक्रमगंज में गुरुवार को 'खेत बचाओ अभियान' अंतर्गत प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष व बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रेमचंद कुशवाहा, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर के जलज, डॉ. प्रकाश सिंह, डॉ. रमाकांत सिंह एवं जिला अध्यक्ष संतोष पटेल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन व राष्ट्रगान से हुआ। तकनीकी सत्र में डॉ. जलज ने किसानों से खेत बचाने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। मृदा वैज्ञानिक व प्राकृतिक खेती नोडल डॉ. रमाकांत सिंह ने कहा कि बिना रासायनिक खाद-दवा के भी बेहतर उपज संभव है। फार्मर मास्टर ट्रेनर लाल बाबू सिंह ने उन्नत विधियां साझा कीं, वहीं डॉ. प्रकाश सिंह ने फाउंडेशन बीज व सोनाचूर धान की जानकारी दी। किसान बाबूलाल सिंह ने ऑर्गेनिक खेती व चिकनी मिट्टी के लाभ बताए। जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने अधिकारियों से तन-मन-धन से सेवा करने व मोदी जी के विकसित भारत निर्माण में सहयोग की अपील की। इस दौरान किसानों को सम्मान स्वरूप सबौर सोना व प्रताप बीज वितरित किए गए। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती सह संयोजक अजय ओझा, उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, ऋतुराज उपाध्याय, अभय कुशवाहा, शंभू सिंह, अनिल सिंह, आडवाणी सिंह, नवीन सिंह, नंदन चौधरी, अरुण वर्मा, परशुराम पाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कृषि वैज्ञानिक डॉ. रतन ने किया और समापन धनंजय सिंह व सुमन जी के प्रेरक गीत एवं जय जवान, जय किसान के उद्घोष के साथ हुआ।

## मोहर्रम को शांतिपूर्ण मनाने के लिए शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को दावथ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ सौरभ कुमार ने की जबकि संचालन मनीष कुमार पंजियारा द्वारा किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न गांवों के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सीओ सौरभ कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे, त्याग और शांति का प्रतीक है। उन्होंने सभी समुदायों से अपील की कि ताजिया जुलूस निकालने के दौरान शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस निकालने के लिए प्रशासन से लाइसेंस लेना अनिवार्य है, इसलिए सभी आयोजक समय से अपना लाइसेंस बनवा लें। वहीं थानाध्यक्ष ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि मोहर्रम को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जुलूस मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। बिजली विभाग को निर्देश दिया गया है कि जुलूस मार्ग पर लटके तारों को व्यवस्थित किया जाए ताकि कोई हादसा न हो। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग को भी एंबुलेंस व मेडिकल टीम तैनात करने को कहा गया है जिससे आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## युवक की गुमशुदगी की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी संजय प्रसाद सोनी ने अपने पुत्र उज्ज्वल कुमार उर्फ राहुल की गुमशुदगी की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार उनका पुत्र 19 मार्च से घर से लापता है। उसके मोबाइल पर संपर्क करने पर उसने कहा कि 15 दिनों के अंदर वापस आ जाऊंगा। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन अब तक घर वापस नहीं आया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** मुहर्रम को लेकर दरिहट थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने की। थानाध्यक्ष ने बताया कि जुलूस के दौरान डीजे और हथियार पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं जुलूस के लिए लाइसेंस लेनी होगी। बताया कि किसी भी समुदाय के खिलाफ अमर्यादित भाषाओं का प्रयोग न करें ताकि सौहार्द बिगड़े। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। मुहर्रम के दौरान सभी चौक-चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यदि जुलूस में कोई व्यक्ति व्यवस्था भंग किया तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वहीं मौजूद लोगों से पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इस मौके पर दरिहट मोहर्रम कमिटि के खिलाफ सत्तार अंसारी, संजीव कुमार गुड्डू, बिंदु शर्मा, क्यामुद्दीन अंसारी, इरफान अंसारी, अजमेर अंसारी, फखरूद्दीन अंसारी, तारिक अंसारी, आसीफ अंसारी, नौसाद अंसारी, हैदर अली, तशिम अंसारी, नईम अंसारी, अफतार आलम, अखलाख अंसारी, मोहम्मद जहीर मियां व अन्य मौजूद रहे।

## इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** साइबर थाना में इंटरनेट मीडिया पर मांझर कुंड पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हुए रील बनाने को ले प्राथमिकी किया गया है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के दौरान देखा गया कि इंटरनेट मीडिया पर किसी अनजान बिहारी द्वारा इंटरनेट मीडिया पर कैमूर के माझर कुंड पर सुरक्षा नियमों की पूरी अनदेखी करते हुए लापरवाही व उतावलेपन में रील बनाया गया है जिससे न केवल अपनी जान को खतरे में डालकर बल्कि वहां मौजूद अन्य पर्यटकों, स्थानीय लोगों को आम जनता की सुरक्षा को जोखिम में डालने का प्रयास करने के साथ अन्य लोगों को भी इस प्रकार के खतरनाक रील बनाने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1360/न0प0, दिनांक– 18/06/2026

**CORRIGENDUM - 2**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **कार्यालय नगर परिषद् विश्रामपुर के पत्रांक** 1353 **दिनांक** 17.06.2026 के PRD NO. PR 382607 (DISTRICT) 2026-27 द्वारा प्रकाशित निविदा के नियम एवं शर्त में कंडिका 39 जिसमें "एक निविदा में एक ही संवेदक को एक ही कार्य निर्गत किया जायेगा। विशेश परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा" को निरस्त किया जाता है। शेष नियम शर्ते यथावत रहेगी।

**निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।**

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् विश्रामपुर

PR 382726 (District)26-27*D



**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**-: पशुपालकों हेतु आम सूचना :-**

एतद् द्वारा पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में पशुपालन विद्यालय, गौरियाकरमा हजारीबाग में पशुपालकों के ज्ञान एवं अनुभव में वृद्धि हेतु पशुपालन के नये तकनीकों के पशुपालकों के समक्ष प्रसार हेतु बकरी पालन, भेंड पालन, सूकर पालन एवं कुक्कुट पालन विषयों पर दिनांक 22.06.2026 से पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण की समय सारणी –

| क्र0 सं0 | दिनांक | बकरी पालन | भेंड पालन | सूकर पालन | कुक्कुट पालन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 22.06.2026 से 26.06.2026 | 25 | – | – | – |
| 02. | 13.07.2026 से 17.07.2026 | – | – | – | 25 |
| 03. | 03.08.2026 से 07.08.2026 | – | – | 25 | – |
| 04. | 24.08.2026 से 28.08.2026 | 25 | – | – | – |
| 05. | 14.09.2026 से 18.09.2026 | – | – | – | 25 |
| 06. | 05.10.2026 से 09.10.2026 | – | 25 | – | – |
| 07. | 02.11.2026 से 06.11.2026 | 25 | – | – | – |
| 08. | 07.12.2026 से 11.12.2026 | – | – | – | 25 |
| 09. | 04.01.2027 से 08.01.2027 | – | – | 25 | – |
| 10. | 25.01.2027 से 29.01.2027 | 25 | – | – | – |
| 11. | 15.02.2027 से 19.02.2027 | – | – | – | 25 |
| 12. | 08.03.2027 से 12.03.2027 | – | 25 | – | – |
| कुल लक्ष्य | | 100 | 50 | 50 | 100 |

पाँच दिवसीय आवासीय पशुपालन प्रशिक्षण की योजना –

- ❖ प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड के पशुचिकित्सक से प्राप्त किया जा सकता है।
- ❖ निदेशक, पशुपालन के निर्देशानुसार विभागीय योजनाओं में चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण कराया जाना है।
- ❖ प्रशिक्षणार्थियों का निबंधन प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिवस को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा। अपराह्न 01:00 बजे के बादर किसी भी परिस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों का निबंधन नहीं किया जाएगा।
- ❖ प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सत्र के पाँचवें दिवस को अपराह्न 03:00 बजे प्रशिक्षण समाप्ति पर प्रमाण पपत्र एवं पारितोषिक के साथ विदाई की जाएगी।
- ❖ प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रहने–खाने की पूरी व्यवस्था पशुपालन विद्यालय परिसर में ही उपलब्ध है, जिसके लिए पशुपालकों को कोई राशि देने की आवश्यकता नहीं है।
- ❖ प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को रू0 200/– (दो सौ रूपये मात्र) प्रतिदिन की दर से पाँच दिनों के लिए कुल रू0 1000/– (एक हजार रूपये मात्र) प्रशिक्षण भत्ता प्रशिक्षण समाप्ति पर उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से स्थानान्तरित कर दिया जाएगा।
- ❖ आवेदक आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक की स्व–अभिप्रमाणित सुस्पष्ट छायाप्रति दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू

PR 382683 Animal Husbandry (26-27)_D

# कोआकोल हत्या कांड का खुलासा, भाई निकला बहन का हत्यारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा पुलिस ने महज एक सप्ताह के भीतर एक जघन्य और सुरागहीन हत्या कांड का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। कोआकोल थाना क्षेत्र के ताराकोल डैम में मिली युवती की लाश के मामले में पुलिस ने मृतका के सगे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में सनसनी फैल गई है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार 11 जून 2026 को कोआकोल थाना क्षेत्र स्थित ताराकोल डैम से एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए गए। बाद में शव की पहचान 21 वर्षीय दिव्या कुमारी, पिता अशोक कुमार, निवासी रेवतर, थाना गिरियक, जिला नालंदा के रूप में हुई। मामले में कोआकोल थाना कांड संख्या 303/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ पकरीबरावां के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी अनुसंधान, मानव खुफिया तंत्र और लगातार छापेमारी के आधार पर पुलिस ने 18 जून को मृतका के भाई मनीष कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि दिव्या कुमारी ने प्रेम-प्रसंग के चलते पानीपत में विवाह कर लिया था। इसी बात को लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार इसी रंजिश और पारिवारिक तनाव के कारण हत्या की साजिश रची गई। पूछताछ के दौरान मनीष कुमार ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस दौरान पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में कृष्णा देव प्रसाद के घर की तलाशी ली, जहां से एक देशी कट्टा (थर्नेट) और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत अलग मामला दर्ज किया गया है। नवादा पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई ने एक चुनौतीपूर्ण एवं सुरागहीन हत्या कांड का सफलतापूर्वक पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के अन्य पहलुओं की जांच जारी है तथा जल्द ही शेष आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।




# दिव्यांशु राय को अंतरराष्ट्रीय शोध प्रतियोगिता में इंडिया रैंक-1 हासिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। नवादा शहर के गोनावां निवासी एवं वर्तमान में मध्य प्रदेश के विदिशा स्थित स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 9वीं के छात्र दिव्यांशु राय ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दिव्यांशु ने इंटरनेशनल रिसर्च प्रोजेक्ट ओलंपियाड 2026 के ग्रैंड फिनाले में स्थान बनाकर नवादा, बिहार और देश का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध प्रतियोगिता इंडोनेशिया साइंटिफिक सोसाइटी द्वारा आयोजित की जाती है, जिसमें दुनिया के विभिन्न देशों के युवा शोधकर्ता अपने नवाचार, वैज्ञानिक सोच और शोध कार्यों का प्रदर्शन करते हैं। इस वर्ष भारत से चयनित पांच टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें दिव्यांशु राय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंडिया रैंक-1 प्राप्त किया। दिव्यांशु की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों और कस्बों के छात्र भी अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बना सकते हैं। सभी की निगाहें प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले पर टिकी हैं, जहां दिव्यांशु अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

एक नजर

## हिलसा में दुकान से 30 हजार की चोरी

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा थाना क्षेत्र के योगीपुर स्थित दुर्गा स्थान में एक सिंगार दुकान से 30 हजार रुपये नकद चोरी होने का मामला सामने आया है। गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे हुई इस घटना की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान संचालक संजय कुमार भदानी ने बताया कि दुर्गा स्थान में उनकी दो दुकानें हैं, जिनमें एक कपड़े और दूसरी सिंगार की दुकान है। गुरुवार सुबह दोनों दुकानों को खोला गया था। इसी दौरान सिंगार दुकान के काउंटर में रखे 30 हजार रुपये नकद की चोरी कर ली गई। पीड़ित दुकानदार ने मामले को लेकर हिलसा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन में योगीपुर निवासी एक व्यक्ति को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। चोरी की इस घटना से स्थानीय दुकानदारों में चिंता और आक्रोश का माहौल है। पुलिस का कहना है कि फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सहयोग शिविर के दूसरे दिन आम लोगों की समस्याओं का आन द स्पाट निराकरण

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड के इंटर विद्यालय नारदीगंज में आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सहयोग शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को आम लोगों की समस्याओं को सुनी गई,और उसके बाद कई मामलों को आन द स्पाट निराकरण भी किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अनिल कुमार तिवारी,बीडीओ सोनिया ढ़नढ़ननिया,सीओ रईस आलम,पीओ राजीव कुमार,बीएओ विवेक कुमार गौरव,नाजिर संटू कुमार,प्रधान लिपिक दीपक कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी के अलावा ग्रामीण शामिल हुए। इस शिविर में चार लाभकों को पीएम आवास, 25 लाभकों को आयुष्मान कार्ड,25 लोगों को वंदना कार्ड,20 लोगों को मनरेगा जाब कार्ड के अलावा अन्य विभाग के द्वारा लाभकों को लाभ दिया गया। आयोजित शिविर में 22 स्टाल लगाए गए थे। जिसमें विभिन्न विभागों के 143 आवेदन पत्र आये। बीडीओ सोनिया ढ़नढ़ननिया कहा आवेदन के आलोक में 95 मामले को आन द स्पाट निष्पादित किया गया। वही 17 जून को 154 में 63 मामले निष्पादित,16 जून को 52 मामले में पांच मामले ऑन द स्पाट निराकरण हुआ है। पेंशन समेत कई अन्य मामलों को लेकर विभिन्न गांव के ग्रामीण पहुंचे।

## बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा स्थित स्कॉलर हब में बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धनंजय कुमार उपस्थित रहे। वहीं समाजसेवी आशुतोष कुमार मानव, मनपुरा के प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह, होल केमिस्ट्री के डायरेक्टर शशि कुमार, स्कॉलर हब के डायरेक्टर संजीव कुमार, एसआई धर्मदेव महतो तथा डेली प्वाइंट के डायरेक्टर धर्मवीर कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर बिहार पुलिस में चयनित रानी कुमारी, माधवी कुमारी, रोहित कुमार, ऋषु कुमार, आलोक कुमार, मनीष कुमार, अंकित कुमार, अभिषेक राज और अमन राज समेत अन्य अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए युवाओं को मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि धनंजय कुमार ने कहा कि बिहार पुलिस में चयनित युवा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। स्कॉलर हब के डायरेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए निरंतर मार्गदर्शन करना भी है। कार्यक्रम का संचालन अजीत कुमार सिंह ने किया। समारोह उत्साह, प्रेरणा और गौरवपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## बुनियाद केंद्र हिसुआ एवं रजौली में दिलाई गई नशामुक्ति शपथ




**नवादा**। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताह के अवसर पर आज दिनांक 18 जून 2026 को बुनियाद केंद्र, हिसुआ एवं बुनियाद केंद्र, रजौली में नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बुनियाद केंद्र के पदाधिकारियों, कर्मियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं लाभार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से "नशा मुक्त भारत अभियान : विकसित भारत की पहचान" विषय के अनुरूप विकसित एवं स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया गया।

## डिग्री कॉलेज के लिए सबसे उपयुक्त स्थल है सीतामढ़ी

**मेसकौर**। प्रखंड में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के स्थान को लेकर चल रही खींचतान के बीच स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों का ध्यान सीतामढ़ी की ओर आकर्षित किया है। सांसद डॉ. विवेक ठाकुर, विधायिका विभा देवी, विधायक अनिल सिंह, एमएलसी अशोक यादव, विधायक बिमल राजवंशी, विधायिका विनीता मेहता तथा विधायिका अनीता कुमारी से आग्रह किया गया है कि वे इस महत्वपूर्ण विषय पर गंभीरता से विचार करें। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेसकौर एवं मेढ़कुरी में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है, जबकि सीतामढ़ी में बिहार सरकार की लगभग 40 एकड़ भूमि (खाता संख्या 375, प्लॉट संख्या 3999) उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग की लगभग 2.66 डिसमिल भूमि तथा आसपास 20 से 22 एकड़ अन्य सरकारी भूमि भी मौजूद है, जो शैक्षणिक संस्थान की स्थापना के लिए उपयुक्त मानी जा रही है। सीतामढ़ी केवल भूमि उपलब्धता के कारण ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इसका ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व भी अत्यंत विशेष है। इसे माता सीता के अंतिम वनवास स्थल, लव-कुश की जन्मस्थली, महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि तथा अश्वमेध युद्ध के साक्षी स्थल के रूप में जाना जाता है। बावजूद इसके यह क्षेत्र आज भी अपेक्षित विकास से वंचित है।

## गुरो बिन्दा नर्सिंग महाविद्यालय के बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षु क्लिनिकल प्रशिक्षण हेतु रवाना

**नवादा**। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दक्ष, संवेदनशील एवं मानवतावादी नर्सिंग पेशेवर तैयार करने की दिशा में गुरो बिन्दा नर्सिंग महाविद्यालय, नवादा द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई। महाविद्यालय के बी.एससी. नर्सिंग सत्र 2023-27 के प्रशिक्षुओं को प्रायोगिक प्रशिक्षण (क्लिनिकल ट्रेनिंग) हेतु विभिन्न प्रतिष्ठित अस्पतालों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में एएनएम, जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षिका विभा कुमारी ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने बताया कि क्लिनिकल प्रशिक्षण नर्सिंग शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है, जहां विद्यार्थी अपने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों में लागू करना सीखते हैं।

# सांसद विवेक ठाकुर ने किया जनसंपर्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत नवादा के लोकप्रिय एवं कर्मठ सांसद विवेक ठाकुर ने शहर के विभिन्न सामाजिक, व्यावसायिक तथा प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी साझा की। इसी क्रम में शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्याम अग्रवाल के आवास पर आयोजित बैठक में सांसद विवेक ठाकुर ने व्यापार, रोजगार सृजन, आधारभूत संरचनाओं के विस्तार तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उपस्थित लोगों के सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए विकसित नवादा एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता को आवश्यक बताया। सांसद विवेक ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उनके विचारों से उपस्थित लोगों में उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. रमेश कुमार के आवास पर आयोजित बैठक में भी सांसद ने भाग लिया, जहां डॉ. महेश कुमार सहित कई चिकित्सकों एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद किया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली, सांसद के निजी सहयोगी रजनीश सिंह, समाजसेवी अंशुमान शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत शंकर सिंह सहित अनेक व्यवसायी, चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# नवादा में जदयू टीम ने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश मोहन से की शिष्टाचार मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जनता दल (यूनाइटेड) नवादा की जिला टीम ने जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद दांगी के नेतृत्व में नवादा के पूर्व सिविल सर्जन एवं सुप्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश मोहन तथा उनकी पत्नी प्रोफेसर बिन्नी सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मोहन के सामाजिक, चिकित्सा एवं शैक्षणिक क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद दांगी ने कहा कि डॉ. अखिलेश मोहन ने वर्षों से बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान नवादा जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं प्रोफेसर बिन्नी सिंह की शिक्षा एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित भूमिका की भी सभी ने प्रशंसा की। इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। उपस्थित नेताओं ने जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने विचार साझा किए। डॉ. अखिलेश मोहन एवं प्रोफेसर बिन्नी सिंह ने भी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।



# समृद्ध नवादा, सुरक्षित नवादाः प्रशासन-व्यापारी संवाद में सुरक्षा, ट्रैफिक और विकास के मुद्दों पर व्यापक चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले को समृद्ध, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीआरडीए सभागार, समाहरणालय नवादा में जिला प्रशासन एवं व्यापारियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान, पुलिस उपाधीक्षक निशु मल्लिक, सदर एसडीपीओ हुलास कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अभिषेक कुमार सहित जिले के प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, व्यवसायिक माहौल को बेहतर बनाने तथा प्रशासन और व्यापारियों के बीच समन्वय को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखा। बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि गुप्ता ने कहा कि जिले के प्रमुख व्यापारियों के साथ हुए इस सकारात्मक संवाद से यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि प्रशासन एवं व्यापारियों के संयुक्त प्रयासों से नवादा को अधिक समृद्ध, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि "समृद्ध नवादा, सुरक्षित नवादा" के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी पक्षों को मिलकर कार्य करना होगा।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने नगर की जर्जर ट्रैफिक व्यवस्था पर चिंता जताते हुए बताया कि 3 नंबर स्टैंड से इंदिरा गांधी चौक होते हुए प्रजातंत्र चौक तक यातायात व्यवस्था अत्यंत खराब है। उन्होंने नियमित ट्रैफिक नियंत्रण, अतिक्रमण हटाने और यातायात पुलिस की प्रभावी तैनाती की मांग की।



# जिलाधिकारी ने दंपति को बालक दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण हेतु किया सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। गुरुवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा पटना, बिहार निवासी दंपति शशि कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी सारिका कुमारी को बालक अनुज (नया नाम- शास्विक राज) को दत्तक ग्रहण समिति, नवादा की अनुशंसा के आधार पर विधिवत दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण हेतु अस्थायी रूप से सुपुर्द किया गया। दत्तक ग्रहण उपरांत दंपति ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि लगभग चार वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात आज उनका परिवार पूर्ण हुआ है। उन्होंने इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं संबंधित संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा रीतेश कुमार ने बताया कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, नवादा से दिनांक 18 जून, 2026 तक कुल 14 बच्चों को अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण तथा देश के भीतर कुल 47 बच्चों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से परिवारों को सुपुर्द किया जा चुका है। उन्होंने आम नागरिकों से दत्तक ग्रहण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने एवं पात्र बच्चों को परिवार प्रदान करने में सहयोग करने का आह्वान किया। दत्तक ग्रहण हेतु इच्छुक व्यक्ति भारत सरकार के मिशन वात्सल्य पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए पैन कार्ड, आधार कार्ड, विवाह प्रमाण-पत्र, चिकित्सा फिटनेस प्रमाण-पत्र, पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र तथा आय प्रमाण-पत्र सहित आवश्यक दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। इच्छुक व्यक्ति स्वयं अथवा निकटवर्ती दत्तक ग्रहण संस्थान के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं। वर्तमान में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, वीआईपी कॉलोनी, डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप, नवादा में संचालित है, जहां से दत्तक ग्रहण संबंधी आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर रीतेश कुमार, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा, अमरेंद्र मेहता, बाल संरक्षण पदाधिकारी, आदर्श निगम, प्रबंधक, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बाल कल्याण समिति, नवादा के सदस्यगण एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।



# उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने और उपभोक्ता हितों की रक्षा को लेकर गुरुवार को नालंदा जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी उप विकास आयुक्त-सह-अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) रंजन कुमार चौधरी ने की। बैठक में परिषद के सदस्यों ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने और उपभोक्ता संरक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की। सदस्यों ने सुझाव दिया कि सभी सरकारी पंचायत भवनों में प्रमुख स्थानों पर बड़े पोस्टर लगाए जाएं, जिनमें स्थानीय भाषा में उपभोक्ताओं के अधिकार एवं उनके संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां स्पष्ट रूप से अंकित हों। इससे पंचायत भवन आने वाले लोगों को अपने अधिकारों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया कि प्रत्येक माह कम से कम एक बार पंचायत भवनों में मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उपभोक्ता संरक्षण विषयक सेमिनार आयोजित किया जाए। इसके अलावा जिले के उच्च विद्यालयों और कॉलेजों में भी नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर बल दिया गया। बैठक में बताया गया कि विभागीय निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन किया जाता है, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इन शिविरों में भी उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित पोस्टर लगाने और लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी को सभी पंचायत भवनों में उपभोक्ता संरक्षण संबंधी पोस्टर लगाने तथा प्रत्येक माह जागरूकता सेमिनार आयोजित कराने का निर्देश दिया गया। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिले के उच्च विद्यालयों एवं कॉलेजों में प्रतिमाह उपभोक्ता संरक्षण विषयक सेमिनार आयोजित कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। परिषद ने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया, ताकि आम लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी मिल सके और उपभोक्ता हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



# कृषि विज्ञान केंद्र हरनौत में 'प्राकृतिक खेती जिला कार्यशाला' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। कृषि विज्ञान केंद्र हरनौत में गुरुवार को आत्मा, नालंदा के तत्वावधान में "प्राकृतिक खेती जिला कार्यशाला" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन किसान मोर्चा के अध्यक्ष महेन्द्र यादव, भाजपा के उपाध्यक्ष राजा राम, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा तथा अन्य कृषि पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महेन्द्र यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आर्थिक आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हुई है और खेती की लागत बढ़ी है। ऐसे में प्राकृतिक खेती कम लागत, अधिक लाभ और टिकाऊ कृषि का प्रभावी विकल्प बनकर उभरी है। उन्होंने किसानों से स्थानीय संसाधनों जैसे गोबर, गौमूत्र, जीवामृत एवं बीजामृत के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ फसलों की गुणवत्ता भी बेहतर होती है तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव कम होते हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, पशुपालन एवं जैविक खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। पौधा संरक्षण विभाग के वैज्ञानिक डा. उदय प्रकाश नारायण ने प्राकृतिक खेती की अवधारणा और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। मृदा विज्ञान विभाग के डा. उमेश नारायण ने मिट्टी जांच के महत्व एवं संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी दी। पशुपालन विभाग के डा. विद्याशंकर सिन्हा ने प्राकृतिक खेती में पशुपालन की भूमिका और उसके आर्थिक लाभों पर चर्चा की। वहीं उद्यान विभाग की कुमारी विभा रानी ने जैविक खेती एवं उद्यानिकी फसलों में जैविक तकनीकों के उपयोग की जानकारी दी। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, नालंदा ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के लिए वैज्ञानिक सुझावों का पालन करने का आह्वान किया।




# जनकल्याण शिविर में सांसद ने सुनीं लोगों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने गुरुवार को एकंगरसराय एवं इस्लामपुर प्रखंड में आयोजित सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर में भाग लेकर आम लोगों की समस्याएं सुनीं और विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क दुर्घटना में मृत तीन लोगों के परिजनों को सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया। शिविर को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार की पहल पर पंचायत स्तर के बाद अब प्रखंड मुख्यालयों में भी आम जनता की समस्याएं सुनी जा रही हैं और उनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक भागदौड़ नहीं करनी पड़ रही है।

सांसद ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार के कारण विकास और जनकल्याण योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है, जिससे आम जनता को राहत मिल रही है। शिविर में पहुंचे लोगों से बातचीत करते हुए सांसद ने योजनाओं के क्रियान्वयन और समस्याओं के निस्तारण की जानकारी ली। इस दौरान कई लोगों ने बताया कि ऐसे शिविरों के आयोजन से उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाता है और उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें सांसद चुना है, उस भरोसे पर खरा उतरने के लिए वे लगातार लोगों के बीच रहकर उनकी सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास की मजबूत आधारशिला नीतीश कुमार ने रखी है और विकास की इसी यात्रा को आगे बढ़ाने का कार्य सम्राट चौधरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविरों के माध्यम से लोगों की शिकायतों का समाधान तेजी से हो रहा है और आम लोगों में संतोष का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने एकंगरसराय प्रखंड के सड़क दुर्घटना में मृत तीन व्यक्तियों के परिजनों को सहायता राशि के चेक सौंपे और हर संभव सरकारी सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह के शिविर लगातार आयोजित होते रहे तो आम जनता की अधिकांश समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाएगा और शासन-प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद रहे।

# अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त बिहार बनाने को सरकार संकल्पित : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** बिहार सरकार के कृषि मंत्री सह गया जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा गया शहर स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उन्हें पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, जनसमस्याओं के समाधान और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर अपनी बात रखी। मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'सहयोग जन कल्याण शिविर' के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मानपुर पहुंचे जहां कृषि विभाग का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उनके जीवन को आसान बनाना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के माध्यम से आम लोगों से सीधे फीडबैक लिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी हैं और संबंधित विभागों को समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जिलाधिकारी को भी निर्देश दिया गया है कि जन शिकायतों और उनके निस्तारण की लगातार मॉनिटरिंग करें, ताकि समस्याओं के समाधान में तेजी लाई जा सके। मीडिया द्वारा पिछले 24 घंटों में चार एनकाउंटर होने के संबंध में पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और कानून का राज स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



भोजपुर में हुए एनकाउंटर को लेकर उठ रहे सवालों और सड़क जाम के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त बिहार बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जनता ने इसी उद्देश्य से सरकार को जनादेश दिया है और सरकार उसी जनादेश का पालन कर रही है। मंत्री ने दोहराया कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और अपराधियों केय खिलाफ कठोर कार्रवाई करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# महादलित टोला पहुंच केंद्रीय गृहराज्य मंत्री ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने गुरुवार को बेलागंज के मुबारकपुर महादलित टोला पहुंचकर सामाजिक समरसता और संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं के सम्मान का संदेश दिया। भाजपा के 'बारह साल विकास के, विश्वास के और जनकल्याण के' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बूथ संख्या-125 के अध्यक्ष रघुनी मांझी के घर पहुंचकर उनके परिवार के साथ चाय पर चर्चा की और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। महादलित बस्ती में केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों ने भी उनका स्वागत किया। इस दौरान नित्यानंद राय ने कहा कि भाजपा का संगठन केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान और भागीदारी देने के सिद्धांत पर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बूथ अध्यक्ष



और कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक ताकत हैं और उनके समर्पण से ही भाजपा लगातार जनसमर्थन हासिल कर रही है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संगठन संस्कृति में यह परंपरा विकसित की है कि शीर्ष नेतृत्व बूथ स्तर तक पहुंचे और कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सहभागी बने। इसी सोच के तहत देशभर में बूथ अध्यक्षों और उनके परिवारों से संवाद का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। करीब एक घंटे तक चले कार्यक्रम में मंत्री ने बूथ अध्यक्ष रघुनी मांझी एवं उनके परिजनों का हालचाल जाना और क्षेत्र की सामाजिक व विकास संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने तथा संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार ने की जबकि संचालन पूर्वी मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह परमार ने किया। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, एमएलसी जीवन कुमार, जिलाध्यक्ष विजय मांझी, जिला महामंत्री अशोक शर्मा, विनोद सिंह, सुरेश शर्मा, दीपक कुमार, कुंदन कुमार, ज्योतिष कुमार सुमन, बिरजू कुमार उज्जवल समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला की हत्या मामले का खुलासा, पति ही निकला हत्यारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अलीपुर थाना क्षेत्र के निमसर गांव में महिला की हत्या मामले का पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पति ने ही पत्नी की हत्या की सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की थी, वही हत्या का मुख्य आरोपी निकला। पुलिस ने आरोपी पति प्रमोद कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार निमसर गांव निवासी 30 वर्षीय संगीता कुमारी का शव बुधवार को उसके घर से बरामद हुआ था। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत होने पर पुलिस ने एफएसएल टीम एवं श्वान दस्ता की मदद से साक्ष्य जुटाए थे। मृतका के पति प्रमोद कुमार ने पुलिस को बताया था कि वह अपने पुत्र से मिलने झारखंड गया हुआ था और घर लौटने पर पत्नी को मृत अवस्था में पाया। हालांकि पुलिस को शुरू से ही पति के बयान पर संदेह था। तकनीकी साक्ष्यों और गहन पूछताछ के दौरान प्रमोद कुमार की कहानी में कई विरोधाभास सामने आए। इसके बाद सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार प्रमोद कुमार ने घरेलू विवाद के दौरान लोढ़ी (पीसने वाला पत्थर) से वार कर पत्नी संगीता कुमारी की हत्या कर दी थी।

# डॉ प्रेम कुमार ने किया नवीनीकृत इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का उद्घाटन

## 118वीं बिहार राज्य अंतर-जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने गुरुवार को गयाजी के गांधी मैदान स्थित नवीनीकृत इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर 118वीं उमेश वर्मा बिहार राज्य अंतर-जिला बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप-2026 का भी शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि यह गया जिले के लिए गौरव और प्रसन्नता का विषय है कि खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त नवीनीकृत इंडोर



बैडमिंटन स्टेडियम उपलब्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवन का आधार है। खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि गया जिला बैडमिंटन संघ द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। स्टेडियम के नवीनीकरण से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिससे वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं बिहार के एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार सरकार खेलों के विकास और खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्य में नए स्टेडियमों का निर्माण, खेल परिसरों का विकास तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

# दवा जलाने के मामले की जांच अधूरी, बिना जांच लौट गई जिला टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में जीवन रक्षक दवाओं को जलाए जाने के चर्चित मामले की जांच के लिए गुरुवार को जिला स्तर की एक टीम पहुंची, लेकिन आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं होने के कारण जांच प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी और टीम को बिना जांच किए वापस लौटना पड़ा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मो. बशीरुद्दीन ने बताया कि जांच से संबंधित कोई आधिकारिक पत्र उनके कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ था। ऐसे में जांच के लिए जरूरी अभिलेख एवं फाइलें उपलब्ध कराना संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि किसी भी जांच के लिए पूर्व सूचना और आदेश पत्र आवश्यक होता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जांच टीम के साथ इस मामले में पूर्व में आरोपित रहे तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार सिंह भी मौजूद थे। इस पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने आपत्ति जताई। बताया जाता है कि स्थिति की जानकारी मिलने के बाद टीम में शामिल जयप्रकाश नारायण अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संजय कुमार तथा जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार अम्बष्ठ बिना जांच किए ही लौट गए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना, मगध विश्वविद्यालय ने किया 'पीस अवेयरनेस' कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** राष्ट्रीय सेवा योजना, मगध विश्वविद्यालय द्वारा युवा शांति फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में 'पीस अवेयरनेस' विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अवसाद को कम करना तथा उनमें शांति, सद्भाव और आंतरिक संतुलन के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी, कुलसचिव डॉ. बी.के. मंगलम, प्रॉक्टर प्रो. के.डी. वर्मा, आमंत्रित अतिथि हरी नारायण गिरी तथा एनएसएस समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा तथा अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया गया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने कहा कि वर्तमान सोशल मीडिया के युग में युवा वर्ग बाहरी दुनिया में तो अत्यधिक व्यस्त हो गया है, किंतु आंतरिक शांति से दूर होता




जा रहा है। उन्होंने युवाओं को 'ॐ' के महत्व को समझने तथा इसके उच्चारण के माध्यम से मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शांति ही एक स्वस्थ और सफल जीवन की आधारशिला है। कुलसचिव डॉ. बी.के. मंगलम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं को जीवन में शांति, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा युवा शांति फाउंडेशन की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर आधारित एक प्रेरणादायक वीडियो प्रस्तुति भी दी गई, इन वीडियो में प्रेम रावत के संदेश दिए गए जिसे उपस्थित अतिथियों एवं छात्रों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) बासुदेव ने भी शांति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में प्रॉक्टर प्रो. के.डी. वर्मा ने अपने संबोधन में युवाओं को शांति, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शांति केवल व्यक्तिगत विकास ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए भी आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गया कॉलेज, गया जी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में वाईपीएफ के भारी संख्या में वालंटियर्स, इस अवसर पर स्वयंसेवक अक्षय कुमार, इश्तियाक आलम, सौरव कुमार एवं मोनू कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित राकेश सर के संबोधन से हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवा शांति फाउंडेशन के स्वयंसेवकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय समन्वयक शशि कुमारी के नेतृत्व में वाईपीएफ टीम के सदस्य साक्षी कुमारी, सलमा कुमारी (संध्या), संजू देवी, शिव कुमार, मनीष कुमारी, ज्योति कुमारी एवं ध्रुव कुमार ने कार्यक्रम के संचालन, समन्वय एवं व्यवस्थाओं में सराहनीय योगदान दिया।

# पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने सहयोग शिविर का किया निरीक्षण व सुधा डेयरी स्टॉल का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित सहयोग सह जनकल्याण शिविर का गुरुवार को पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में नवस्थापित सुधा डेयरी स्टॉल का उद्घाटन भी किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. कुमार ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों का अवलोकन किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं लाभार्थियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित ऐसे शिविरों से आम लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ




प्राप्त हो रहा है जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है। इस अवसर पर डॉ. कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य काउंटर पर अपना रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर की जांच भी कराई। उन्होंने उपस्थित लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, स्वास्थ्य प्रबंधक मो. बसीमुद्दीन, मनरेगा पदाधिकारी संजय कुमार समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# तीन दिवसीय प्रखण्ड सहयोग सह जन कल्याण शिविर संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राज स्कूल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय प्रखण्ड सहयोग सह जन कल्याण शिविर का गुरुवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग काउंटर लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनी गईं तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, जीविका, श्रम संसाधन, शिक्षा, कृषि, विद्युत, आपूर्ति समेत कई विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने लोगों की समस्याओं और आवेदनों का निस्तारण किया। प्रशासन की पहल से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। टिकारी बीडीओ योगेंद्र पासवान ने तीन दिनों तक चले शिविर में कुल 399 मामले प्राप्त हुए जिनमें से 141 मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं शिविर के अंतिम दिन 125 मामले प्राप्त हुए जिनमें से 68 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# जन कल्याण शिविर में पहुंचे कृषि मंत्री, अधिकारियों को समय पर शिकायतें निपटाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** प्रखंड कार्यालय में आयोजित तीन दिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर के समापन अवसर पर बिहार सरकार के कृषि मंत्री एवं गया जिला प्रभारी मंत्री विजय सिन्हा बेलागंज पहुंचे। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया और लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मंत्री ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका समाधान करने के उद्देश्य से जन कल्याण शिविर चला रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का निपटारा 15 से 30 दिनों के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी समस्या का समाधान एक माह के बाद भी



नहीं होता है तो उसकी समीक्षा सरकार स्तर पर की जाएगी। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह प्रशासन बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जन कल्याण शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम को स्थानीय विधायक मनोरमा देवी और प्रखंड प्रमुख कांति देवी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। मौके पर बीडीओ डॉ. राघवेंद्र कुमार शर्मा, सीओ गजानन मेहता, थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# अपार आईडी नहीं बनवाने वाले 95 प्राचार्यों का वेतन रुका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले में अपार आईडी निर्माण की गति बेहद धीमी है। जिला शिक्षा विभाग की ओर से बार-बार चेतावनी के बाद भी दर्जनों विद्यालयों में अपार आईडी निर्माण की स्थिति बेहद खराब है। राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की लगातार मॉनेटरिंग के बाद भी कई विद्यालयों के प्राचार्य ने अपार आईडी को गंभीरता से नहीं लिया। 40 फीसदी से कम विद्यार्थियों के अपार बनाने वालों पर कार्रवाई हुई। 95 विद्यालय के प्राचार्यों के वेतन पर रोक लगा दी गई है। शिक्षा विभाग की ओर से कार्य में लापरवाही एवं वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना को लेकर गुरुवार को यह कार्रवाई की गई है।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102**
**email:gm_mdnjseb@yahoo.in, Telephone:-06562-295539**

**E-TENDER 1st TIME EXTENTION NOTICE**

Due to some unavoidable reasons **e-tender NoticeNo-128/PR/JBVNL/2026-27**/O&M, under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner: -

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Availability of tender document on website | Up to 30.06.2026 Time 17.00 Hrs |
| 2. | Last Date and time for submitting e-tender | Up to 30.06.2026 Time 17.00 Hrs |
| 3. | Date and time of opening of tender (Technical and Commercial Part-I) | 02.07.2026 at 15:00 Hrs. |

4. Tender Notice is also available on our website: www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification, please contact 7488397213 EE(IT)
6. Other terms & condition will remain the same and duly available website.

PR No.381297

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medininagar

PR 382661 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषद, पलामू के स्वामित्व अन्तर्गत रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र. | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | मासिक किराया दर प्रति दुकान (रूपये में) | जमानत की राशि (रूपये में) | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बिश्रामपुर | भूतल | D-10, D-17 | 02 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | छतरपुर | भूतल | C-08 | 01 | 865.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | मनातू | प्रथम तल | A-20, A-21, A-22, A-23, A-24, A-25, A-26, A-27, A-28, A-29, A-30, A-31, A-32 | 13 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | हरिहरगंज | भूतल | A-06, A- 07, A-12 | 03 | 480.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | नावाबाजार | भूतल | B-04, C-01, C-02, C -03, C-04, C-05, C-06, C-07, C-08, C-09, C-10, C-11, C-12, C-13, C-14, C-15, C-16, C-17, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22, C-23 | 24 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 6 | हुसैनाबाद | प्रथम तल | E-01 | 01 | 960.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 7 | मोहम्मदगंज | प्रथम तल | G-17, G-18, G-19, G-20, G-21, G-22, G-23, G-24, G-25, G-26, G-27, G-28, G-29, G-31, G-32, G-33, G-34, G-35, G-36, G-37, G-38 | 21 | 600.00-1190.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | A-08, A-09, A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, B-08, B-09, B-10, B-11, B-12, B-13, B-14, B-15, B-16 | 18 | 400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 8 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-06, C-11, C-12 | 06 | 750.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 9 | पाँकी (तेतरांई) | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-17 | 01 | 785.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | 101, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 110, 111, 112 | 10 | 720.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 10 | चैनपुर (चान्दो) | भूतल | 102, 109, | 02 | 780.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | A-01, A-02, A-03, A-04, A-05, A-06, A-07, A-08, A-09 A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, A-17, A-18 A-19, A-20, A-21, A-22, A-23 | 23 | 800.00-910.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 133 | | | |

* दुकानवार किराया दर की सूची विस्तृत आम सूचना के साथ संलग्न।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– | दिनांक 25.06.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| 2. | आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 3. | आवेदन पत्र का शुल्क :– (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) | 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र। |
| 4. | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– | दिनांक 02.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 6. | डाक की तिथि व समय :– | 04.07.2026 को 12:00 बजे मध्याह्न से। |
| 7. | डाक का स्थान :– | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय वेश्म। |
| 8. | आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– | वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो। |

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच्च डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात् संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जिला परिषद के नजारत में जमा कर प्राप्ति रसीद प्राप्त करना होगा। उसके उपरांत आवंटनधारियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:– दुकानों की संख्या घट– बढ़ सकती है।

नोट 3:– नीलामी प्रक्रिया को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट 4:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद,पलामू

PR 382677 District(26-27).D

संपादकीय

# आरटीआई से खफा सुप्रीम कोर्ट

विगत सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने देश में आरटीआई (सूचना का अधिकार) एक्टिविज्म तथा मप्र में लोकायुक्त को आरटीआई एक्ट से बाहर रखने के संदर्भ में अहम टिप्पणियां कीं। पहली नजर में ये परस्पर विरोधी लगती हैं, लेकिन गहराई से देखें तो वैसा है नहीं, क्योंकि एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने आरटीआई के दुरूपयोग गंभीरता से लिया है तो दूसरे मामले में उसने आरटीआई के अधिकार की रक्षा कर जानने के हक को स्वीकार भी किया है। वैसे दो माह पहले भी देश के प्रधान न्यायाधिपति जस्टिस सूर्यकांत ने आरटीआई कार्यकर्ताओं पर तंज कसते हुए उन्हें 'कॉकरोच' कहा था। जिसका नतीजा देश में सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी के उदय के रूप में हुआ। यह पार्टी अब सड़कों पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से इस्तीफा मांग रही है। इसी कड़ी में अगली टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की यह है कि आरटीआई एक्टिविज्म अब देश में नया धंधा बन गया है। कोर्ट ने यह टिप्पणी आरटीआई कार्यकर्ता राकेश बहल और उसके सहयोगी की अग्रिम जमानत याचिका के मामले में की और दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। राकेश और राजीव कुमार पर पंजाब के गुरदासपुर में सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने और निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे लोगों और मौके पर मौजूद मजदूरों को डराने-धमकाने के आरोप हैं। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने कहा, 'इन सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन होते हैं? आप कौन सी अथॉरिटी हैं? आपको ये अधिकार किसने दिए हैं।' इससे पहले, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने 14 मई को दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। गौरतलब है कि आरटीआई (सूचना का अधिकार) कानून का उपयोग कर सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने, भ्रष्टाचार को उजागर करने और जनता के प्रति जवाबदेही तय करने को आरटीआई एक्टिविज्म कहा जाता है। यह कानून पूर्ववर्ती यूपीए 1 सरकार 2005 में लाई थी। उद्देश्य यही था कि केन्द्र व राज्य सरकारों के कामकाज में गोपनीयता के आड़ में हो रहे भ्रष्टाचार को जनता के सामने लाया जा सके। इसके तहत सामाजिक कार्यकर्ता या आम नागरिक जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकारी विभागों से महत्वपूर्ण जानकारियां मांगते हैं। बुनियादी तौर पर आरटीआई की शुरूआत सरकारी कामों में होने वाले भ्रष्टाचार को उजागर करने की नीयत से हुई थी। इसके तहत भ्रष्टाचार के कई मामलों का खुलासा भी हुआ, लेकिन जल्द ही इसने नए किस्म की ब्लैकमेलिंग का रूप ले लिया। आरटीआई के नाम पर कुछ लोगों द्वारा इसका गलत इस्तेमाल कर अधिकारियों को डराने या ब्लैकमेल करने के मामले भी सामने आए हैं। निश्चित रूप से यह कानून का दुरूपयोग है और ऐसा करने वालों को सजा मिलनी चाहिए। लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं कि सभी आरटीआई कार्यकर्ता गलत हैं। कई जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे हैं। कोर्ट द्वारा सभी को एक तराजू में तौलना उचित नहीं है। इसी संदर्भ में एक अहम टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को बड़ा झटका देते हुए एसपीई लोकायुक्त को आरटीआई के दायरे से बाहर रखने वाली 2011 की अधिसूचना को रद्द कर दिया। अदालत ने साफ कहा कि भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एजेंसी को 'खुफिया या सुरक्षा संगठन' मानकर सूचना के अधिकार से महफूज नहीं रखा जा सकता। भ्रष्टाचार की जांच करने वाली संस्थाओं को इस तरह की छूट नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने इस मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 20 दिसंबर 2021 के फैसले को सही ठहराते हुए उसे बरकरार रखा है। अदालत के इस फैसले के बाद अब मध्य प्रदेश लोकायुक्त (स्क्ष्ठ) में पारदर्शी तरीके से ऋक्षद्ध के तहत जानकारियां मांगी जा सकेंगी। इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

# बहुत अंतर है नेहरू-मोदी और उनके युग में

**हरिवंश राय बच्चन की रचना मधुशाला की कुछ पंक्तियां पंडित जवाहर लाल नेहरू और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री कार्यकाल की तुलना पर एकदम सटीक बैठती है:- 'अपने-अपने युग में सबको अनुपम था अपना प्याला, अपने अपने युग में सबकी अनुपम थी अपनी हाला। लेकिन वृद्धों से जब पूछा, एक यही उत्तर पाया, अब न रहे वे पीने वाले अब न रही वो मधुशाला।' हालांकि तुलना की यह तैयारी 2014 से ही चल रही थी और आखिरकार 2026 में तथ्य और तर्क को दरकिनार करके उसे करने में सरकार और पार्टी और उनकी तमाम मशीनरी जुट गई है।**

**अरुण कुमार त्रिपाठी**

जब मोदी जी पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे तो एक पत्रिका ने अर्धनारीश्वर की तरह ही मोदी नेहरूश्वर का ग्राफिक कवर पर बनाया था और उनका जोर यह था कि भाजपा मोदी के रूप में नेहरू जैसा आइकन तैयार कर रही है। उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक नीतियां भले अलग हों लेकिन आर्थिक नीतियों का ढर्रा वही है। आज मोदीजी के प्रशंसक नेहरू के प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड तोड़ने का दावा करते हुए उन्हें बड़ा साबित करने में लगे हुए हैं। ऐसी तुलना न सिर्फ कांग्रेस के पैमाने से अनुचित है, भाजपा और संघ के पैमाने से भी अनुचित है। इस तुलना से भाजपा और संघ का पिछले दो तीन दशक से चलाया जा रहा पूरा आख्यान भरभरा जाता है।

जिन नेहरू की विफलताओं को गिनाने के लिए कई वेबसाइट बनाई गई और संसद से लेकर तमाम पत्र पत्रिकाओं तक में झूठा इतिहास परोसा गया, ऐसे नेहरू से तुलना करने की जरूरत क्यों आन पड़ी? अगर नेहरू इतने बुरे हैं जितना कि भाजपा और संघ परिवार ने लगातार प्रचारित किया है तो उन्हें इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया जाना चाहिए न कि उनसे तुलना की जानी चाहिए। क्या संघ परिवार का कोई सदस्य यह कहने या सुनने का साहस करेगा कि मोदी जी इक्कीसवीं सदी के नेहरू हैं। कोई अखबार या पत्र या चैनल इस बात को ठकुरसुहाती में भी कहने का साहस नहीं कर सकता। दूसरी बात यह है कि नेहरू को महज 12 साल तक प्रधानमंत्री बताने वाला तथ्यहीन और अनैतिहासिक दावा नेहरू पर लगाए जाने वाले संघ परिवार के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर देता है- जैसे कि नेहरू पटेल को दरकिनार करके महात्मा गांधी को खुश करके प्रधानमंत्री बन गए थे। और अगर नेहरू प्रधानमंत्री ही नहीं थे, तो सरदार पटेल आजाद भारत के पहले गृहमंत्री और उपप्रधानमंत्री कैसे कहे जा सकते हैं। फिर तो भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी न तो भारत के औद्योगिक मंत्री थे और न ही पटेल ने भारत का एकीकरण किया और न ही नेहरू, पटेल, मौलाना आजाद और डॉ. आंबेडकर ने मिलकर भारत का संविधान बनाया। मोदीजी को खुश करने के चक्कर में भारतीय इतिहास को सिर के बल खड़ा करने का यह प्रयास किसी भी सरकार और व्यवस्था को इतिहास में सीधा खड़ा होने लायक भी नहीं छोड़ेगा। दोनों नेताओं के स्वभाव और युग में जमीन आसमान का अंतर है और उसे खुले दिलो-दिमाग से देखने पर ही दोनों के साथ न्याय किया जा सकेगा। जाहिर सी बात है कि नेहरू एक संपन्न परिवार में पैदा हुए थे और मोदी सामान्य परिवार में। पर इसमें उन दोनों का कोई दोष नहीं है और न ही इस आधार पर किसी की आलोचना करने का या किसी को छोटा बताने का कोई औचित्य बनता है।



मनुष्य अपने कर्मों से महान बनता है। जन्म से उसे थोड़ी बहुत मदद मिलती है लेकिन अच्छे और ऊंचे कुल में जन्म लेने वाले सारे लोग बड़े काम नहीं कर पाते, बड़े पद पर भले ही पहुंच जाएं। यही बात सामान्य परिवार में पैदा होने वाले लोगों के लिए भी सही है। निश्चित तौर पर सामान्य परिवार में पैदा होने वाले का संघर्ष बड़ा होता है लेकिन इतिहास में वैसे लोग भी सत्ता के शीर्ष पर पहुंचे हैं और अपना राज्य तक कायम किया है। लोकतांत्रिक आदर्शों के मुताबिक़ महानता इस बात में है कि देश और समाज के लिए आप का योगदान क्या रहा और आप ने अपने को कितना वर्गांतरित या डिक्लास किया। जाहिर सी बात है कि मोदीजी को डिक्लास करने की ज़रूरत नहीं थी, लेकिन नेहरू ने गांधी के प्रभाव में अपने को डिक्लास किया। उनके इन प्रयासों से उनके पिता और देश के बड़े वकील मोतीलाल नेहरू थोड़े परेशान भी रहते थे।

नेहरू की पढ़ाई-लिखाई और उनकी बौद्धिक अभिरुचि मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी में कहीं से नहीं दिखती। न तो उन्हें 'डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया', 'विश्व इतिहास की झलक' और 'पिता के पत्र-पुत्री के नाम' जैसे ग्रंथ लिखने की ज़रूरत है और न ही अभिरुचि और न ही बौद्धिक बेचैनी। मोदी जी ने 'एग्जाम वारियर' जैसी किताब लिखी है और उनके 'मन की बात' को भी प्रकाशित किया गया है। लेकिन देश की आजादी के लिए तकरीबन एक दशक तक जेल में बिताने वाले नेहरू का रिकॉर्ड मोदी जी कैसे तोड़ेंगे? अगर विनायक दामोदर सावरकर को छोड़ दिया जाए तो हिंदुत्व विचार के किसी नेता के खाते में इतनी लंबी जेल यात्रा नहीं है। नेहरू और कांग्रेस पार्टी पर एकहद तक भारत के विभाजन का दोष भी जाता है लेकिन उन्हें इस बात का श्रेय भी जाता है कि उन्होंने एक टूटे हुए देश के बाक़ी बचे हिस्से को जोड़ने संवारने और बनाने का काम किया। 'हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकाल के इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के', शायद यह गीत उन्हीं पर लिखा गया था।

नेहरू को चीन से विश्वासघात मिला और मिला देश को पराजय का गहरा जख्म, जिससे नेहरू उबर नहीं पाए और आखिरकार चीन के आक्रमण के एक साल बाद यानी 1964 विदा हो गए। लेकिन गुटनिरपेक्ष आंदोलन के माध्यम से उन्होंने औपनिवेशिक वर्चस्व के विरोध में दुनिया में एक नई चेतना का संचार किया और उसे नेतृत्व दिया। इस नाते नेहरू का अमेरिका से लेकर सोवियत संघ तक गहरा सम्मान था। नेहरू ने भारत और दुनिया के कई देशों को औपनिवेशिक वर्चस्व से निकाला था और वे विऔपनिवेशीकरण के वैश्विक अभियान के अगुआ था, इसीलिए भारत के आजाद होने के बाद दुनिया के कम से कम सौ देश औपनिवेशिक गुलामी से आजाद हुए थे। जबकि मोदी जी ने भारत की संप्रभुता को अमेरिका जैसे वर्चस्ववादी देश के सामने झुका दिया। एक तरह से देखें तो भारत महाशक्तियों के औपनिवेशीकरण अभियान के सामने कोई बाधा नहीं है। न ही वह किसी देश को इस चंगुल से बचाने के लिए इच्छुक और योग्य दिखता है। नेहरू ने 1930 में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव ही नहीं पेश किया, उन्होंने संविधान सभा के महत्वपूर्ण सदस्य के तौर पर संविधान का ऑब्जेक्टिव रिजोल्यूशन पेश किया और उद्देशिका भी आखिर में पेश की। नेहरू के नेतृत्व में ही भारत को धर्मनिरपेक्ष संविधान मिला और उसी नाते भारत अब तक एकजुट है। जबकि मोदी जी के नेतृत्व में सबसे कमजोर धर्मनिरपेक्षता का ढांचा ही हुआ है और ऐसी नीतियों ने भारत को भीतर से तोड़ा है। मोदी की सफलता निजी और संघ परिवार की सफलता है जबकि नेहरू की सफलताएं देश समाज और दुनिया की सफलताएं थीं।

नेहरू और मोदी की इतनी तुलना भी करने का औचित्य नहीं था लेकिन मोदी जी के भक्तों ने माहौल ही ऐसा निर्मित किया है कि कुछ न कुछ कहना मजबूरी बन जाती है। लेकिन असली सवाल यह है कि मोदी जी और उनके भक्त स्वाधीनता संग्राम का वह आर्थिक रूप से विपन्न, राजनीतिक रूप से गुलाम लेकिन बौद्धिक, नैतिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध दौर कहां से लाएंगे? तिलक, गांधी, पटेल, मौलाना, सुभाष, टैगोर, भगत सिंह, आचार्य नरेंद्र देव, सरोजिनी नायडू, राजगोपालाचारी, जयप्रकाश नारायण, ईएमएस नंबूदिरीपाद, डॉ. राममनोहर लोहिया जैसे लोग बार-बार नहीं आते। नेहरू उनके युग में पैदा हुए थे। क्या मोदी जी नेहरू की तरह अपने युग में वैसे लोगों की सोहबत पा सकते हैं? क्या वे उनसे वैचारिक संवाद करने को तैयार हैं? वैसे लोग मानव इतिहास में उन विशेष स्थितियों में उत्पन्न होते हैं जिसका जिक्र अर्नाल्ड जे. टायन्बी ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'स्टडी ऑफ़ हिस्ट्री' में किया है।

मानव इतिहास में कई बार ऐसा अद्वितीय नेतृत्व संकट के समय पैदा होता है और खुशहाली के समय नदारद रहता है। कुल मिलाकर दोनों व्यक्ति और दोनों युग एकदम भिन्न हैं और उनकी तुलना अनुचित है।

अध्यात्म

## दुःख का मूल कारण तृष्णा यानि लालसा या अपेक्षा है



गौतम बुद्ध का कहना था कि दुःख का मूल कारण तृष्णा यानि लालसा या अपेक्षा है। जब हम किसी से जरूरत से ज्यादा उम्मीद रखते हैं, तो हम अपने मन की शांति उस व्यक्ति के व्यवहार पर निर्भर कर देते हैं। यदि सामने वाला हमारी उम्मीदों के अनुसार व्यवहार न करे, तो हमें दुःख होने लगता है। बुद्ध का मानना था कि दूसरों से कम अपेक्षा और खुद पर विश्वास ज्यादा रखना चाहिए क्योंकि हर व्यक्ति की सोच, परिस्थिति और व्यवहार अलग होता है। जो हम चाहते हैं, जरूरी नहीं कि दूसरा व्यक्ति भी वैसा ही सोचता हो। बुद्ध ने सिखाया कि जीवन में सुख और सफलता का आधार स्वयं का प्रयास है। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय स्वयं को बदलना और सुधारना ही सही मार्ग है। एक कथा के अनुसार, एक बार एक आलसी व्यक्ति से बुद्ध ने कहा कि कोई भी जन्म से हुनर लेकर नहीं आता, बल्कि परिश्रम से ही जीवन सुधरता है। इसलिए, अपनी मेहनत और सोच पर भरोसा करें। उम्मीदें रिश्तों में तनाव पैदा करती हैं। बुद्ध ने समझाया कि स्वीकार्यता और करुणा से रिश्ते मजबूत होते हैं, न कि अपेक्षाओं से। बार-बार यह सोचना कि 'उसने ऐसा क्यों नहीं किया' या 'मेरे लिए इतना भी नहीं कर सका' मन को अशांत कर देता है। बुद्ध ने कहा कि जीवन में संतोष ही सबसे बड़ा धन है। दूसरों से उम्मीदें घटाने का अर्थ यह नहीं कि हम उनसे दूरी बना लें, बल्कि यह कि हम उनकी स्वतंत्रता को स्वीकार करें। इससे मन में क्रोध, ईर्ष्या और निराशा कम होती है। बुद्ध की सीख का मतलब यह नहीं है कि रिश्तों में प्रेम या भरोसा खत्म कर दिया जाए। इसका अर्थ यह है कि इंसान को अपनी खुशी पूरी तरह दूसरों के व्यवहार पर निर्भर नहीं करनी चाहिए।

**सीखः** दूसरों से पहले खुद को समझने की कोशिश करें। अपनी खुशी का स्रोत खुद बनें। लोगों से प्रेम करें, लेकिन उनसे अत्यधिक अपेक्षाएं न रखें। वर्तमान में जीना सीखें। छोटी-छोटी बातों को दिल से लगाना छोड़ दें।

# प्रकृति के सम्यक उपयोग की ओर लौटने की जरूरत

**पिछले सात दशक में पर्यावरण को लेकर देश में जबर्दस्त जागरूकता बढ़ी है और पर्यावरण के हर आयाम पर नीतिगत रूप से काम करने की प्रक्रिया भी संचालित की गई है। जंगल बचाने से लेकर नदियों को साफ करने तक, प्रदूषण रोकने से लेकर जैव विविधता के संरक्षण तक अनेक योजनाएं बनाई गईं। लेकिन समग्र रूप से पर्यावरण का आकलन करें तो यही लगता है कि विकास की तेज दौड़ में प्रकृति ने सबसे ज्यादा कीमत चुकाई है। आजादी के बाद सड़कों, सिंचाई परियोजनाओं, बांधों, उद्योगों और शहरों के विस्तार ने देश को आधुनिक विकास की दिशा में जरूर आगे बढ़ाया, लेकिन इस विकास के लिए जल, जंगल और जमीन का जिस तरह इस्तेमाल हुआ, उसके दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं। आजादी के शुरुआती दशकों में विकास का अर्थ था- सड़कें, कारखाने, बड़े बांध और बिजली परियोजनाएं। इसके लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे गए। जंगलों की जगह सड़कें और बस्तियां बसती गईं। खनन, उद्योग और निर्माण कार्यों के लिए वनभूमि का लगातार हस्तांतरण होता रहा।**

**कुमार सिद्धार्थ**

जंगल केवल लकड़ी या वनोपज का स्रोत नहीं होते, वे वर्षा, मिट्टी, जल और जीवन का आधार होते हैं। लेकिन विकास की हमारी अवधारणा लंबे समय तक इन्हें संसाधन भर मानती रही। इसका नतीजा यह हुआ कि जंगलों का दायरा सिकुड़ता गया और पर्यावरणीय संतुलन कमजोर पड़ने लगा।

भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्टें बताती हैं कि देश में हरित आवरण बढ़ाने के प्रयास जरूर हुए हैं, लेकिन प्राकृतिक घने जंगलों की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र के मुकाबले वन और हरित आवरण का अनुपात अभी भी उस लक्ष्य से कम है, जिसकी कल्पना राष्ट्रीय वन नीति में की गई थी। वर्ष 1988 की वन नीति में कहा गया था कि देश के एक तिहाई भू-भाग पर जंगल होने चाहिए और पर्वतीय क्षेत्रों में यह अनुपात दो तिहाई होना चाहिए। लेकिन आज भी हम इस लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए हैं। वृक्षारोपण के अभियान जरूर चलाए गए, पर यह भी गौर करने वाली बात है कि लगाए गए पेड़ों में कितने बचे और वे प्राकृतिक जंगलों की तरह जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन देने में कितने सक्षम हुए।

जंगलों की इस कटाई का असर केवल पेड़ों तक सीमित नहीं रहा। वर्षा चक्र प्रभावित हुआ, मिट्टी का कटाव बढ़ा, नदियों का स्वभाव बदला और जल संकट गहराने लगा। पहले गांवों में चौमासे के पानी को पूरे साल के लिए बचाकर रखने की कुआं, तालाब, बावड़ी और जल-संचयन की समृद्ध परंपरा थी। पानी स्थानीय स्तर पर जमीन में समाता था और भूजल का संतुलन बना रहता था। लेकिन आधुनिक विकास के साथ इन परंपरागत प्रणालियों की उपेक्षा शुरू हो गई। नहरों का जाल बिछाने के लिए नदियों को बांधा गया। बांधों के साथ बिजली उत्पादन का तर्क भी जोड़ा गया। फिर भी जब सिंचाई की कमी रह गई तो नलकूपों का सहारा लिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि भूजल का अत्यधिक दोहन शुरू हो गया। आज देश के अनेक हिस्सों में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और पानी का संकट जीवन की बड़ी चुनौती बन चुका है।पर्यावरण की इस गिरती स्थिति की आहट बहुत पहले सुनाई देने लगी थी। 1970 के दशक में उत्तराखंड के चमोली में चिपको आंदोलन शुरू हुआ। गांव के लोग अपने जंगलों को कटने से बचाना चाहते थे, क्योंकि उनकी आजीविका, उनका भविष्य और उनका जीवन उन्हीं जंगलों पर निर्भर था। इसी तरह नर्मदा घाटी में बड़े बांधों के दुष्प्रभाव सामने आए तो वहां भी लोगों ने आवाज उठाई। केरल की शांत घाटी हो, पश्चिमी घाट के जंगल हों, बस्तर का आदिवासी क्षेत्र हो या समुद्रतटीय इलाके–देश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों ने अपने-अपने स्तर पर प्रकृति बचाने की लड़ाई लड़ी। इन आंदोलनों ने देश को यह समझाया कि पर्यावरण केवल पेड़ों और नदियों का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह मनुष्य, समाज, संस्कृति और भविष्य का प्रश्न भी है।



सही बात है कि औद्योगिकीकरण और बड़े विकास मॉडल के जितने लाभ गिनाए गए थे, उतने वास्तव में नहीं दिखे। अनेक बड़ी घाटी परियोजनाओं के लिए हजारों परिवार उजाड़े गए, लेकिन उनके पुनर्वास की समस्याएं आज तक पूरी तरह नहीं सुलझीं। बड़ी परियोजनाओं ने क्षेत्रीय संस्कृति, जीवन-पद्धति और स्थानीय समाज को भी प्रभावित किया। यह भी सच है कि बड़े बांधों और भारी निर्माण कार्यों के पर्यावरणीय दुष्प्रभावों का आकलन हमेशा गंभीरता से नहीं किया गया। विकास की चमक में प्रकृति और मनुष्य के बीच के रिश्ते को अक्सर नजरअंदाज किया गया।

आज पर्यावरण संकट का सबसे बड़ा चेहरा ग्लोबल वार्मिंग के रूप में सामने है। मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। कहीं भीषण गर्मी पड़ रही है, कहीं अचानक बाढ़ आ रही है, कहीं लंबे सूखे की मार है तो कहीं चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने असामान्य तापमान, बेमौसम बारिश और प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता को करीब से देखा है। गर्मी के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं और शहरों से लेकर गांव तक इसका असर महसूस किया जा रहा है।लेकिन हमें केवल ग्लोबल वार्मिंग ही नहीं, लोकल वार्मिंग को भी पहचानने की जरूरत है। हिमालय इसका बड़ा उदाहरण है। बदरीनाथ, केदारनाथ जैसे तीर्थ, हिमशिखर, हिमनदियां और बर्फीली चोटियां हमारे प्राकृतिक वैभव का हिस्सा हैं। पहले इन इलाकों में सीमित संख्या में लोग पहुंचते थे। वे परंपरागत साधनों और स्थानीय आवासों का उपयोग करते थे और लौट जाते थे। इससे वहां के पर्यावरण पर दबाव न्यूनतम रहता था। लेकिन सुविधाओं के विस्तार और पर्यटन के बढ़ते दबाव ने इन क्षेत्रों का स्वरूप बदल दिया है। आज लाखों यात्री हर साल इन इलाकों में पहुंचते हैं। सड़कों, होटलों, पार्किंग, वाहनों और निर्माण गतिविधियों का असर वहां के सामान्य तापमान, हिमनदों और नदियों के परितंत्र पर पड़ रहा है। हिमालय की संवेदनशीलता को देखते हुए हाल के वर्षों में आई आपदाओं ने यह चेतावनी भी दी है कि प्रकृति की सीमाओं की अनदेखी भारी पड़ सकती है। शहरों में भी पर्यावरण की स्थिति कम चिंताजनक नहीं है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, कचरे का संकट और बढ़ती गर्मी ने शहरी जीवन को कठिन बना दिया है। महानगरों में हरियाली घट रही है और सीमेंट-कंक्रीट का फैलाव बढ़ रहा है। वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है, जिसके कारण हवा की गुणवत्ता खराब होती जा रही है। गर्मियों में शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से कई डिग्री ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। यह भी लोकल वार्मिंग का ही एक रूप है।हाल के वर्षों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कुछ सकारात्मक पहलें भी हुई हैं। सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को लेकर नई पहलें की जा रही हैं। लेकिन यह भी सच है कि केवल योजनाओं और कानूनों से पर्यावरण नहीं बचाया जा सकता, जब तक समाज की जीवनशैली और विकास की सोच में बदलाव न आए।गांधी जी कहते थे कि प्रकृति हर एक की जरूरत तो पूरी कर सकती है, पर लालच नहीं। यह गूढ़ बात आज पहले से ज्यादा प्रासंगिक हो गई है। पिछले 75 साल में विकास की हमारी अवधारणा प्रकृति के अधिकतम दोहन पर केंद्रित रही है। अब समय आ गया है कि हम उन परंपरागत भारतीय व्यवस्थाओं को फिर से याद करें, जिनमें जल का संरक्षण था, जंगलों के प्रति सम्मान था और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने की समझ थी। हमें प्रकृति के सम्यक उपयोग की अवधारणा को फिर से बढ़ाना होगा। विकास जरूरी है, लेकिन ऐसा विकास जो पर्यावरण को नष्ट करके नहीं, बल्कि उसके साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़े। क्योंकि जल, जंगल और जमीन केवल आज की जरूरत नहीं, आने वाली पीढ़ियों की भी धरोहर हैं। यही समझ देश के पर्यावरण के सच्चे विकास का आधार बन सकती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आप धार्मिक कार्यों में अत्यधिक रुचि लेंगे। नये कार्यों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। बुद्धि से लिये गये निर्णयों से आपको अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ**
आप दिखावे में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। पुरानी गलतियों को दूर करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन**
आज आप अपने निर्णयों को प्राथमिकता दें। व्यापार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। अपनी कार्यशैली में परिवर्तन न करें। योजनाबद्ध रूप से कार्य करेंगे।

**कर्क**
अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। अधिक सोच-विचार के कारण आपके काम प्रभावित होने की सम्भावना है। जीवनसाथी की भावनाओं का विशेष ध्यान रखें।

**सिंह**
मन में प्रसन्नता रहेगी। अपने काम में पारदर्शिता बनाकर रखें। मन में कुछ सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रेम सम्बन्धों के लिये दिन काफी अच्छा है।

**कन्या**
आज आप खाने को लेकर काफी शौकीन रहेंगे। सम्पत्ति के लेन-देन सरलता से पूर्ण हो जायेंगे। अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिये।

**तुला**
वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव और समर्पण का भाव बढ़ेगा। कई दिनों से रुके हुये काम दोबारा शुरू होंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन होगा।

**वृश्चिक**
परिवार के किसी व्यक्ति के साथ आपका विवाद हो सकता है। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। खानपान में लापरवाही नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है।

**धनु**
आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। दोस्तों के साथ मनोरंजन का आनन्द उठायेंगे। मन को शान्त रखने के लिये मधुर संगीत की सहायता ले सकते हैं।

**मकर**
आज अनावश्यक मामलों में आपको उलझने से बचना चाहिये। उच्च अधिकारी के साथ आपके सम्बन्ध बहुत ही अच्छे रहेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में विस्तार कर सकते हैं। नयी स्किल्स सीखने का प्रयास करेंगे। माता-पिता के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। आज बच्चों के साथ काफी समय बितायेंगे।

**मीन**
अनुचित कार्यों को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। आपके खर्चों में कमी आयेगी। सन्तान की गलतियों पर पर्दा न डालें। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के नीमचक गांव में बुधवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला ने अपने घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को अपने कब्जे में ले लिया मृतक की पहचान 28 वर्षीय अंचल देवी पति उदय यादव के रूप में हुई है। उदय यादव मजदूरी के लिए प्रदेश में रहकर काम करता है। इस दौरान मानसिक तनाव के चलते महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद पुलिस ने मृतक की लाश को बाढ़ अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वही ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अंचल देवी के दो पुत्र और पुत्री भी है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### मारपीट कर वृद्ध महिला व दो बच्चों को किया जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के लक्ष्मीपुर गांव में बुधवार की दोपहर घर के आगे पानी गिराने के विवाद को लेकर पड़ोसी के द्वारा एक वृद्ध महिला और दो बच्चों की पिटाई कर दी गई। जिसमें महिला और एक बच्ची को गंभीर चोटे आई है। घटना के बाद 10 वर्षीय शशि रंजन 8 वर्षीय अनुष्का कुमारी और 60 वर्षीय सुनीता देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिसे इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां महिला का इलाज चल रहा है।

### दो बाइको की टक्कर में दो लोग जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार की संध्या बाढ़ के सविता सिनेमा हॉल के पास ठल- 31 पर दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार टक्कर मारकर भागने में सफल रहा वहीं जबरदस्त टक्कर के बाद सड़क पर गिरकर दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायलों में संजीत कुमार और मनोज कुमार दोनों पंडारक थाना क्षेत्र के रसुल्ला गांव का रहने वाला है दोनों का इलाज बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में कराया गया।

### जमीन बेचने के नाम पर 6लाख75 हजार की ठगी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नालंदा निवासी दीपक कुमार से बेलछी थाना के कोरारी गांव निवासी संतोष कुमार ने जमीन बेचने के नाम पर 6 लाख75 हजार रुपए की ठगी कर लिया। नालंदा जिले के हरनौत थाना अंतर्गत लांघौरा गांव निवासी दीपक कुमार का कहना है कि संतोष कुमार से जमीन खरीदने के लिए करार हुआ था। इसी को लेकर रुपए का भुगतान ऑनलाइन खाता में कराया गया। बाद में आरोपी ने जमीन रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया।न ही रकम लौटायी।इस संबंध में थाने में संतोष कुमार ,प्रदुमन, मिट्ठू पासवान, सहित चार लोगों को नामजद किया गया है।

### जमीनी विवाद में मारपीट,दो जख्मी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर हाई स्कूल स्थित तुरहा टोली में जमीनी विवाद में एक पक्ष के दो लोगों को मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना के आरोपी सपरिवार फरार है। दोनों जख्मी का अनुमंडलीय अस्पताल में उपचार कराया गया। पीड़ित शुभम आदित्य ने लिखित शिकायत करते हुए दीपक कुमार,रीतिक कुमार व उसके पिता देवेन्द्र सिंह समेत अन्य को आरोपित किया है।शुभम ने बताया कि हमारे जमीन पर सभी आरोपी झोपड़ी देने पहुंची।तब दादी गाजमति देवी विरोध करने पहुंचे तो सभी मारपीट करने लगे। लोगों ने मारपीट करने की खबर हमको दिया।जब हम पहुंचे तो सभी हमारे साथ मारपीट किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

### तीर्थयात्रा से लौट रही कार हादसे का शिकार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार देर रात मोकामा के मराँची थाना क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। एनएच-80 पर शेरपुर के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर से सटे बिजली के पोल और दीवार के बीच जा टकराई। बुधवार देर रात, शेरपुर गांव के पास, एनएच-80 पर कार चालक का संतुलन बिगड़ने से गाड़ी सीधे पोल और घर के बीच टकरा गई।सभी तीर्थ स्थल के दर्शन कर मधुबनी लौट रहे थे।मराँची थानाध्यक्ष रौशन कुमार के अनुसार, हादसे में कार सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायल मधुबनी जिले के मोहनपुर गांव, रामनगर के निवासी मीणा कुमारी, विमला देवी,निर्मला देवी और पप्पु ठाकुर इस हादसे में बुरी तरह जख्मी हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही मराँची पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार केंद्र मराँची में भर्ती करवाया। फिलहाल चारों का इलाज पीएचसी मराँची में चल रहा है।थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसे का कारण चालक को झपकी आना या तेज रफ्तार हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### विधायक डॉ रामानंद यादव ने किया ई -रिक्शा शो रुम का उद्घाटन

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा-दनियावां एनएच -30ए पर फोर लेन आरओबी के नीचे बिहार इंटर प्राईजेज ई- रिक्शा शो रूप का उद्घाटन स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री डॉ रामानंद यादव ने किया. और पूजा में भाग लेकर प्रसाद भी ग्रहण किया.विधायक ने कहा कि छोटे छोटे व्यवसाय से ही युवा स्वाबलंबी बनेगें जिससे बिहार का विकास होगा. इस मौके पर रवि शर्मा,ब्रजेश यादव,जदयू नेता डॉ नागेन्द्र प्रसाद, भोला सिंह, अरविंद,नवल किशोर यादव, यादव,बबलू यादव,धर्मवीर गोप,महेंद्र प्रसाद समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।



### बैंक से 1.50 लाख निकालकर जा रहे बुजुर्ग का झोला काटकर चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्टेट बैंक मसौढ़ी से 1 लाख 50 हजार रुपये निकालकर घर जा रहे विनय कुमार चंदेल, पिता स्वर्गीय रामदाहीन राम, गंगाचक मालिकाना निवासी का झोला काटकर अज्ञात चोरों ने पूरी रकम उड़ा ली। घटना 17 जून 2026 को दिन के करीब 1:30 बजे की है। पीड़ित ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वे स्टेट बैंक मसौढ़ी से पेंशन बुक से 1.50 लाख रुपये निकालकर घर लौट रहे थे। रास्ते में भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने उनका झोला काट दिया और पूरी नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे उउळश फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान हो सके।थानाध्यक्ष ने कहा कि बैंक से बड़ी रकम निकालते समय सतर्कता बरतें। नकदी को सुरक्षित स्थान पर रखें और अकेले न जाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।फिलहाल पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

### देशी कट्टा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी राजा कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तारी शाहजहांपुर थाना में दर्ज लूट कांड में पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर हुई है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान बहादुरबिगहा निवासी राजा कुमार के रूप में हुई है। शाहजहांपुर थाना में लूट की एक वारदात को लेकर इसी मामले में पहले कादिरगंज के एक युवक रौनी उर्फ अभिषेक को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान कादिरगंज के आरोपी ने राजा कुमार का नाम लिया था। उसी निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर राजा कुमार को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और एक कारतूस मिला। पुलिस ने आरोपी राजा कुमार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है कि हथियार कहां से लाया और लूट की घटना में उसकी क्या भूमिका थी। पुलिस लूट कांड में शामिल अन्य अपराधियों की भी तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इलाके में अपराध पर लगाम लगाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं समेकित कृषि प्रणाली अपनाने का आह्वान



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार के कृषि विभाग तथा अटारी, पटना एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना के संयुक्त तत्वावधान में बीज गुणन प्रक्षेत्र, नौबतपुर, पटना में दिनांक 17 जून 2026 को 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत विशाल किसान-वैज्ञानिक संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर कृषि की दीर्घकालिक उत्पादकता सुनिश्चित करना था। मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि धरती हमारी माता है और इसकी रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पारंपरिक कृषि पद्धतियों का उल्लेख करते हुए गोबर की खाद सहित जैविक स्रोतों के महत्व पर बल दिया तथा कहा कि पशुधन में कमी आने से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता बढ़ी है। उन्होंने किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर ही अनुशंसित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने टिकाऊ कृषि पद्धतियों के माध्यम से 'धरती माता' की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से 'सही उर्वरक, सही मात्रा और सही सलाह' के सिद्धांत को अपनाने की अपील की तथा वैज्ञानिक तकनीकों को प्रयोगशालाओं से किसानों के खेतों तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा किसानों के बीच कार्य कर रहे आईसीएआर के वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना की। आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ. आर. के. सिंह ने 'खेत बचाओ अभियान' की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अब तक संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रक्षेत्र में वृक्षारोपण किया तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना की टीम के साथ धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) प्रदर्शन एवं मिलेट नर्सरी प्रदर्शन में प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया । कार्यक्रम में बिहार सरकार के कृषि विभाग के प्रधान सचिव श्री नर्मदेश्वर लाल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास तथा तथा केंद्र, राज्य सरकार, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया।

## सहयोग शिविर पर ग्रामीणों को भरोसा नहीं, सरकारी कार्यशैली पर उठा रहे हैं सवाल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड आज से चार दशक पहले बेलछी नरसंहार को लेकर पूरे देश में चर्चा हुई थी हालांकि निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह क्षेत्र कर्मभूमि कहलाता है लेकिन सरकारी उदासीनता के चलते यहां के ग्रामीण को सरकारी सेवक पर कोई भरोसा नहीं दिख रहा है हालत यह है कि सबसे ज्यादा समस्या यहां अंचल कार्यालय से जुड़ा हुआ है और वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा सहयोग का आयोजन कर समस्याओं का निदान करने का प्रयास पर यहां के लोगों को अभी विश्वास नहीं है क्योंकि यहां के ग्रामीण अपनी जमीन जायदाद की समस्या से इतना परेशान है कि अब उन्हें मुख्यमंत्री के द्वारा चलाए गए अभियान पर भी भरोसा नहीं है बेलछी प्रखंड में आज सहयोग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 26 काउंटर लगाए गए हर विभाग अपने-अपने काउंटर पर बैठा है लेकिन समस्या जस की तस्वीर आधार कार्ड विभाग का कंप्यूटर खराब है जिसके चलते एक भी ग्रामीण की समस्या दूर नहीं हुई, वही अंचल कार्यालय के काउंटर पर लोगों को



भरोसा नहीं है ग्रामीणों का कहना है कि अंचलाधिकारी महोदय कार्यालय में जब है नहीं तो शिकायत किस करें और शिकायत करने से फायदा भी क्या 2 सालों से चक्कर काट रहा हूं, कोई कृषि कार्य के लिए अपने खेत में बिजली का खंभा के लिए परेशान है तो कोई मोशन के लिए तो कोई जमीन की मापी के लिए, लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार सब कुछ बेहतर होने की बात कर रहे हैं।

## मोकामा में पानी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, उपसरपंच समेत 5 घायल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सम्यागढ़ थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में बुधवार को गली में पानी गिराने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पड़ोसियों ने उपसरपंच सुनीता देवी और उनके परिवार पर छत से ईंट-पत्थर बरसाए। हमले में उपसरपंच समेत दो मासूम बच्चों और कुल पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर किया गया है।ग्रामीणों के मुताबिक, उपसरपंच सुनीता देवी का पड़ोसी पिछले एक साल से जबरन गली में पानी गिरा रहा था। सुनीता देवी के विरोध करने पर वह अक्सर झगड़ा करता था।बुधवार को जमीन की नापी के सवाल पर विवाद इतना बढ़ा कि पड़ोसी भड़क गया। इसके बाद पड़ोसी और उसके स्वजनों ने मकान की छत से उपसरपंच के परिवार पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। करीब एक घंटे तक गांव में अफरा-तफरी रही और लक्ष्मीपुर रणक्षेत्र बना रहा।उपसरपंच सुनीता देवी, उनके परिवार के दो मासूम बच्चे समेत कुल 5 लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं।सम्यागढ़ पुलिस ने अनुपम कुमार के आवेदन पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सभी आरोपी घटना के बाद से गांव से फरार हैं।घटना के बाद लक्ष्मीपुर गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी पक्ष दबंग प्रवृत्ति का है और पहले भी कई बार विवाद कर चुका है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने डीजीपी से की शिकायत, सिटी एसपी ने कहा- होगी जांच

### पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने धनरूआ थानाध्यक्ष पर लगाया पैसा लेने का आरोप, डीजीपी से कार्रवाई की मांग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि कुशवाहा ने धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बिहार के डीजीपी विनय कुमार और पटना सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार से थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नागमणि का आरोप है कि थानाध्यक्ष ने दुष्कर्म के आरोपी पक्ष से पैसा लेकर मामले में ढिलाई बरती है।दरअसल 25 मई को धनरूआ थाना क्षेत्र के नसीरनाचक स्थित ऊअश स्कूल में तीसरी कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। आरोप है कि स्कूल के मैथ टीचर शिवकुमार ने प्रलोभन देकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घटना के दो दिन बाद पीड़िता की मां ने धनरूआ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी फरार है। न गिरफ्तारी हुई है, न कुर्की-जब्ती।



पूर्व मंत्री नागमणि कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने धनरूआ थानाध्यक्ष को फोन कर मामले में फीडबैक और कार्रवाई की जानकारी मांगी थी। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने कहा- "आपको जहां जाना है, जो करना है कीजिए, हम अपने हिसाब से काम करेंगे। इस बात से नाराज नागमणि ने डीजीपी विनय कुमार और सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार को फोन कर शिकायत की। उन्होंने कहा, एक तरफ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी छोटी बच्चियों के दुष्कर्म मामले में सख्त रवैया अपना रहे हैं, कड़ी सजा दिलाने की बात कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर धनरूआ थानाध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री से अपमानजनक बात कर रहा है।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सीधा आरोप लगाया कि धनरूआ थानाध्यक्ष ने आरोपी पक्ष से तीन-चार लाख रुपए लिए हैं, इसलिए कार्रवाई करने में देरी कर रहे हैं। उन्होंने थानाध्यक्ष को तत्काल हटाकर विभागीय कार्रवाई की मांग की है। सिटी रढ पूर्वी परिचय कुमार ने मामले में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी पर कार्रवाई होगी।

## ओरियंटल कॉलेज और प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू पर हस्ताक्षर

### छात्रों को मिलेगा सामाजिक इंटर्नशिप का मंच



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवाओं को किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से ओरियंटल कॉलेज, गुलजारबाग और प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच एक ऐतिहासिक समझौता इकरारनामा ज्ञापन(एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इस साझेदारी से अब कॉलेज के छात्रों को प्रतिष्ठित एनजीओ में इंटर्नशिप, वॉलेंटियरशिप और समाज सेवा के प्रोजेक्ट्स पर काम करने का सीधा अवसर मिलेगा।

**क्लासरूम से सीधे जमीनी स्तर तक**

एमओयू के तहत हर सेमेस्टर में चयनित छात्र प्रेम यूथ फाउंडेशन के अभियानों से जुड़ेंगे। इनमें गंगा सफाई अभियान, प्लास्टिक मुक्त पटना, विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम, लू राहत, शरबत वितरण, रक्तदान शिविर और ग्रामीण बच्चों को शिक्षा जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। ओररियंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. फैजी आफताब ने कहा, "एनईपी- 2020 की भावना यही है कि शिक्षा समाज से कटे नहीं। जब छात्र धूप में खड़े होकर गंगा साफ करेंगे, मजदूरों को शरबत पिलाएंगे, तो उनमें सामाजिक दायित्व और नेतृत्व दोनों विकसित होगा। यही डिग्री से बड़ी सीख है।

**गांधीवादी मूल्यों पर मिलेगी ट्रेनिंग**

प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि संस्था विश्व युवक केंद्र के सहयोग से काम करती है। हम छात्रों को सिर्फ वॉलेंटियर नहीं बनाएंगे। उन्हें प्रोजेक्ट प्लानिंग, टीम लीड, मीडिया हैंडलिंग और फंड रेजिंग भी सिखाएंगे। इंटर्नशिप पूरी करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर एनईपी कॉर्डिनेटर डॉ. विपिन कुमार दुबे और फाउंडेशन की प्रोग्राम ऑफिसर सुलेखा कुमारी भी मौजूद रहीं।

## भगवानगंज में आयोजित सहयोग सह जन कल्याण शिविर में जीविका दीदियों के उत्पादों का स्टॉल रहा आकर्षक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज पंचायत भवन में सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए, जिनका निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी भी उपस्थित रहे।शिविर में जीविका की लखपति दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। स्टॉल पर चाउमीन, चाट, मिट्टी के बर्तन एवं नीरा बिक्री काउंटर लगाया गया था। मौके पर बीडीओ सीओ, प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी, पंचायत मुखिया एवं जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी ने स्टॉल का अवलोकन किया तथा नीरा एवं अन्य उत्पादों का स्वाद लेकर इसकी सराहना की। पदाधिकारियों ने जीविका दीदियों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए इसे ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम में सामुदायिक समन्वयक आशा कुमारी, सीएफ गौतम, राजूपाल, नीरज, रंजीत कुमार सहित अन्य जीविका कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।शिविर के माध्यम से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## मोकामा में जन कल्याण शिविर के अंतिम दिन उमड़ा फरियादियों का सैलाब

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर के अंतिम दिन मोकामा और घोसवरी प्रखंड में फरियादियों की भारी भीड़ जुटी। दोनों प्रखंडों में कुल 133 लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिए, जिनमें से 122 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया।मोकामा प्रखंड में 99 लोगों ने आवेदन देकर समस्या के निदान की गुहार लगाई। बीडीओ रवि कुमार ने कार्यकुशलता दिखाते हुए कुल 91 आवेदनों का आवेदकों की संतुष्टि के साथ आन स्पॉट निष्पादन किया। शिविर में कन्या उत्थान योजना के 30 मामले, आधार कार्ड की त्रुटि के 21 मामले,मुख्यमंत्री वृद्धजन योजना के 23 मामले,जॉब कार्ड 10 मामले और अन्य



7 मामले राजस्व विभाग के 7 समेत शेष 8 मामलों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा में होने की उम्मीद है। बीडीओ रवि कुमार ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन सभी फरियादियों की अपील सुनकर त्वरित कार्रवाई की गई।घोसवरी में संपन्न हुए शिविर में 34 लोगों ने न्याय की गुहार लगाई। बीडीओ अरविंद कुमार ने 31 फरियादियों के मामले का मौके पर ही न्यायपूर्ण निष्पादन कर दिया।प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में त्वरित न्याय मिलने से लोगों में खुशी का माहौल है। फरियादियों ने कहा कि एक ही जगह पर कई विभागों के अधिकारियों के बैठने से समय और पैसे दोनों की बचत हुई। लोगों ने मुख्यमंत्री की इस पहल की खूब सराहना की और इसे जनहित में बड़ा कदम बताया।

## 25 लाख की ठगी मामले में फरार आरोपी घर की कुर्की-जब्ती

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमीन रजिस्ट्री कराने के नाम पर 25 लाख 36 हजार रुपये की ठगी करने वाले फरार आरोपी पर मसौढ़ी पुलिस ने शिकंजा कसा है। गुरुवार को पुलिस ने कुम्हारटोली निवासी आरोपी रंजीत कुमार, पिता राजेंद्र राम के घर पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। आरोपी के सरेंडर नहीं करने पर घर का सामान जब्त कर लिया गया।यह पूरा मामला मसौढ़ी थाना कांड संख्या 77/26 से जुड़ा है। वादी कुणाल कुमार, पिता नाथुन सिंह, निवासी तरेगना चक ने थाने में आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने बताया कि कुमारटोली के रंजीत कुमार ने उन्हें विश्वास में लेकर तारेगना मौजा में जमीन दिखाई थी। कुणाल को 15 धुर जमीन खरीदनी थी।कुणाल के मुताबिक,



शुरूआत में 1000 रुपये का एग्रीमेंट करवाया गया। इसके बाद कई किस्तों और RTGS के माध्यम से रंजीत ने उनसे कुल 25 लाख 36 हजार रुपये ले लिए। जब कुणाल ने रजिस्ट्री के लिए दबाव बनाया तो आरोपी लापता हो गया। तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ और थाने में शिकायत दर्ज कराई।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ इश्तेहार चस्पा कर उसे सरेंडर करने का समय दिया गया था। तय समय सीमा में सरेंडर नहीं करने पर गुरुवार को न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने घर पहुंचकर सामान की जब्ती सूची बनाई।पुलिस ने साफ किया है कि फरार वारंटियों और आर्थिक अपराध के आरोपियों के खिलाफ 'कुर्की अभियान' लगातार जारी रहेगा।

## नदी थाना पुलिस की कार्रवाई, शराब के साथ दो गिरफ्तार

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए एक



पुरुष एवं एक महिला को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सफलता हासिल की। पहले मामले में नदी थाना पुलिस ने ग्राम मौजीपुर में छापेमारी कर 33 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की। इस दौरान रोहण कुमार (27 वर्ष), पिता स्वर्गीय शंकर राय, निवासी मौजीपुर, थाना नदी, जिला पटना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी को हिरासत में लेते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने ग्राम सम्मसपुर में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 5.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। इस कार्रवाई में मीना देवी (45 वर्ष), पिता स्वर्गीय राजकुमार चौरसिया, निवासी सम्मसपुर, थाना नदी, जिला पटना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर महिला अभियुक्त के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

## लखपति दीदियों के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्रः मिट्टी के बर्तनों से चाट तक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज पंचायत भवन में गुरुवार को आयोजित 'सहयोग सह जन कल्याण शिविर' में जीविका की लखपति दीदियों का जलवा रहा। दीदियों के उत्पादों को न सिर्फ सराहना मिली, बल्कि प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार समेत सभी पदाधिकारियों ने नीरा और चाउमीन का स्वाद लेकर दीदियों का हौसला भी बढ़ाया। शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाए, जिनका इऊद्ध प्रभाकर कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी भी मौजूद रहे। शिविर का मुख्य आकर्षण जीविका की लखपति दीदियों के स्टॉल रहे। दीदियों ने चाउमीन, चाट, मिट्टी के बर्तन और नीरा बिक्री काउंटर लगाया था। बीडीओ, सीओ, प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी, पंचायत मुखिया और जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी ने स्टॉल का अवलोकन किया। अधिकारियों ने नीरा और अन्य उत्पादों का स्वाद चखा और गुणवत्ता की तारीफ की। पदाधिकारियों ने जीविका दीदियों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों की प्रशंसा की। बीडीओ ने कहा, यह ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। दीदियां खुद कमाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और दूसरों के लिए मिसाल पेश कर रही हैं। कार्यक्रम में सामुदायिक समन्वयक आशा कुमारी, सीएफ गौतम, राजूपाल, नीरज, रंजीत कुमार सहित अन्य जीविका कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी कागजात और प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन भी किया गया।

### भगवानगंज में 'सहयोग सह जन कल्याण शिविर' में छाई जीविका दीदियां



CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### पल्स पोलियों कार्यक्रम को सफल बनाने को बैठक

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित ट्रायसम भवन चांदन में आज गुरुवार को बीडीओ अंजेश कुमार के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग चांदन ने एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में आगामी 28 जून 2026 से आरंभ होने वाले पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स कमिटी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ०आशिष ने बताया कि सीएचसी चांदन के अंतर्गत कुल 24 पर्यवेक्षक और कुल 72 टीम कार्य करेगी। जिसमें जन्म से लेकर पांच वर्ष उम्र तक के कुल 32000 बच्चों को पोलियो का दो बूंद खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

### दो दिवसीय सहयोग शिविर संपन्न

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में प्रखंड परिसर स्थित ट्रायसम भवन चांदन में दो दिवसीय आयोजित सहयोग सह जन- कल्याण शिविर का संपन्न होगा।आयोजित शिविर के दुसरे दिन शिक्षा विभाग, मनरेगा,विद्युत विभाग ,स्वास्थ्य विभाग, उद्योग विभाग, लघु सिंचाई, बाल विकास परियोजना,खाद एवं उपभोक्ता आवृत्ति विभाग, पंचायती राज,पी.एच.ई.डी, पशुपालन विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि विभाग, कल्याण विभाग,जीविका आदि विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया।जिसमें बीडीओ अंजेश कुमार, डीईईओ सुरेश प्रसाद ठाकुर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।शिविर में आए हुए सभी लोगों ने शांतिपूर्वक तरीके से अपने-अपने शिकायत एवं समस्याओं को दर्ज कराया। सहयोग शिविर में दुसरे दिन आवेदकों की भीड़ कम देखी गई। हालांकि आवेदकों द्वारा अपने फरीयाद को मौजूद पदाधिकारीयों के समक्ष रखा जहां उसकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया ।

### जन कल्याण शिविर में विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित प्रखंड सहयोग सह जन कल्याणमई शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में रक्सौल विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में पहुंचे ग्रामीणों एवं आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुना। कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई एवं त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखें तथा पात्र लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। शिविर के दौरान राजस्व, अधिकारियों में रक्सौल सामाजिक सुरक्षा, आवास, पेंशन, राशन कार्ड एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर लोगों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिलाया। स्थानीय लोगों ने जन समस्याओं के समाधान के लिए इस प्रकार के शिविरों को उपयोगी बताते हुए नियमित आयोजन की मांग की।

### राजमिस्त्री को मिला भूकंप प्रतिरोधी भवन निर्माण का प्रशिक्षण

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिष जमालपुर सभागार में भूकंप प्रतिरोधी भवन निर्माण विषय पर 10 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत किया गया है। आयोजन का का लक्ष्य ग्रामीण स्तर पर सुरक्षित निर्माण तकनीक की समझ विकसित करना है।ताकि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान होने वाली क्षति को कम किया जा सके। कार्यक्रम में इंडियन्स के समन्वयक पुष्कर सुद और सतना,मध्य प्रदेश से आए प्रशिक्षक रमेश साकेत प्रतिभागियो को प्रशिक्षण दे रहे हैं। चयनित 30 राज मिस्त्रियों



को भवन निर्माण की उन्नत विधियों, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उपायो और संरचनात्मक मजबूती से जुड़ी तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बेस आइसोलेशन, रेट्रोफिटिंग, जैकेटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों पर विशेष जोर ङ्ग 30 राज मिस्त्रियों को भवन निर्माण की उन्नत विधियों की दी गई। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान होने वाली क्षति को कम करने का बताया गया गुर दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों ने बताया कि इन उपयोग से इमारतों की संरचनात्मक मजबूती बढ़ती है और वे भूकंप के झटकों को अधिक प्रभावी तरीके से सहन कर पाती हैं। इसके साथ ही नींव की मजबूती,भवन संरचना और अलग-अलग भूकंप जोन के अनुसार निर्माण के मानकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रतिभागियो को सेफ्टी जैकेट और टूल किट उपलब्ध कराए गए, ताकि वे प्रायोगिक प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीकों का सही उपयोग कर सकें।प्रशिक्षण में राजमिस्त्री धर्मेंद्र कुमार,अरविंद कुमार चौरसिया,सुधांशु कुमार तांती,रीना देवी,प्रियंका कुमारी इत्यादि मौजूद थे।

# डॉ अनुग्रह नारायण सिंह की 139वीं जयंती एवं एएन कॉलेज के 70वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना के सत्येंद्र सिन्हा सभागार में डॉ अनुग्रह नारायण सिंह की 139वी जयंती एवं संस्थान की 70वीं स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विभूति एवं बिहार के प्रथम वित्त मंत्री अनुग्रह नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि ए.एन कॉलेज पटना की एक अपनी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए सभी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने मॉडल स्कूल की संकल्पना को भी साकार करने की बात कही। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार लाने के लिए नई संरचना का विकास करने की दिशा में लगातार बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण सिंह के शिक्षा के क्षेत्र में किये गए योगदान और वित्त मंत्री के रूप में किये गए कार्यों को रेखांकित किया और ए. एन. कॉलेज को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए हरसंभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। स्वागत भाषण में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि अनुग्रह जयंती केवल एक स्मरणोत्सव नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को सेवा, समर्पण, नैतिकता और राष्ट्रहित के मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्राचार्या ने मुख्यमंत्री के महाविद्यालय परिसर में आगमन को ऐतिहासिक बताया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार बिहार के सचिव उच्च शिक्षा विभाग, राजीव रोशन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. अशोक चौधरी जी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बिहार का स्वर्णिम इतिहास रहा है और इस कॉलेज में इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी विकास देखने को मिला है। समारोह की अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने की। इस अवसर पर डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा शिक्षा, समाज और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम का मंच संचालन हिंदी विभाग के अध्यक्ष आदरणीय प्रो. कालानाथ मिश्र जी ने किया। महाविद्यालय के इस कार्यक्रम में बिहार के कई विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, प्राचार्य के साथ-साथ शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, पूर्ववर्ती छात्रों एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार कर रहे देशवासी : मंत्री ललन सिंह



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के ऐतिहासिक पोलो मैदान में गुरुवार को आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में केंद्रीय मंत्री सह मुंगेर सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड जारी किया। उन्होंने कहा कि '12 साल बेमिसाल' केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि देश में हुए बदलाव और विकास की वास्तविक तस्वीर है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और आम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं, पोलो मैदान में पौधारोपण कर उन्होंने 'ग्रीन मुंगेर' का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का संचालन जदयू जिलाध्यक्ष सौरभ निधि ने किया, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पोद्दार ने की।अपने संबोधन में सांसद ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लगातार 12 वर्षों तक शासन करने का रिकॉर्ड पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के विश्वास और समर्थन के बल पर उस ऐतिहासिक रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना है।केंद्रीय मंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार और घोटालों से जूझ रहा था। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाता था। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री के उस बयान का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि दिल्ली से भेजे गए एक रुपये में से केवल 40 पैसे ही जनता तक पहुंचते हैं। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने बिचौलिया व्यवस्था समाप्त कर दी है और अब डीबीटी के माध्यम से योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है।मुंगेर के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले पटना से मुंगेर पहुंचने में घंटों लग जाते थे, लेकिन अब फोरलेन सड़क बनने से यह दूरी महज ढाई घंटे में तय हो रही है। उन्होंने जमालपुर से शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन सेवा और प्रस्तावित एयरपोर्ट को क्षेत्र के विकास की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने लोगों से 'लोकल के लिए वोकल' बनने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की।सम्मेलन को संबोधित करते हुए जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल, एमएलसी लालमोहन गुप्ता, विधायक कुमार प्रणय, भाजपा नेता अजफर शमशी और राजेश जैन समेत अन्य नेताओं ने भी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार में तेजी से हो रहे विकास को ऐतिहासिक बताया। मौके पर ज्ञानचंद पटेल, मेयर कुमकुम देवी, जमालपुर मुख्य पार्षद पार्वती देवी, वार्ड पार्षद जदयू नेता सोनू मंडल, प्रमोद पासवान, जियाउल रहमान, प्रखंडध्यक्ष मुनीलाल मंडल सहित कई नेता कार्यकर्ता हजारों जनता मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर मुंगेर पथ जमालपुर में सुवर्णप्राशन कार्यक्रम आयोजित



**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती शिशु मंदिर मुंगेर पथ जमालपुर सुवर्णप्राशन (आयुर्वेदिक रोग प्रतिरोधक) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में छोटे बच्चों को सुवर्णप्राशन की दवा पिलाई गई,जो आयुर्वेदिक पद्धति से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध है। इस अवसर पर बच्चों को शक्ति, बुद्धि,स्मृति और स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य छठु साह व मुंगेर पथ प्रधानाचार्या बच्चों को सुवर्णप्राशन प्रदान किया। सुवर्णप्राशन के लाभों के बारे में बताते हुए प्रधानाचार्य छठु साह ने कहा कि यह प्राचीन आयुर्वेदिक विधि बच्चों को विभिन्न रोगों से सुरक्षा प्रदान करती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ और मजबूत बनाना तथा उन्हें समग्र विकास की दिशा में प्रेरित करना है।कार्यक्रम में सभी बच्चों को सुवर्णप्राशन का डोज दिया गया। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।प्रधानाचार्या किरण कुमारी ने बताया कि सुवर्णप्राशन हमारे प्राचीन आयुर्वेद का अनमोल उपहार है। आज हमने यहां सभी बच्चों को यह दवा दी है। अभिभावकों से निवेदन करती हूँ कि वे नियमित रूप से अपने बच्चों को यह सुवर्णप्राशन करवाएं। सरस्वती शिशु मंदिर हमेशा बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अधिकारी,आचार्य दीदी जी, छात्र - छात्राएं और स्थानीय अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# आधार केंद्र पर अवैध वसूली की शिकायत को लेकर विधायक ने लगाई फटकार, संचालक को दिए सख्त दिशा निर्देश



**किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोचाधामन प्रखंड परिसर में आयोजित जनसुनवाई सह सहयोग शिविर के दौरान आधार केंद्र में अनियमितता एवं अवैध वसूली का मामला सामने आने पर स्थानीय विधायक सरवर आलम ने कड़ा रुख अपनाया। शिविर में पहुंचे लोगों ने विधायक से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि आधार से संबंधित कार्यों के लिए निर्धारित प्रक्रिया को दरकिनार कर मनमानी ढंग से राशि वसूला जा रहा है। लोगों ने बताया कि इस प्रकार की शिकायतें पहले भी कई बार सामने आ चुकी है, लेकिन अब तक स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिविर के दौरान एक महिला ने विधायक के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि आधार कार्ड बनवाने के लिए उसे निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल की गई। महिला की शिकायत सुनते ही विधायक ने मौके पर नाराजगी जताई और संबंधित कर्मी से जवाब तलब किया। शिकायत को लेकर के मौजूद लोगों ने भी अवैध वसूली के आरोपी की पुष्टि करते हुए कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक सरवर आलम ने आधार केंद्र के संचालक को कड़ी फटकार लगाई तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यालय एवं जनसेवा में भ्रष्टाचार, लापरवाही तथा अवैध वसूली किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में प्रखंड कार्यालय या किसी भी सरकारी सेवा से जुड़े कार्य में रिश्वतखोरी अथवा अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता को सरकारी सेवाएं पारदर्शी सरल एवं भ्रष्टाचार मुक्त तरीके से उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पात्र लाभुकों तक पहुंचाया जाए। विधायक ने दो टूक शब्दों में कहा कि जनता के साथ अन्याय,शोषण या अवैध वसूली करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# संगठन की मजबूती और एकजुटता से अति पिछड़ा समाज की आवाज होगी अधिक बुलंद : डॉ. प्रमोद कुमार

**अति पिछड़ा समाज के सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पटना में हुई महत्वपूर्ण बैठक**



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 22 जून 2026 को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सुबह 11:00 बजे से आयोजित होने वाले अभिनंदन सह आभार समारोह, अति पिछड़ा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज पटना के 27 हार्डिंग रोड में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में बिहार के विभिन्न जिलों से आए अति पिछड़ा समाज के अग्रणी प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं प्रमुख लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सभी उपस्थित लोगों ने सम्मेलन को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने तथा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का संकल्प लिया।बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि अति पिछड़ा समाज संख्या बल के दृष्टिकोण से काफी मजबूत है, लेकिन जब समाज संगठित होकर एक मंच पर आएगा, तभी उसकी आवाज और अधिक प्रभावी एवं सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि समाज के विकास, अधिकारों और सम्मान के लिए आपसी सहयोग, जागरूकता और संगठनात्मक मजबूती अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अभी हाल में विधान परिषद के चुनाव में अति पिछड़ा समाज के 02 लोगों को सदस्य बनाया है, इतना ही नहीं केंद्र में भी अति पिछड़ा समाज के 29 लोगों को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इन सभी को लेकर के अति पिछड़ा समाज में काफी उत्साह है। इसी को लेकर आगामी 22 जून को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही नवनिर्वाचित विधान परिषद के सदस्यों का अभिनंदन होगा। सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी जी एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आगामी सम्मेलन अति पिछड़ा समाज की एकजुटता, सामाजिक चेतना और भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण अवसर होगा।

### मुहर्रम को लेकर पियरपुरा थाना में शांति समिति की बैठक

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को पियरपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष पूजा राठी ने की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और मुहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने लोगों से क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली तथा सभी से पर्व के दौरान शांति एवं भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष पूजा राठी ने बताया कि आगामी 26 जून को मुहर्रम पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग पर्व को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। जुलूस के दौरान डीजे बजाने एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं किसी अप्रिय घटना या तनाव की आशंका हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने लोगों से जाति-धर्म से ऊपर उठकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया।

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने को लेकर सरकार ने की अनोखा पहल




**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और उन्हें बदलाव का वाहक बनाने के लिए एक डिजिटल वन-स्टॉप प्लैटफॉर्म है जो कौशल विकास, इंटर्नशिप और सामुदायिक गतिविधियों के अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के तहत युवाओं के एक दल ने मुंगेर सदर अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का परिभ्रमण किया। यहां चयनित युवाओं ने दल ने इस केन्द्र में उपलब्ध दवाओं के संदर्भ में जाना।जिला युवा अधिकारी मयंक ने बताया कि इस परिभ्रमण के माध्यम से युवाओं को किफायती स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक किया।,ताकि ये वैसे लोगों जागरूक कर सकें, जो इस योजना से वाकिफ नहीं हैं। इस दौरान युवाओं ने 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना' के जमीनी कामकाज को समझा। उन्हें यह बताया गया कि युवा जनऔषधि केंद्रों पर सस्ते दामों पर जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता की हैं।इन युवाओं को जनऔषधि के लिए स्वस्थ भारत अभियान के यात्री कुमार कृष्णन ने बताया कि यह भारत सरकार के फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा चलाई जा रही एक कल्याणकारी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य देश भर के आम नागरिकों, विशेषकर गरीबों को समर्पित 'जन औषधि केंद्रों' के माध्यम से ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50% से 90% तक सस्ती, लेकिन उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है।प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के संचालक राकेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि के संदर्भ में सबसे बड़ी भ्रांति यह है कि सस्ती होने के कारण इन दवाओं की गुणवत्ता या प्रभावशीलता ब्रांडेड दवाओं से कम होती है। वास्तविकता यह है कि जन औषधि केंद्र पर मिलने वाली जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं के बराबर ही असरदार और उच्च गुणवत्ता वाली होती हैं। जनऔषधि की दवाएं विश्व स्वास्थ्य संगठन-गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस प्रमाणित होती हैं और प्रयोगशालाओं में कड़े गुणवत्ता परीक्षणों से गुजरने के बाद ही जारी की जाती हैं।सदर अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि के केन्द्र के फार्मासिस्ट ललित ने पावर प्रजेन्टेसन के माध्यम से दवाओं को मंगाने, उसके रखरखाव, ग्राहकों को उपल्ब्ध कराने, बिल देने, वाडसेप ग्रुप के माध्यम से ग्राहकों को उपलब्ध दवाओं की जानकारी देने के पहलूओं के संदर्भ में बताया।इन युवाओं को दलहट्टा स्थित जन वितरण प्रणाली के कार्यक्रम की भी जानकारी दी। इस मौके पर गोविन्द, रघुवर नारायण सिंह, सूरज, कुणाल कुमार,अंकित कुमार अपराजिता कुमारी,मोनिका कुमारी मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में विकसित भारत के निर्माण का लिया गया संकल्प



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी ऑडिटोरियम, मोतिहारी में आज विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने की, जबकि संचालन उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह के साथ बिहार सरकार की खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदेमातरम के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियों, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, आधारभूत संरचना विकास, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण तथा गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश बदल रहा है और विकसित भारत की यात्रा तेजी से जारी है। श्री सिंह ने कहा कि भारत में रेलवे, डिजिटलाइजेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास देश की प्रगति के प्रमुख स्तंभ बनकर उभरे हैं। रेलवे के आधुनिकीकरण, वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों, स्टेशन पुनर्विकास तथा माल परिवहन नेटवर्क के विस्तार से देश की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस, आधार, यूपीआई और ऑनलाइन सेवाओं ने आम नागरिकों के जीवन को अधिक सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है। इन तीनों क्षेत्रों में हो रहा सतत विकास भारत को एक सशक्त, आधुनिक और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि आजादी के बाद लंबे इंतजार के बाद भी आम लोगों का सपना साकार नहीं हुआ, लेकिन जब


# मुहर्रम को लेकर पियरपुरा थाना में शांति समिति की बैठक



**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को पियरपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष पूजा राठी ने की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और मुहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने लोगों से क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली तथा सभी से पर्व के दौरान शांति एवं भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष पूजा राठी ने बताया कि आगामी 26 जून को मुहर्रम पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग पर्व को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। जुलूस के दौरान डीजे बजाने एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं किसी अप्रिय घटना या तनाव की आशंका हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते

# प्रखंड परिसर मे लगे सहयोग शिविर का विधायक ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज** "विकसित भारत, समृद्ध बिहार" अभियान के तहत गुरुवार को रफीगंज प्रखंड परिसर में प्रखंड स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 22 काउंटर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा उन्हें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विधायक प्रमोद सिंह ने सभी काउंटरों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और सरल समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करें, ताकि लोगों को



कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। विधायक ने शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि 16, 17 और 18 जून तक आयोजित इस अभियान से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए हैं तथा लोगों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि पूर्व में प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। गुरुवार को प्राप्त आवेदनों का भी एक सप्ताह के भीतर निस्तारण कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, विद्युत, आपूर्ति, आंगनबाड़ी, जीविका, मनरेगा, श्रम, पेंशन, बैंकिंग, आवास, कृषि, स्वास्थ्य एवं लोहिया स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने काउंटरों पर लोगों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके ऑन-द-स्पॉट समाधान का प्रयास किया गया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, बीपीआरओ सह बीईओ अमर कुमार, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह, भोला चौधरी, उमेश पासवान, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर कुशवाहा, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, मंटू शर्मा, अनिल मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में भाई ने की मारपीट, गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** रिसियप थाना क्षेत्र के गढ़ दुधार गांव में शराब के नशे में धुत एक युवक द्वारा अपने ही भाई के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित विश्वजीत कुमार ने रिसियप थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाने को दिए गए आवेदन के अनुसार, घटना 16 जून 2026 की रात करीब 10 बजे की है। पीड़ित का आरोप है कि उसका भाई इंद्रजीत कुमार शराब के नशे में धुत होकर घर आया और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। बीच-बचाव और समझाने का प्रयास करने के बावजूद वह नहीं माना। इस घटना में पीड़ित को हल्की चोटें आई हैं। शिकायत के आधार पर रिसियप पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# योग दिवस पर हसपुरा में होगा योग महोत्सव, 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम पर आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 (रविवार) को हसपुरा स्थित श्री सीताराम दास कुटिया सह लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल परिसर में प्रातः 6:00 बजे से 7:30 बजे तक योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस वर्ष की थीम "योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" पर किया जाएगा। जिला योग प्रशिक्षक एवं जिला योग सह-प्रभारी सुरेश प्रसाद आर्य ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर भारत सहित विश्वभर में व्यापक तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, संतुलन और स्वस्थ जीवनशैली का आधार भी है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में योग



महोत्सव में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से प्रतिदिन योग करने से व्यक्ति स्वस्थ, निरोग और तनावमुक्त जीवन जी सकता है। योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रिसियप थाना पुलिस ने घेउरा नदी घाट से एक ट्रैक्टर जब्त किया है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर घेउरा नदी घाट पर छापेमारी की गई। छापेमारी की भनक लगते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया। उन्होंने बताया कि मामले में खनन अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# माई भारत के राज्य निदेशक कपिलदेव राम का हसपुरा आईटीआई में स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा स्थित आईटीआई परिसर में भारत सरकार की युवा पहल 'माई भारत' के राज्य निदेशक कपिलदेव राम का अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के शिक्षाविदों, साहित्यकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल, शंभू शरण सत्यार्थी, बिपिन कुमार, आदित्य राज, गुड्डू कुमार, चमचम पासवान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। अपने संबोधन में राज्य निदेशक कपिलदेव राम ने कहा कि औरंगाबाद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की



सक्रिय भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवा क्लबों के गठन, उनकी संरचना एवं उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संगठित युवा शक्ति समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने युवाओं से स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद, कौशल विकास तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में युवा क्लबों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करने पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि 'माई भारत' की पहल युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भूमि विवाद में मारपीट, चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के टकरा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में सुनील दास की पत्नी कांति देवी ने थाना में आवेदन देकर अपने देवर अनिल कुमार, अमित कुमार, सुजीत कुमार और प्रीति देवी के खिलाफ आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में कांति देवी ने बताया कि घर में चूल्हा बनाया गया था, जिसे आरोपितों द्वारा पहुंचकर तोड़ दिया गया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई, जिसमें वह घायल हो गई। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यायालय से निर्गत गैर जमानतीय वारंट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। पौथु थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि वारंट के आधार पर पुलिस टीम ने शंभू यादव, पिता- रामू यादव एवं अजय यादव, पिता- स्व. चंद्रदेव यादव, दोनों निवासी ग्राम दलबीघा, थाना पौथू, जिला औरंगाबाद को विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया गया।

# 291 मामलों का हुआ निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** विशेष सहयोग सह जनकल्याण शिविर में गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में 291 विभिन्न समस्याओं का निष्पादन किया गया। आयुष्मान भारत में 28 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 15 का निष्पादन किया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 2, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 11 में 2 का निष्पादन किया गया है। दो लखपति दीदी बनाए गए। वीजीबी राम जी योजना में दो, डीसीडब्ल्यू निर्माण कामगार कल्याण विभाग में 3, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र में 17 में 10 का निष्पादन किया गया। इसी तरह राशन कार्ड में 10 और परिमार्जन में 5, स्वास्थ्य विभाग में 220, आधार कार्ड में 35 निर्माण किया गया है। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजित सहयोग सह जनकल्याण विशेष शिविर में सरकार की 22 विभागों का स्टाल लगाए गए थे जिसमें लाभार्थियों द्वारा दिए गए आवेदन का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि शेष आवेदन निष्पादन जल्द ही कर दिया जाएगा।

# जन कल्याण शिविर में 201 आवेदन पहुंचे, 166 मामलों का मौके पर निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर के तीसरे एवं अंतिम दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। शिविर का संचालन बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी के नेतृत्व में किया गया, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मियों ने प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया। शिविर के दौरान बीडीओ स्वयं लोगों की समस्याएं सुनते रहे और संबंधित काउंटरों पर भेजकर अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देते रहे। इसका सकारात्मक परिणाम यह रहा कि कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अमझर



शरीफ पंचायत की बसंती देवी ने अपने दिवंगत पति स्व. मोहन राजबंशी के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया था। आवश्यक जांच पूरी होने के बाद उन्हें शिविर में ही बीडीओ के हाथों तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इससे अन्य ग्रामीणों में भी संतोष का माहौल देखने को मिला। शिविर में कुल 17 काउंटर बनाए गए थे, जहां विभिन्न विभागों के कर्मी आवेदनों की प्राप्ति और निष्पादन में जुटे रहे। जरूरतमंदों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई थी, जबकि अशिक्षित लोगों के लिए आवेदन लिखने हेतु अलग काउंटर भी संचालित किया गया। बिहार सरकार के निर्देशानुसार 16 से 18 जून तक आयोजित इस विशेष शिविर के अंतिम दिन स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सुरक्षा, पीएम सूर्यघर योजना, लखपति दीदी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), भूमि सुधार सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित काउंटरों पर ग्रामीणों की अच्छी-खासी भीड़ रही। भीषण गर्मी के बावजूद दोपहर तीन बजे तक शिविर खचाखच भरा रहा और शाम चार बजे के बाद भी लोगों की आवाजाही जारी रही। शिविर में बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी के अलावा प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर की समाप्ति तक मौजूद रहे। प्रखंड कार्यालय के अनुसार, शिविर में कुल 201 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 166 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।

# वैश्य समाज की प्रखंड स्तरीय कमेटी गठित, दिलीप गुप्ता बने अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** वैश्य समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक गुरुवार को अंबा में आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मोहल्लों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान सामाजिक एकता, संगठन विस्तार, युवाओं की भागीदारी और समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से वैश्य समाज की नई प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में दिलीप गुप्ता को अध्यक्ष, कंचन गुप्ता को सचिव, विनय गुप्ता एवं विशाल गुप्ता को उपाध्यक्ष, उपेंद्र गुप्ता और संजय गुप्ता को उप सचिव तथा रंजीत गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी समिति और संरक्षक मंडल का भी गठन किया गया। कार्यकारिणी समिति में रंजन विश्वकर्मा, संजय कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, पंचम गुप्ता, मंटू गुप्ता, अवध शर्मा, श्रवण गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, सोनी शर्मा, प्रदीप गुप्ता, अजय गुप्ता और मुकेश गुप्ता को शामिल किया गया। वहीं, संरक्षक मंडल में प्रवीण गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, शंकर प्रसाद, रंजीत गुप्ता और भीम प्रसाद को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज सामाजिक समरसता, शिक्षा, व्यापारिक उन्नति और जनकल्याण के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहा है। नई टीम समाज को अधिक संगठित और सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी। सचिव कंचन गुप्ता ने कहा कि नई कमेटी युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने, आपसी भाईचारा बढ़ाने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करेगी। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया तथा नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

# मोहर्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बीते शाम पौथू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष संजय कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मोहर्रम पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव का प्रतीक है। सभी लोग प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों एवं माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे ताकि मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# आम नागरिकों को मिले त्वरित न्याय व आवश्यक प्रशासनिक राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार की निर्धारित कॉज लिस्ट के अनुसार जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर उपस्थित परिवादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित विभागों एवं लोक प्राधिकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदनों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष एवं तथ्याधारित जांच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। सुनवाई के दौरान विभिन्न लोकहित एवं व्यक्तिगत शिकायतों से संबंधित मामलों पर विचार किया गया। इनमें परिवादी अशोक यादव द्वारा वर्ष 2012 में एनटीपीसी अंतर्गत भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामला, ओम प्रकाश कुमार का प्रकरण आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने का अनुरोध, मनोज कुमार द्वारा पंचायत स्तर से निर्गत वंशावली उपलब्ध कराने से संबंधित शिकायत, तरुण कुमार द्वारा नगर परिषद के माध्यम से निजी भूमि पर नाला एवं सड़क निर्माण से संबंधित शिकायत, रामकृष्ण यादव द्वारा गलत जमाबंदी कायम किए जाने का मामला, श्रीकांत कुमार द्वारा बदली गई भूमि की रसीद निर्गत करने से संबंधित मामला तथा उपेंद्र तिवारी द्वारा जमाबंदी में खाता, खेसरा एवं रकवा सुधार एवं कुटुंबा बाजार क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त कराने से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित न्याय एवं आवश्यक प्रशासनिक राहत उपलब्ध हो सके।

## पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी तथा अन्य पुलिस संबंधी मामलों से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिकता है तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही शिकायतकर्ताओं को उनकी शिकायतों पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी भी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और शिकायतों के प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

# खेतों की उर्वरा शक्ति बचाने के लिए जैविक खाद का करें उपयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** बिज उपचार कर खेतों में बुआई करें, इससे फसलों में लगने वाले बीमारियों, कीड़े से बचाव होगा तथा मिट्टी का जांच करवा कर रासायनिक खाद का इस्तेमाल करें। यह बातें बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य एवं बीएओ आकृति तिवारी ने महाखरीफ अभियान महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि किसानों के आर्थिक विकास के लिए राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है। धान का बीज अनुदानित दर पर उपलब्ध है। किसी भी बीज को उपचार कर बुआई करने से बहुत हद तक रोगो, कीटाणुओं से बचाया जा सकता है। उद्यान पदाधिकारी करुणेश पाठक ने कहा कि प्याज का बीज उपलब्ध है। पोर्टल पर आवेदन कर बीज ले सकते हैं। प्याज उत्पादन अधिक होने पर भंडारण



की व्यवस्था किया जा रहा है। बीएओ आकृति तिवारी ने कहा कि सरकार चाहती है कि कि मोटा अनाज का उत्पादन करें। उसमें सब्सिडी भी है। मडुआ, मक्का, रागी, रामदाना, कोदों सहित अन्य मिलेट्स का उपजाने पर सरकार किसानों के बढावा के लिए अनुदान दे रही है। कृषि समन्वयक मुकेश कुमार अकेला ने कहा कि 28 हजार किसानों का किसान रजिस्ट्रेशन हुआ है। किसान ऐप के माध्यम से 25 सौ किसानों का फार्मर रजिस्ट्री हो सका है जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुआ है वे खुद ही अपने मोबाइल से भी फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं। कृषि यांत्रिकीकरण मशीन पर 90 प्रतिशत सब्सिडी सरकार दे रही है। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, आत्मा प्रखंड अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह सहित अन्य किसान लोग मौजूद थे।


## पूर्व मध्य रेल

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा मंडल के निम्नवत् स्टेशनों पर 05 वर्षों के लिए कैटरिंग स्टालों एवं बहुद्देशीय स्टालों का संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :–

**AA/1,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : कर्मनाशा स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : Catg-DDU-KMS-GMU-13-23-1, ई–नीलामी की तिथि एवं समय :ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**AA/2,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : सैयदराजा स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : Catg-DDU-SYJ-GMU-12-23-1, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**AA/3,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : काष्ठा स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : Catg-DDU-KSTA-GMU-3-23-1, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी।

**AA/4,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : पहलेजा हाल्ट के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या:Catg-DDU-PHE-GMU-41-23-2, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी।

**AA/5,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : मानपुर स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : Catg-DDU-MPO-GMU-2-23-2, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी।

**AA/6,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : गंजख्वाजा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : Catg-DDU-GAQ-GMU-9-23-1, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी।

**AA/7,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : गुरारू स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 2/3 पर कैटरिंग स्टाल सं. 02 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : Catg-DDU-GRRU-GMU-5-23-1, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी।

**AB/1,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : पुसौली स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : Catg-DDU-PSE-SMU-19-23-3, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी।

**AB/2,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : दुर्गावती स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : Catg-DDU-DGO-SMU-74-23-2, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13.50 बजे बंद होगी।

**AB/3,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं. 03 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : Catg-DDU-BBU-SMU-66-23-1, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 14.00 बजे बंद होगी।

**ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या : CATG-DDU-92**

**AA/1,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : गया स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 4/5 पर बहुद्देशीय स्टाल सं. 04 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या:MPS-DDU-GAYA-MPS-17-25-1, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी।

**AA/2,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : पं. दीन दयाल उपध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर बहुद्देशीय स्टाल सं. 01 के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : MPS-DDU-MPS-MPS-1-24-1, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 25.06.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी।

**ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या : CATG-MPS-DDU-91**

वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है www.ireps.gov.in (E-Auction Leasing)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं. दीन दयाल उपध्याय

पीआर/0408/डीडीयू/वा./ईएएन/26–27/108



## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

**ई–निविदा नोटिस सं0–22 ऑफ 2026–27/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं0–10–डीडीयू–व0मं0 इंजी0–III–26–27 जपला स्टेशन पर प्लेटफार्म को ऊंचा और विस्तारित करना तथा दिव्यांगजनों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना। **(2)कार्य का अनुमानित लागत:** रु. 52707232.68 **(3)धरोहर राशि:** रु.1054200.00 **(4)ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 10.07.2026 को 12:00 बजे तक **(5)बेवसाईट पर ई निविदा की विस्तृत जानकारी:** **www.ireps.gov.in** **नोट**–विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

पीआर/0402/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/24

# बिना सीट बेल्ट और हेल्मेट लगाए निकले तो खैर नहीं

## सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा, दिये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गिरिडीह।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, शहरी परिवहन एवं यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों को सड़क सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमित जांच अभियान चलाया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए उपायुक्त ने लंबित हिट एंड रन मामलों का शीघ्र निष्पादन करने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा ब्लैक स्पॉट की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन जांच अभियान को और सशक्त बनाने तथा अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जिले के सभी थाना प्रभारी नियमित रूप से वाहन जांच अभियान संचालित करें, ताकि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही शराब या अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के बाद वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई करने को कहा गया इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियानों, दुर्घटना संभावित स्थलों पर किए जा रहे सुधार कार्यों तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग लगातार अभियान चला रहा है और सभी संबंधित एजेंसियों के सहयोग से इसे और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध खनन पर सख्त हुआ प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन विभाग, खनन विभाग तथा जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खनन क्षेत्रों में नियमित छापेमारी अभियान चलाने, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष निगरानी रखने तथा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि खनन कार्य पूरी तरह नियमों के अनुरूप हो और सरकार को किसी प्रकार के राजस्व नुकसान का सामना न करना पड़े, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस एवं खनन विभाग को संयुक्त अभियान चलाने, चेकपोस्टों पर वाहनों की नियमित जांच करने तथा ओवरलोडिंग एवं बिना चालान खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को तत्काल जब्त करने का निर्देश दिया साथ ही रात के समय गश्ती बढ़ाने, अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी अनियमितता की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खनन कार्यों में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# खूंटी के सुदूरवर्ती गांव रुगुदडीह में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** खूंटी जिले के सुदूरवर्ती लान्दुप पंचायत का रुगुदडीह गांव जहां सड़क और बिजली तो किसी तरह पहुंच गई लेकिन आज भी ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। लान्दुप पंचायत के रुगुदडीह गांव में आज केएस गंगा हॉस्पिटल और त्रिनेत्रा आई केयर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में आसपास के गांव के ग्रामीण महिला पुरुष पहुंचे और अपनी अपनी बीमारियों की जांच कराकर दवाईयां लीं। देश की आजादी के बाद पहली बार गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन से ग्रामीण उत्साहित नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि बीमार होने पर सदर अस्पताल खूंटी जाना पड़ता है लेकिन अधिक दूरी होने और आवागमन के साधनों की कमी के कारण लोगों को परेशानी होती है। स्वास्थ्य उपकेंद्रों की दूरी होने के कारण भी मरीज छोटी मोटी बीमारियों में इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होंने कहा कि समय समय पर गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित की जाए तो लोगों को राहत मिलेगी। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित त्रिनेत्रा आई केयर के डॉक्टर गौरव श्रेष्ठ ने बताया कि यहां ग्रामीणों में आंख से पानी आने की शिकायत, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद की समस्याएं मिली हैं। आंख जांच के बाद उन्हें दवाईयां दी गई हैं। के एस गंगा हॉस्पिटल के डॉक्टर अंजीव नयन कुमार ने बताया कि खूंटी जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने से गरीब, पिछड़े और अशिक्षितों को काफी सहायता मिलती है। स्वास्थ जांच में सामान्य बुखार, सिर दर्द, पेट दर्द, जोड़ों में दर्द, आर्थराइटिस और आंखों से संबंधित रोगियों की पहचान की गई साथ ही सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन लेबल की जांच भी की गई। जांच उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाईयां दी गई। वहीं कमज़ोर महिला मरीजों को पेड़ में ही स्लाइन लटकाकर ऑन द स्पॉट स्लाइन चढ़ाई गई। डॉक्टर ने बताया कि स्वास्थ्य जांच में ऑपरेशन की जरूरत वाले मरीजों को आयुष्मान भारत योजना के तहत के एस गंगा हॉस्पिटल में निः शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

# गुमला जिला के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने किया आकांक्षी प्रखंड डुमरी का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गुमला।** भारत सरकार के 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के संयुक्त सचिव सह गुमला जिले के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अमित सतीजा की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखण्ड डुमरी का भ्रमण किया गया साथ ही समाहरणालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के विकास संकेतकों की बारीकी से समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्र में बुनियादी सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान केंद्रीय प्रभारी अधिकारी श्री सतीजा ने स्वास्थ्य संकेतकों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जिले में प्रसव पूर्व देखभाल पंजीकरण के पिछले वर्ष के 88 प्रतिशत से बढ़कर 97 प्रतिशत होने पर संतोष जताया, लेकिन इसे शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उन्होंने पिछले कुछ समय में कम वजन के बच्चों के जन्म लेने के मामलों पर चिंता व्यक्त की और जिला समाज कल्याण विभाग को इसके मूल कारणों की पहचान कर 'रेडी टू ईट' पूरक पोषण वितरण प्रणाली को दुरुस्त करने को कहा। इसके साथ ही टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

# वृद्ध एवं असहाय कलाकारों को मिलेगी चार हजार मासिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा राज्य के वृद्ध, दिव्यांग एवं गंभीर रूप से अस्वस्थ कलाकारों के लिए कलाकार मासिक निवृत्तिका योजना संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय कलाकारों को सम्मानजनक जीवनयापन के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। योजना के तहत पात्र निवृत्त कलाकारों को प्रति माह 4000 की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खाते में भेजी जाएगी। यह राशि अहस्तांतरणीय होगी, अर्थात कलाकार की मृत्यु या अयोग्यता की स्थिति में यह लाभ उनके आश्रितों को नहीं मिलेगा।

### कैसे करें आवेदन

इच्छुक कलाकार सांस्कृतिक कार्य निदेशालय में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा विभागीय वेबसाइट के कल्चरल ट्रूप मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। आवेदन से पूर्व कलाकारों का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।

### पात्रता की शर्तें

योजना का लाभ उन्हीं कलाकारों को मिलेगा, जो झारखंड की लोक, जनजातीय, शास्त्रीय एवं पारंपरिक कला में पारंगत हों और जिला स्तर पर पहचान रखते हों। इसके अलावा आकाशवाणी या दूरदर्शन से मान्यता प्राप्त कलाकार, जिनके पास न्यूनतम 7 वर्ष (दिव्यांग/अस्वस्थ के लिए 5 वर्ष) का अनुभव हो, भी पात्र होंगे।

राज्य या राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में लगातार 7 वर्षों (दिव्यांग/अस्वस्थ के लिए 5 वर्ष) तक सक्रिय भागीदारी करने वाले कलाकार भी योजना के दायरे में आएंगे। साथ ही पद्म पुरस्कार, केंद्रीय ललित कला अकादमी या संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित अथवा राज्य सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ कलाकार भी इस योजना के पात्र होंगे।

### अन्य आवश्यक शर्तें

आवेदक कलाकार की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए, जबकि गंभीर रूप से अस्वस्थ एवं दिव्यांग कलाकारों के लिए आयु सीमा में छूट दी गई है। साथ ही सभी स्रोतों से उनकी मासिक आय ?8000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। सरकार का उद्देश्य राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

# कड़सर में सरकारी आईटीआई निर्माण की मांग को मिली गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** जिले के अंतिम छोर पर अवस्थित नावानगर प्रखंड क्षेत्र में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नहीं होने से कौशल और रोजगारन्मुखी शिक्षा प्राप्त करने को इच्छुक हजारों छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के युवा दूरस्थ संस्थानों में प्रवेश लेने को मजबूर हैं। जिसको लेकर आरटीआई कार्यकर्ता निराला कुमार चौधरी ने राज्य के मुख्यमंत्री, युवा रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री, आयुक्त, पटना प्रमंडल तथा जिला पदाधिकारी, बक्सर को पत्र के माध्यम से कड़सर पंचायत में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की मंजूरी देने का अनुरोध किया है जिसे आयुक्त पटना प्रमंडल द्वारा संज्ञान में लिया गया है। इस संबंध में प्रमंडलीय आयुक्त पटना के सचिव द्वारा श्रम आयुक्त श्रम संसाधन विभाग बिहार पटना को पत्र के माध्यम से नियमानुसार आवश्यक कारवाई करने की बात कही है। श्री चौधरी द्वारा आवेदन में जिक्र किया है कि यह क्षेत्र राज्य के तीन जिलों बक्सर, भोजपुर और रोहतास का मध्य क्षेत्र है, जो आर्थिक-सामाजिक विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। युवाओं के हित का ख्याल रखना सरकार के नीति में शामिल है। कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं अभिभावकों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की आवश्यकता महसूस हो रही है। लोग नई सरकार से काफी आशान्वित है। क्षेत्र में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित हो जाने की स्थिति में इस क्षेत्र के कौशल और रोजगारन्मुखी शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को अन्य जगहों और दूरस्थ के संस्थानों पर निर्भरता में कमी आएगी। यहां के प्रतिभाशाली युवा कौशल शिक्षा व औद्योगिक प्रशिक्षण की शिक्षा ग्रहण करने वाले इच्छुक विद्यार्थी, जो आर्थिक कमजोरी और मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखने की वजह से दूर जाकर और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ है, उनके लिए राजकीय आईटीआई की सुविधा वरदान साबित होगी। जिस कारण वे अपने भविष्य का निर्माण करने से वंचित हो जाते है। निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन लेना गरीब और कमजोर वर्ग के छात्रों के वश की बात नहीं है। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित हो जाने से इस क्षेत्र मे शैक्षणिक वातावरण का विकास होगा ।साथ ही सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। श्री चौधरी ने सरकार को सुझाव दिया हैं कि कड़सर पंचायत में कई सरकारी भूखंड है जिसका सरकार इस्तेमाल कर सकती है।

ज्ञातव्य है कि नावानगर प्रखंड में कई पेप्सी कोकाकोला सहित कई प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाईया स्थापित हैं। लेकिन प्रखंड क्षेत्र में एक भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नहीं है। कड़सर गांव के सरकारी आई टी आई खुलने के मामले मे आई गति की बात को लेकर शिक्षा प्रेमियों इं0 दयानन्द सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, रेवती रमण सिंह, श्रीकांत दुबे, जनार्दन सिंह, लालबाबू गुप्ता, कमलाकांत दुबे, रुमेल चौधरी , रामशिला मिश्रा, रविंद्र कुशवाहा, राजेश्वर महतो ने प्रमंडलीय आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त किये है

# प्रदूषण नियंत्रण व पौधारोपण पर उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला पर्यावरण समिति की बैठक उपायुक्त सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण जिले की अमूल्य धरोहर है, जिसके संरक्षण के लिए प्रशासन, औद्योगिक संस्थानों और आम नागरिकों को सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में एयर क्वालिटी इंडेक्स एक्यूआई डिस्प्ले स्क्रीन लगाने, उसरी नदी के संरक्षण तथा सीसीएल एवं औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उपायुक्त ने अवैध बालू खनन, डंपिंग, स्टोन माइंस एवं क्रशरों के संचालन की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही नालों की नियमित सफाई एवं दूषित जल के उपचार के बाद ही नदी में प्रवाहित करने पर जोर दिया। उन्होंने औद्योगिक प्रतिष्ठानों को वाटर हार्वेस्टिंग, ट्रीटमेंट प्लांट के प्रभावी संचालन तथा औद्योगिक कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण को अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्देश दिया। बैठक में अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटल एवं अन्य संस्थानों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कोई भी औद्योगिक इकाई कचरे की अनियंत्रित या अवैध डंपिंग न करे तथा सभी अपशिष्टों का निस्तारण स्वीकृत स्थलों और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए, ताकि स्थानीय ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी उद्योगों को अपने उत्सर्जित अपशिष्टों के समुचित प्रबंधन के साथ प्रदूषण नियंत्रण संबंधी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, आईएएस प्रशिक्षु, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, वन विभाग, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीसीएल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा नेताओं ने किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत गुरुवार को सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रदेश मंत्री शालिनी बैसाखियार एवं नगर अध्यक्ष जयशंकर सिन्हा सिंकू ने किया कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक विजय सिंह को एक पौधा भेंट कर की गई। इस अवसर पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रदेश मंत्री शालिनी बैसाखियार ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत चलाया जा रहा 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम पूरे वर्षा ऋतु तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं तथा अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष जयशंकर सिन्हा सिंकू ने कहा कि प्रत्येक बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता पौधारोपण कर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से भी पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की अपील की संस्थान के निदेशक विजय सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और सभी लोगों को इस अभियान से जुड़ना चाहिए।कार्यक्रम में टिंकू सिन्हा, अनिल सिंह, अशोक स्वर्णकार, भुनेश्वर मंडल, मंजू सिंह, मोनिका गुप्ता, रूबी गुप्ता, स्वप्नना गुप्ता, रोशन सिंह, संगीता बैसाखियार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, महिलाएं तथा संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर मुंगेर विश्वविद्यालय में बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को चौथी समीक्षात्मक बैठक कुलपति प्रो. संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समारोह के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में समारोह में आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, अतिथि सूची को अंतिम रूप देने तथा आमंत्रण पत्र डाक के माध्यम से भेजने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। इसके अलावा समारोह स्थल पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट के निर्माण एवं अन्य सुविधाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया कि प्रवेश-पत्र समारोह से दो से तीन दिन पूर्व उपलब्ध करा दिए जाएंगे, जबकि विभिन्न समितियों के सदस्यों को एक दिन पहले प्रवेश-पत्र वितरित किए जाएंगे। बैठक में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश द्वारों के निर्धारण तथा आवागमन को सुचारु बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कुलपति ने फूड कमेटी, हेल्प डेस्क एवं स्टेज मैनेजमेंट कमेटी को उनके दायित्वों के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि समारोह के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, सीनेट सदस्यों तथा एनसीसी अधिकारियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड पर भी चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों की भूमिका, उनकी तैनाती तथा समारोह के दौरान उनकी जिम्मेदारियों पर भी विस्तार से विचार किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी समितियों को समयबद्ध एवं समन्वित ढंग से कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं प्रतिष्ठा का प्रतीक है, इसलिए आयोजन में किसी भी स्तर पर कमी नहीं रहनी चाहिए। कुलपति प्रो. संजय कुमार ने दीक्षांत समारोह के लिए गठित सभी समितियों को प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में डीएसडब्ल्यू प्रो. डॉ. महेश्वर मिश्र, कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. बिजेंद्र कुमार, सीसीडीसी प्रो. डॉ. दिवाकर कुमार, प्रो. देवराज सुमन, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दशरथ प्रजापत, कुलानुशासक प्रो. डॉ. जयंत कुमार, उप कुलसचिव-त्र्क्र डॉ. अंशु राय, मीडिया समिति की सदस्य लेफ्टिनेंट डॉ. प्रियवंदा शर्मा, लेफ्टिनेंट डॉ. नेहा कुमारी, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. स्मृति कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लहलहाती सब्जी की फसल काटने का आरोप

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के रजाकपुर गांव में लगभग दो बीघे भूमि में लगी सब्जी की तैयार फसल को काटकर नष्ट कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना से आहत किसान ने नावकोठी थाना में आवेदन देकर न्याय एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रजाकपुर निवासी फुलेन साह के पुत्र विकेश कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी लगभग दो बीघे जमीन में कद्दू, झींगा, करेला, बैंगन समेत अन्य सब्जियों की लहलहाती फसल लगी हुई थी। गांव के ही बौए लाल सहनी, पिता स्नेही सहनी, अपने कुछ सहयोगियों के साथ खेत में पहुंचे और फसल को काटकर बर्बाद कर दिया। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है तथा उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है। पीड़ित किसान ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि वह आरोपी द्वारा किए जा रहे नशे के सेवन एवं उससे जुड़ी गतिविधियों का विरोध करता था।

# जमशेदपुर के सीतारामडेरा मार्ग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** लौह नगरी जमशेदपुर शहर के भालूबासा चौक से सीतारामडेरा जाने वाले मुख्य मार्ग पर आज प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे स्थित छह दुकानों को बुलडोजर से हटाया गया, जिससे स्थानीय दुकानदारों और लोगों में नाराजगी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने सड़क और सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की। बुलडोजर चलने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए तथा विरोध जताया। प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि वे पिछले करीब 50 वर्षों से यहां दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उनका आरोप है कि अचानक की गई कार्रवाई से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने पुनर्वास और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग भी उठाई।

वहीं प्रशासन का कहना है कि सड़क और सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और आम लोगों को सुविधा मिल सके। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है, लेकिन प्रभावित दुकानदारों में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर आक्रोश बना हुआ है।

# बंटवारा संबंधित लंबित मामलों का प्राथमिकता के साथ करें निष्पादन : डीएम

## किसानों का शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराने का दिया गया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**बेगूसराय।** जिले के बछवाड़ा प्रखंड सभागार में गुरुवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आपसी बंटवारा मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि आपसी बंटवारा से संबंधित मामलों के निष्पादन में होने वाली देरी कई बार पारिवारिक विवाद, सामाजिक तनाव तथा भूमि संबंधी झगड़ों का कारण बनती है। ऐसे मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा होने से अनावश्यक विवादों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। तथा आम लोगों को न्याय प्राप्ति के लिए अनावश्यक रूप से भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने सभी राजस्व कर्मियों, सरपंचों, कचहरी सचिवों एवं न्याय मित्रों को निर्देश दिया कि बंटवारा से संबंधित लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करें। प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार परीक्षण करते हुए पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था के तहत कार्रवाई की जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने दिया जाए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों के त्वरित समाधान से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा तथा प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। बैठक के दौरान फार्मर रजिस्ट्रेशन (किसान पंजीकरण) कार्य की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए तथा पंजीकरण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए किसान पंजीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है।इसलिए इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।जिला पदाधिकारी ने कहा कि समय पर बंटवारा मामलों का निष्पादन होने से भूमि संबंधी विवादों में कमी आएगी, गांवों में आपसी सौहार्द एवं सामाजिक सद्भाव बना रहेगा तथा न्याय व्यवस्था पर लोगों का भरोसा और मजबूत होगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को सरकार की प्राथमिकता वाले कार्यों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा, माननीय सरपंच, कचहरी सचिव, न्याय मित्र, राजस्व कर्मचारी तथा संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सहयोग शिविर का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित दो दिवसीय प्रखंड सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर के अंतिम दिन सभी प्रखंडों में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागीय पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का पंजीकरण करते हुए उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बछवाड़ा प्रखंड में आयोजित प्रखंड सहयोग शिविर सह जनकल्याण शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। शिविर में उपस्थित आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित सहयोग शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। इस प्रकार के शिविर प्रशासन और आमजन के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। जिससे जनसमस्याओं के निराकरण में तेजी आई है।निरीक्षण के दौरान प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। प्रशासन द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि लोगों को समयबद्ध एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# एक शाम शहीदों के नाम को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** अनुमंडल सभागार में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले झंडा दिवस कोष के लिए धन संग्रह अभियान के तहत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) सन्नी कुमार सौरव ने की। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। एसडीएम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झंडा दिवस कोष में धन संग्रह के उद्देश्य से उच्च विद्यालय शकरपुरा के प्रांगण में 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याणार्थ समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों से अवगत करा दिया गया है। कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी बखरी बीडीओ कुमार मुकेश एवं सीओ राकेश कुमार चौधरी को सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में कलाकारों के आगमन एवं प्रस्थान, मंच एवं कार्यक्रम स्थल की सजावट, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा भोजन सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएंगी। एसडीएम ने बताया कि राजधानी पटना से आने वाली कलाकारों की टीम देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देगी। कार्यक्रम 21 जून को शाम 5 बजे से शुरू होकर रात करीब 10 बजे तक चलेगा। इस दौरान देशभक्ति गीतों एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। बैठक में डीसीएलआर ललित कुमार सिंह, बीडीओ कुमार मुकेश, सीओ राकेश कुमार चौधरी, बीपीआरओ कुमार सानू सहित बखरी, गढ़पुरा एवं नावकोठी प्रखंडों के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी सिलेंडर की निर्बाध होगी आपूर्ति : डीएम

## पीएनजी कनेक्शन को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता तथा सुचारू वितरण व्यवस्था के संबंध में विभिन्न तेल एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नगर आयुक्त सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं विभिन्न तेल एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत एजेंसी थिंक गैस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कंपनी प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पिछली समीक्षा बैठक 22 मई के उपरांत अब तक 155 नए उपभोक्ताओं का निबंधन किया गया है। 81 स्थलों पर जीआई एवं मीटर इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण किया गया है तथा 411 उपभोक्ताओं को लाइव कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। जबकि 324 मामलों में कार्य लंबित है। बैठक में कंपनी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जिले के चिन्हित सैचुरेटेड क्षेत्रों में लगभग 748 उपभोक्ताओं द्वारा पीएनजी कनेक्शन हेतु निबंधन कराने से इनकार किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पीएनजी कनेक्शन के लाभ, सुरक्षा मानकों एवं इसकी उपयोगिता से संबंधित पंपलेट एवं बैनर संबंधित उपभोक्ताओं के घरों पर लगाए जाएं। साथ ही नगर आयुक्त एवं जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी को स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा समाचार माध्यमों के सहयोग से व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित करने का निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि गैस पाइपलाइन बिछाने के क्रम में सड़क कटिंग एवं पुनः भराई (फिलिंग) के कार्य में अत्यधिक समय लगने से आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क की खुदाई से लेकर उसके पुनर्स्थापन तक की पूरी प्रक्रिया अधिकतम 10 से 12 दिनों के भीतर पूर्ण की जाए तथा किसी भी परिस्थिति में अनावश्यक विलंब न होने पाए। जिलाधिकारी ने सभी तेल कंपनियों से अनुरोध किया कि सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए किसानों, अस्पतालों, विद्यालयों, होटलों, निजी संस्थानों तथा आम नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि कृषि कार्य, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य आवश्यक गतिविधियां प्रभावित न हों।

# महिला के साथ गैंगरेप में पांच पर मुकदमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** चकिया थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म में आरोपियों ने हैवानियत की सारी हदें पार करने वाली घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता के अनुसार घटना 11 जून की देर रात की है। वह शौच के लिए घर से बाहर निकली थी तभी तीन से अधिक लोगों ने उसे पकड़ लिया। मुंह बांध दिया और कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद 12 जून को महिला को इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां तीन दिनों तक उसका उपचार चला। 15 जून को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह घर लौट गई। इस पूरे मामले की जांच पुलिस और चिकित्सकीय टीम द्वारा की जा रही है। घटना को लेकर पीड़िता के पति ने चकिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने रामू महतो, सूरज कुमार और नीतीश महतो को नामजद आरोपी बनाते हुए दो अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया है। डीएसपी दुर्गा शक्ति ने बताया कि तीन नामजद एवं दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना की सूचना देने वे पहले चकिया थाना पहुंचे थे। लेकिन उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। हालांकि बाद में मेडिकल जांच और पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने स्वयं संज्ञान लिया। एसपी सदर अस्पताल पहुंचे और सिविल सर्जन तथा चिकित्सकों से पूरे मामले की जानकारी ली। उनके निर्देश पर सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडे और डीएसपी-2 दुर्गा शक्ति भी अस्पताल पहुंचे तथा पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी प्राप्त की। सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडे ने बताया कि पीड़िता द्वारा लगाए गए आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट, फॉरेंसिक जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी स्तर पर पुलिस की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मेडिकल एवं फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी। इसलिए जांच पूरी होने तक सभी आरोपों और दावों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एक करोड़ रोजगार और...

से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, ताकि वे देश और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में बताते हुए कहा कि बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है। राज्य सरकार अपराधमुक्त और भयमुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सीधे कार्य कर रहा है। उन्होंने राज्य में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पीएम सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक घरों में सौर ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है जिससे लोगों के बिजली खर्च में कमी आएगी और स्वच्छ ऊर्ज़ा का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से विकसित भारत के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता के सहयोग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र तथा बिहार समृद्ध राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

# मुहर्रम में भारी संख्या में पुलिस बल रहेगा तैनात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तेघड़ा।** मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजीत की गई जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष इंस क्रांति रमन ने की। बैठक में प्रखण्ड क्षेत्र के सभी जुलूस लाइसेंसधारी, नगर पर्षद, सहित समाजिक कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। बैठक में लोगो ने पर्व के अवसर पर जुलूस को लेकर रुट निर्धारण, रास्ते मे होने वाली समस्या, तथा पहलाम के समय पुलिस बल की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष क्रांति रमन ने डीजे को पूर्णतया प्रतिबंधित बताया। किसी भी प्रकार का हथियार, हुड़दंग एवम प्रतिबंधित प्रदर्शन पर पुलिस की रहेगी निगरानी। साथ ही जुलूस लाइसेंसधारी से कहा कि अपने वोलेन्टियर को तजिया जुलूस में सक्रिय रखे। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की भरपूर व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर मुख्य पार्षद पति कन्हैया सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुधीर सिंह अरविंद कुमार पूर्व मुख्य पार्षद अब्दुस समद, सुशील केजरीवाल, वार्ड पार्षद शाहिन अख्तर उर्फ़ राजा सहित दर्जनों समाजिक एवं राजनितिक कार्यकर्ता शामिल थे।

# सीमेंट गिट्टी लोड ट्रैक्टर ट्राली पलटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र स्थित अतरुआ पुल के पास बने हाइट गेज के बग़ल से निकलने के दौरान लोड ट्रैक्टर का ट्राली पलटी, सीमेंट गिट्टी बलान नदी में समाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाइट गेज के बग़ल में छोटे से जगह से होकर लोड ट्रैक्टर ट्राली, पिककप आदि गुजरते रहते हैं,जो थोड़ा भी संतुलन बिगड़ने पर वाहन नदी में समा सकती है। बावजूद इसके वाहन चालक पुरी रिस्क के साथ बग़ल से वाहन को निकालते देखे जाते हैं जो बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। गुरुवार को गिट्टी सिमेंट लोड ट्रैक्टर ट्राली तेघड़ा की ओर से बनवारीपुर की ओर सुबह में हाइट गेज के बग़ल से निकल रही थी तभी ट्राली पुल के सड़क के बग़ल में पलट गई। इंजन सड़क पर चढ़ चुका था तथा चालक खलासी सही-सलामत बच गया लेकिन ट्राली में लोड 35 बोरा सीमेंट व गिट्टी नदी में गिर कर समा गया। विदित हो कि उक्त पुल वर्षों से जर्जर है जिसके कारण बग़ल में दूसरा पुल बन रहा है। उक्त पुल मात्र 15-20 वर्ष में ही

# सहयोग सह जन कल्याण शिविर में उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड मुख्यालय नावकोठी में गुरुवार को दूसरे दिन भी सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की। स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने शिविर का घूम कर सभी स्टॉल का जायजा लिया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद, वृद्धावस्था पेंशन, आवास योजना, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायतें दर्ज कराईं। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया, जबकि अन्य आवेदनों के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया। आज के शिविर में सामाजिक सुरक्षा से 45 आवेदन आए। जिसमें आवेदक के द्वारा दो महीने से पेंशन का भुगतान नहीं होने की शिकायत की गई। इस तरह जीविका में सात आवेदन आए। जिसमें समूह से पैसा निकासी हेतु लिकेज से संबंधित मामला है। कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग, सहकारिता विभाग, आईसीडीएस विभाग, स्वास्थ्य विभाग में भी आवेदन आए जिनका त्वरित निष्पादन किया गया। शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में संतोष एवं उत्साह देखा गया। लेकिन भीषण गर्मी के कारण आम जनों का भीड़ कम देखने को मिला। शिविर में बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, बीपीआरओ जितेंद्र कुमार, जिला उद्योग, बेगूसराय राहुल कुमार, डीआरसीसी बेगूसराय से शक्तिधर, बीपीएम मनोरंजन कुमार, एल एस शालिनी कुमारी, कृष्णा कुमारी स्वास्थ्य विभाग सीएच ओ राजा, सूर्य भूषण, रॉबिनस, एएनएम रेनू, मनीषा, सावित्री, सोनू कुमार, रवि कुमार, सुरेश, अभिषेक कुमार, प्रवीण कुमार, स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, उप प्रमुख नंदकिशोर पासवान, राजीव कुमार सहित कई फरियादी मौजूद थे।

# नशा से दूर रहने का लिया गया संकल्प

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को नावकोठी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय परिसर में नशा मुक्ति को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रखंड एवं अंचल के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों ने नशा से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। शपथ में सभी ने किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने, अपने परिवार एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशा उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रभारी वीडियो सह अंचलाधिकारी सूरज कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है। इससे सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में बीपीआर ओ जितेंद्र कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा, आर ओ लवली कुमारी, विभाकर कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, स्वास्थ्य कर्मी, सीएच ओ राजा, सूर्य भूषण, एएनएम, सोनू कुमार सुबोध कुमार, प्रखंड एवं अंचल सहित सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प दोहराया।

**बैठक : मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त ने जिला स्तरीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति की बैठक में विभिन्न कंपनियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की।

# भूमि विवाद में जानलेवा हमला

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के नावकोठी गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला की पहचान नावकोठी निवासी मो. संजर की पत्नी हसमती खातुन के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय भेज दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना को लेकर पीड़िता ने नावकोठी थाने में लिखित आवेदन देकर गांव के ही मो. नाथों, जमीला खातुन सहित सात लोगों को नामजद किया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि आरोपितों ने जानलेवा हमला करने, इज्जत लूटने का प्रयास करने तथा करीब 45 हजार रुपये मूल्य के जेवरात लूट लेने की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है तथा पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

**(जिला शिक्षा कार्यालय)**

कार्यालय ज्ञापांक 197 दिनांक 10.06.2026 द्वारा प्रेषित सूचना के आलोक में PR. No. 005525 (District) 2026-27 द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 18.06.2026 के अप0 03:00 बजे तक निर्धारित था। अपरिहार्य कारणों से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि को दिनांक 22.06.2026 के अप0 03:00 बजे तक विस्तारित किया जाता है तथा तदनुसार निविदा खुलने की तिथि एवं समय को दिनांक 22.06.2026 के अप0 03:30 बजे पुनः निर्धारित किया जाता है। इस क्रम में निविदा की शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,**
**मा0 शि0 एवं साक्षरता, औरंगाबाद**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 006169 (District) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 (नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी) द्वारा सियालदह मंडल के काशीपुर रोड गुड्स में वर्तमान रेलवे निर्मित गोदामों का जीर्णोद्धार, परिचालन एवं रखरखाव के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी कैटलॉग प्रकाशित की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:- **नीलामी कैटलॉग संख्या:** गोडाउन-जून-1। **नीलामी शुरू:** 01.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **क्र.सं.; एसईक्यू संख्या** एवं **लॉट संख्या** का विवरण निम्नानुसार हैं: **1**; एए/1; एमएसएस-एसडीएएच-सीईडी-एसटीजीईएन-112-26-1। **2**; एए/2; एमएसएस-एसडीएएच-सीईडी-एसटीजीईएन-111-26-1। **3**; एए/3; एमएसएस-एसडीएएच-सीईडी-एसटीजीईएन-114-26-1। **4** ; एए/4; एमएसएस-एसडीएएच-सीईडी-एसटीजीईएन-113-26-1 **स्टेशन:** काशीपुर रोड गुड्स (क्र.सं. 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे तत्पश्चात विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी मॉड्यूल देखें। (SDAH-86/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway eastenrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: 24-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक: 17.06.2026 के तहत ई-निविदा आमंत्रण।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल: सीतारामपुर-झाझा मेन लाइन तथा मधुपुर-गिरिडीह तथा जसीडीह-बैद्यनाथ धाम शाखा लाइन में समपार सड़क सतह का सुधार सहित पुराने, जीर्ण-शीर्ण गेट लॉज की बदली सहित एसओडी बाधा को दूर करने के लिए नए गेट लॉज के निर्माण द्वारा गेट लॉज का स्थानांतरण। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,29,85,681.59। **बयाना राशि:** ₹ 2,59,700। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 18 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.07.2026 को दोपहर 2.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **https://www.ireps.gov.in**। (ASN-143/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# युवा उद्यमी नितेश कुमार बने नई पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत, दर्जनों लोगों को दिया रोजगार

## बिहार की धरती पर खड़ा किया अपना उद्योग | 'कैचेस मसाले' की सफलता की गूंज बिहार से झारखंड तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बारून(औरंगाबाद)।** बिहार के युवाओं के सामने अक्सर यह प्रश्न खड़ा होता है कि बेहतर भविष्य की तलाश में महानगरों की ओर पलायन किया जाए या अपनी मिट्टी में ही अवसरों की खोज की जाए। रोहतास जिले के युवा उद्यमी नितेश कुमार ने इस सवाल का ऐसा जवाब दिया है, जो आज हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन चुका है। अपने साहस, दूरदृष्टि और मेहनत के बल पर उन्होंने न केवल स्वयं सफलता की नई इबारत लिखी है, बल्कि दर्जनों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित किए हैं। सिर्फ 37 वर्ष की आयु में नितेश कुमार ने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो बिहार की धरती पर भी उद्योगों की सफल कहानियां लिखी जा सकती हैं। उनकी स्थापित मसाला कंपनी ''कैचेस मसाले'' आज दक्षिण बिहार और झारखंड के कई जिलों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी है। शुद्धता, स्वच्छता और गुणवत्ता को आधार बनाकर तैयार किए जा रहे उनके उत्पाद बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं और उपभोक्ताओं का विश्वास जीत रहे हैं। नितेश कुमार की सफलता की यह यात्रा वर्ष 2022 में शुरू हुई। इससे पहले वे देश की विभिन्न महानगरों में स्थापित प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्यरत थे। बेहतर करियर और आकर्षक अवसरों के बावजूद उनके मन में अपनी मिट्टी के लिए कुछ करने का सपना लगातार आकार ले रहा था। अंततः उन्होंने महानगरों की नौकरी छोड़कर अपने गांव लौटने और स्वयं का उद्योग स्थापित करने का निर्णय लिया। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से वर्ष 2012 में बीसीए की डिग्री प्राप्त करने वाले नितेश कुमार ने वर्ष 2022 में 'कैचेस मसाले' के नाम से अपने उद्यम का पंजीकरण कराया। आवश्यक तैयारियों और आधुनिक उत्पादन व्यवस्था विकसित करने के बाद वर्ष 2024 से बारून प्रखंड के सिन्दुरिया के निकट स्थापित अपने मसाला उद्योग से उन्होंने उत्पादन कार्य प्रारंभ किया। बहुत कम समय में उनके उत्पादों ने बाजार में अपनी अलग पहचान बना ली। आज कैचेस मसाले के उत्पाद गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, भोजपुर, बक्सर और अरवल समेत दक्षिण बिहार के अनेक जिलों में उपलब्ध हैं। इसके अलावा झारखंड के पलामू, जमशेदपुर, हजारीबाग सहित कई क्षेत्रों में भी इनकी मजबूत उपस्थिति दर्ज हो चुकी है। उपभोक्ताओं के बीच इन मसालों की बढ़ती लोकप्रियता का मुख्य कारण उनकी शुद्धता, बेहतर गुणवत्ता और स्वच्छ उत्पादन प्रक्रिया मानी जा रही है।



नितेश कुमार की उपलब्धियों को कृषि क्षेत्र में भी सराहना मिली है। उनके उत्पादों को बिहार सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न कृषि मेलों तथा नारायण कृषि महाविद्यालय की प्रदर्शनियों में कई बार प्रदर्शित किया गया है। इन आयोजनों में उनके उत्पादों को सम्मान और पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं, जिससे उनके ब्रांड की विश्वसनीयता को और मजबूत किया है। विशेष बात यह है कि जिस दक्षिण बिहार क्षेत्र को आज भी औद्योगिक दृष्टि से अपेक्षाकृत कम विकसित माना जाता है, वहीं से नितेश कुमार ने सफलता का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जो युवाओं के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि सोच और प्रयास की कमी विकास में बाधा बनती है। उनकी कंपनी में आज कई दर्जन कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त होलसेलर, डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर और रिटेलर का एक व्यापक नेटवर्क भी उनके व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को उनके उद्यम से आर्थिक लाभ मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन का यह मॉडल स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। अपनी सफलता के बारे में नितेश कुमार कहते हैं कि बिहार के युवाओं को अपनी जड़ों और अपनी मिट्टी में छिपी संभावनाओं को पहचानना चाहिए। उनके अनुसार उन्होंने भी यही किया। दिल्ली सहित कई महानगरों में कार्य करने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि उनका वास्तविक भविष्य अपने गांव और अपने राज्य में ही है। यही सोच उन्हें वापस अपनी धरती पर ले आई। नितेश बताते हैं कि औरंगाबाद, रोहतास और आसपास का इलाका कृषि उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने स्थानीय परिस्थितियों और बाजार की संभावनाओं का गहन अध्ययन किया और महसूस किया कि कृषि एवं मसालों से जुड़ा उद्योग यहां बेहतर परिणाम दे सकता है। उनका यह आकलन आज पूरी तरह सही साबित हो चुका है। आज नितेश कुमार केवल एक सफल उद्यमी नहीं हैं, बल्कि वे उस नई सोच के प्रतिनिधि बन चुके हैं जो बिहार के युवाओं को आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग का संदेश देती है। उनकी कहानी यह बताती है कि यदि सपनों के साथ मेहनत और दूरदृष्टि जुड़ जाए तो गांव की पगडंडियों से निकलकर भी सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है। बिहार में उद्यमिता की नई लहर के बीच नितेश कुमार का नाम उन युवाओं में शामिल हो गया है जिन्होंने अपनी मेहनत से न केवल खुद की पहचान बनाई बल्कि समाज और क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक जीवंत उदाहरण है।

# निबंधन प्रक्रिया को बनाएं अधिक पारदर्शी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग अंतर्गत निबंधन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य स्तर पर निबंधन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सरल, तकनीक आधारित एवं नागरिक सुविधा उन्मुख बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रस्तावों एवं सुधारात्मक उपायों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भूमि के न्यूनतम प्राक्कलित मूल्य (एमवीआर) के पुनरीक्षण से संबंधित प्रस्तावों की जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान एमवीआर में 1.6 गुणा तथा शहरी एवं पेरिफ़ेरल क्षेत्रों में 2.0 गुणा वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही प्रत्येक वित्तीय वर्ष में स्वतः 5 प्रतिशत वृद्धि तथा प्रत्येक तीन वर्ष पर विस्तृत पुनरीक्षण की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। मुख्य सचिव द्वारा बैठक के दौरान स्टाम्प शुल्क संबंधी प्रस्तावों की जानकारी दी गई जिसके अनुसार सामान्य स्टाम्प दर में 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत किए जाने तथा महिलाओं को



दस्तावेज निबंधन में स्टाम्प शुल्क पर दी जाने वाली विशेष छूट को 0.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.4 प्रतिशत किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। मुख्य सचिव द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सभी जिलों में जिला मूल्यांकन समिति की समीक्षात्मक बैठक 19 जून को अनिवार्य रूप से आयोजित कर प्रस्तावित संशोधनों के अनुरूप कार्रवाई प्रारंभ की जाए तथा उसकी अद्यतन स्थिति विभाग को उपलब्ध कराई जाए। बैठक में नागरिक सुविधा एवं डिजिटल निबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पात्र व्यक्तियों के लिए होम रजिस्ट्रेशन सुविधा उपलब्ध कराने, निबंधन पूर्व भूमि संबंधी आधिकारिक जानकारी उपलब्ध कराने तथा पेपरलेस निबंधन व्यवस्था लागू करने की दिशा में कार्य करने पर बल दिया गया। मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि नई निबंधन व्यवस्था के क्रियान्वयन में तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा सभी संबंधित पदाधिकारी निर्धारित समय-सीमा के भीतर तैयारियां पूर्ण करें ताकि आम नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि तकनीक आधारित इस नई व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर आवश्यक समन्वय एवं तैयारी सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में निबंधन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तकनीक-सक्षम एवं नागरिक हितैषी बनाने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य मामलों में 24 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 69 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 24 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एनडीपीएस एक्ट में 1, रंगदारी में 1, हत्या प्रयास में 1, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 15 तथा अन्य मामलों में 51 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 18 लीटर देसी एवं 1.50 लीटर विदेशी शराब, 7.2 किलोग्राम गांजा, 1 स्कूटी, 1 ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1209 वाहनों की जांच की गई जिसमें 33000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 39 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, पहले भी जा चुका है जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध जम्होर पुलिस ने कार्रवाई के फलस्वरूप 7.2 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए तस्कर की पहचान भोजपुर जिले के उदवन्तनगर थाना क्षेत्र के नवादा वेन गांव निवासी 59 वर्षीय गुप्तेश्वर प्रसाद के रूप में की गई है। इस संबध में देर शाम मद्यनिषेध एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, पटना के पदाधिकारियों के द्वारा जम्होर थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता को सूचना मिली कि जम्होर रेलवे गुमटी के पास एक व्यक्ति बैंग एवं झोला में अवैध मादक पदार्थ लेकर जा रहा है जिसके आलोक में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम के द्वारा थानान्तर्गत रेलवे गुमटी के पास पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा जिसे बाबा सिद्धनाथ मंदिर के पास से पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। तत्पश्चात पकड़ाये व्यक्ति के झोला कि विधिवत तालाशी कि गई जिसमें 3.6 किलोग्राम गांजा का दो पैकेट (कुल-7.2 किलोग्राम) बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ में तस्कर ने अपना अपराध स्वीकार किया है। इसका अपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरुद्ध सासाराम में अपराधिक मामले दर्ज है जिसमें गांजा तस्करी और हत्या प्रयास मामले में जेल जा चुका है। आवश्यक कार्रवाई के बाद तस्कर को जेल भेज दिया गया।

# केंद्रीय जल आयोग की टीम ने किया उत्तर कोयल नहर के रिमॉडलिंग कार्यों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा(औरंगाबाद)।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की टीम ने गुरुवार को बिहार प्रभाग (पोरसन) में पैकेज नंबर 11 उत्तर कोयल नहर के अंतिम छोर से लेकर झारखंड प्रभाग के 103आरडी (पैकेज नंबर 3) तक चल रहे रिमॉडलिंग कार्यों का निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में पहुंची इस उच्चस्तरीय टीम में सीडब्ल्यूसी दिल्ली के डायरेक्टर आनंद कुमार, बिहार के डायरेक्टर संदीप कुमार, वाप्कोस के महाप्रबंधक अमित गुप्ता और वाप्कोस के प्रोजेक्ट मैनेजर आरके सिंह मुख्य रूप से शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नहर की लाइनिंग, पुल-पुलिया, क्रॉस रेगुलेटर (सीआर) और हेड रेगुलेटर (एचआर) गेट सहित सभी प्रकार की निर्मित संरचनाओं का बारीकी से जायजा लिया। आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने रिमॉडलिंग कार्य की गति में तेजी लाने का कड़ा निर्देश दिया। टीम ने



चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों की क्वालिटी (गुणवत्ता) और क्वांटिटी (मात्रा) से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक तरफ जहां अधिकारी कार्यों में तेजी लाने की बात कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ मुख्य नहर के 151 आरडी से 168 आरडी के बीच तकरीबन एक किलोमीटर के दायरे में निर्माण के तुरंत बाद ही लाइनिंग ध्वस्त हो गई है। इतनी जल्दी लाइनिंग टूटने से कार्य की साख पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय किसानों ने इस क्षतिग्रस्त हिस्से को देखकर निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता पर गहरा आक्रोश जताया है और मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# सीबीएस अपग्रेडेशन के कारण पांच दिनों तक बाधित रहेंगी बैंकिंग सेवाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला कॉपरेटिव बैंक के ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। दी औरंगाबाद डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, औरंगाबाद द्वारा अपने कोर बैंकिंग सिस्टम के अपग्रेडेशन कार्य के चलते 18 से 22 जून तक कई बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। बैंक के प्रबंध निदेशक सौरभ कुमार के अनुसार बैंक के फिनैकल 10.02.25 संस्करण में निर्धारित सीबीएस अपग्रेडेशन प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। बैंक अधिकारी ने बताया कि यह तकनीकी उन्नयन बैंकिंग व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाने के साथ-साथ ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। अपग्रेडेशन अवधि के दौरान बैंक मुख्यालय सहित औरंगाबाद, बारून, नवीनगर, कुटुंबा, देव, मदनपुर, रफीगंज, गोह, हसपुरा, दाउदनगर एवं ओबरा शाखाओं में जमा-निकासी, आरटीजीएस, एनईएफटी, ई-कोर्ट तथा निबंधन कार्यालय से संबंधित बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। इससे ग्राहकों को लेन-देन में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। बैंक प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपग्रेडेशन का कार्य पूरा होते ही 23 जून से सभी बैंकिंग सेवाएं सामान्य रूप से शुरू कर दी जायेंगी। ग्राहकों से अपील की गई है कि वे अपग्रेडेशन प्रक्रिया में सहयोग करें। बैंक अधिकारियों के अनुसार यह तकनीकी उन्नयन भविष्य में ग्राहकों को अधिक तेज, सुरक्षित और बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# एस सिन्हा कालेज में श्रद्धापूर्वक याद किये गए बिहार विभूति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के छात्रावास में बिहार विभूति, बिहार के प्रथम उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री, प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी तथा जननायक डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा, छात्रावास अधीक्षक अमित कुमार, सहायक प्राध्यापक बहादुर भीम कुमार सिंह, शशिकांत कुमार, सोनू सिंह तथा छात्र-छात्राओं ने उनके प्रति श्रद्धासुमन



अर्पित किए। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा सहित वक्ताओं ने डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह के जीवन, संघर्ष, सादगी, ईमानदारी और बिहार के विकास में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके आदर्श आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से अवगत कराते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। छात्रावास के विद्यार्थियों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्रावास के सभी छात्र, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी मामले में आठ लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा(औरंगाबाद)।** बिजली विभाग द्वारा विद्युत ऊर्ज़ा चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रिसियप थाना क्षेत्र में छापेमारी कर आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सहायक विद्युत अभियंता राहुल कुमार एवं कनीय विद्युत अभियंता प्रिय कंचन कुमार निराला के नेतृत्व में गठित टीम ने रिसियप थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी की। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार दुधार गांव स्थित एक औद्योगिक परिसर में कार्तिक तिवारी को मीटर के साथ छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। उनके खिलाफ 89,733 रुपये की राजस्व क्षति का आकलन किया गया है। वहीं बैरांव पंचायत के चंदेल बिगहा निवासी अक्षय पासवान पर 16,928 रुपये की क्षति का आरोप है। देवी नेउरा गांव के श्रवण कुमार और अजय यादव पर 29,838-29,838 रुपये तथा चांदचौरा गांव के देवनंद पासवान, राजाराम रविदास, गोपाल किशोर सिंह और महेश सिंह चंद्रवंशी पर क्रमशः 27,618 रुपये, 27,618 रुपये, 29,614 रुपये और 29,614 रुपये की राजस्व क्षति का आकलन किया गया है। बिजली विभाग की शिकायत पर रिसियप थाना में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# राजद नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** निर्धारित स्थल के बजाय अन्य स्थान पर धरना-प्रदर्शन करने के आरोप में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनिल कुमार यादव उर्फ टाइगर के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह धरना-प्रदर्शन बेरोजगारी, महंगाई और अन्य जनसरोकार के मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। जानकारी के अनुसार राजद नेता ने 17 जून को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त की थी। प्रशासन द्वारा धरना के लिए शहर के दानी बिगहा बस स्टैंड के पास स्थित खाली मैदान को निर्धारित किया गया था। आरोप है कि अनुमति मिलने के बावजूद धरना निर्धारित स्थल पर आयोजित नहीं कर एसडीओ कार्यालय के समीप किया गया। यह प्राथमिकी तकनीकी सहायक अमन कुमार के आवेदन पर दर्ज किया गया है।

# जिला कांग्रेस का धरना सह पैदल मार्च कल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पूर्व विधायक आवास सह जिला कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनंद शंकर सिह ने की। बैठक का उद्देश्य युवाओं का भविष्य लगातार प्रतियोगिता परीक्षा के हो रहे प्रश्न पत्र लिक, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बढ़ती हुई महंगाई एवं अपराध पर परिचर्चा मुख्य विषय रहा। जिले के सभी प्रखंडों से आए हुए प्रखंड अध्यक्षों एवं कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया। साथ ही अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। तत्पश्चात यह



निर्णय लिया गया कि 20 जून को एक दिवसीय धरना सह पैदल मार्च आयोजित कर जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाए ताकि जन-जन की परेशानी, बहरी सरकार के कानों तक पहुंचे। धरना दानी बिगहा बस स्टैंड के समीप आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बहरी सरकार तक अपनी आवाज को पहुंचाएं। इस मौके पर वरीय कांग्रेसी नेता अरविद शर्मा, शैलेंद्र दुबे, धर्मेंद्र कुमार, जिला युवा अध्यक्ष अजय कुमार सिह, सुजीत कुमार सिह, रफीगंज अध्यक्ष संतन सिह, नवीनगर अध्यक्ष श्याम बिहारी सिह, प्रदीप सिह, जम्होर अध्यक्ष नसीम अख्तर, संजीव कुमार सिह, मदनपुर अध्यक्ष शत्रुधन सिह, गोह अध्यक्ष संजय कुमार सिह, दाउदनगर अध्यक्ष अजीम खान, मृत्युंजय सिह, मिथिलेश कुमार, रामेश्वर सिह, विकास कुमार सिह, मनोज पांडेय, बृजकिशोर सिह सहित मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

